ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 15 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 101 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



क्यों देशभक्ति वाली फिल्में हर जगह पसंद ... पेज 12 पर




# आज नक्सली बंद

## उत्तर भारत बंद को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाकपा माओवादियों ने 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत में बंद का ऐलान किया है। रविवार आधी रात से नक्सलियों की बंदी शुरू हो जाएगी। नक्सलियों के बंद को देखते हुए पूरे झारखंड में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से नक्सल प्रभावित जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है।

### सुरक्षा कड़ी, अलर्ट पर पुलिस

**नक्सलियों** का बंद रविवार की आधी रात से शुरू हो जाएगा। बंद को लेकर रेलवे और झारखंड पुलिस सतर्क हो गई है। झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के एसपी को विशेष सतर्कता बरतने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय ने पूर्व में ही नक्सल प्रभावित जिले के सभी एसपी को अलर्ट रहने और अति संवेदनशील क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया था। इस निर्देश के बाद झारखंड के लोहरदगा, चतरा, लातेहार, चाईबासा, खूंटी, पलामू और गढ़वा में विशेष चौकसी बरती जा रही है। इन जिलों के एसपी के द्वारा सभी जवानों को चौकस रहने के साथ-साथ अति संवेदनशील इलाकों में गश्ती तेज करने का निर्देश दिया गया है। खुफिया विभाग को सूचना मिली है कि बंद के दौरान माओवादियों के द्वारा पुलिस बलों पर हमला करने की साजिश रची गई है। राज्य पुलिस की विशेष शाखा के स्पेशल इंटेलीजेंस ब्यूरो (एसआईबी) के एसपी ने पूरे मामले में राज्य के सभी जिलों के एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश भी दिया है।

### नक्सलियों के ट्रैप से बचना जरूरी

**खुफिया** विभाग ने झारखंड पुलिस को नक्सलियों के ट्रैप को लेकर भी सतर्क किया है। हाल के दिनों में झारखंड पुलिस और केंद्रीय बलों के सहयोग से चलाए गए ऑपरेशन की वजह से नक्सली बैकफुट पर हैं। ऐसे में उनकी कोशिश रहेगी कि बंद के दौरान वे कोई झूठी अफवाह फैलाकर सुरक्षाबलों को ट्रैप करें और उन पर हमला करें। ऐसे में खुफिया विभाग की तरफ से अलर्ट जारी किया गया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से यह भी निर्देश दिया गया है कि जहां-जहां नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। किसी तरह की वारदात या घटना की जानकारी मिलती है तो पहले घटना की पुष्टि करें और उसके बाद पूरी सुरक्षा के बाद ही वारदात स्थल पर जवान जाएं।

## आहार पोर्टल में छेड़छाड़ का मामला

# आईडी, पासवर्ड व ओटीपी किसी से शेयर न करें



### अनाज लूट की साजिश- आहार पोर्टल में छेड़छाड़ कर विशेष रूप से कमजोर जनजातियों में लाभुको में नाम जोड़ा

### सीआईडी की साइबर क्राइम शाखा करेगी जांच

### पुलिस मुख्यालय ने जारी किया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और झारखंड राज्य खाद्य योजना के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के अनाज की लूट के लिए आहार पोर्टल में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आहर पोर्टल में अच्छादित लाभुकों में से कई गैर पीवीटीजी लाभुकों को पीवीटीजी श्रेणी में डाल दिया गया है। इस परिवर्तन की जांच को लेकर राज्य की सरकार गंभीर है। जिसके बाद राज्य सरकार ने पुलिस मुख्यालय से साइबर अपराध के पहलुओं पर जांच का आदेश दिया था। इस मामले में अब सीआईडी ने जांच शुरू कर दी है। राज्य में राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू होने के बाद पीवीटीजी परिवारों को खाद्यान पैकेट उनके निवास तक मुफ्त पहुंचाया जाता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित लाभुकों के लिए अनुदानित दर पर अनाज उपलब्ध कराने के लिए जनवरी 2021 से झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम भी लागू किया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम से लाभुकों का स्थानांतरण होना है, जिसमें सबसे पहले शिफ्टिंग पीवीटीजी ग्रूप की होगी। इसके लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को लॉगिन आईडी दी गई है, ताकि पीवीटीवी की पहचान के लिए सत्यपान करा सकें।

### क्या हुई गड़बड़ी

**योजना** की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि पूर्वी सिंहभूम जिला में 1199, गिरिडीह जिला में 2577, गुमला जिला में 1938, हजारीबाग जिला में 1014 और लोहरदगा जिला में 1045 राशनकार्ड को बिना कोई दस्तावेज के लिए शिफ्टिंग में प्राथमिकता का लाभ पहुंचाते हुए पीवीटीजी श्रेणी में परिवर्तित कर दिया गया। इस संबंध में जब जिला के डीसी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगी गई तब पता चला कि रात आठ बजे के बाद डीएसओ लॉगिन का दुरूपयोग करते हुए बड़ी संख्या में एक साथ कास्ट चेंज किया गया।

### क्यों गंभीर है मामला, साइबर जालसाजी के संदेश

**पूरे** मामले में साइबर अपराधियों के द्वारा जालसाजी का भी अंदेशा है। एनआईसी से जब सरकार ने इस विषय में जानकारी मांगी तब एनआईसी की तरफ से जवाब आया कि पोर्टल में लॉगिन के लिए 10 आईडी, पासवर्ड, ओटीपी आवश्यक है, जिसके बिना लॉगिन नहीं किया जा सकता। साफ्टवेयर द्वारा सिर्फ उपयोगकताओं का लॉगिन आईडी पता चलता है, जबकि पासवर्ड इंक्रीप्टेड रहता है, जिसे सिस्टम से डिकोड नहीं किया जा सकता। जब तक उपयोगकर्ता अपना लॉगिन आईडी, पासवर्ड और ओटीपी किसी से शेयर न करें, कोई भी व्यक्ति सिस्टम का दुरूपयोग नहीं कर सकता। सरकार ने पाया है कि इस मामले में जिलों के द्वारा एनआईसी को जबकि एनआईसी के द्वारा जिलों पर दोषारोपण किया जा रहा है। ऐसे में सीआईडी की साइबर क्राइम शाखा से जांच का निर्देश दिया गया है।

# गुमला में डबल मर्डर, टांगी से काटकर दंपती की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

पालकोट थाना क्षेत्र की डहूपानी पंचायत के बाजरा गांव में डबल मर्डर की घटना सामने आई है। रविवार को दिन के तीन बजे के करीब राजू खड़िया (45 वर्ष) और उसकी पत्नी आशा देवी (40 वर्ष) की टांगी से काटकर हत्या कर दी गयी। इस घटना को अंजाम राजू के चचेरे भाई लियुस खड़िया ने दिया है। हत्या करने के बाद लियुस गांव से फरार है। लियुस ने तीस साल पहले राजू की मां की भी हत्या कर दी थी।



### जेल से बाहर आया था लियुस खड़िया

**जानकारी** के अनुसार, लियुस हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आया था। यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।

### 26 साल से चंडीगढ़ में रह रहा था राजू

**मृतक** राजू खड़िया 26 सालों से चंडीगढ़ में रह रहा था और वहां मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। वह छह दिन पहले ही गांव आया था। राजू खड़िया व लियुस खड़िया के बीच तीन दिन पहले कुसुम के पेड़ में लाह काटने के दौरान विवाद हुआ था। इस दौरान लियुस खड़िया ने राजू को मारने के लिए दौड़ाया था। उस समय राजू ने भागकर जान बचायी थी।

# बूढ़ापहाड़ व झारखंड बिहार सीमा पर खास निगरानी : जोन आईजी

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जवानों का सीनियर अधिकारी लगातार हौसला बढ़ा रहे हैं। सितंबर 2022 से झारखंड छत्तीसगढ़ सीमा पर मौजूद बूढ़ापहाड़ के इलाके में माओवादियों के खिलाफ अभियान ऑक्टोपस चलाया जा रहा है। वहीं झारखंड बिहार सीमा पर भी लगातार माओवादियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। माओवादियों के खिलाफ इस अभियान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सीआरपीएफ के डीजी, झारखंड के डीजीपी समेत कई टॉप अधिकारी जवानों का हौसला बढ़ा चुके हैं। नक्सल विरोधी अभियान में जिन इलाकों में जवान तैनात हैं वह इलाका आबादी और नेटवर्क से काफी दूर है। जवानों के शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी निगरानी रखी जा रही है। यही वजह है कि झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के टॉप अधिकारी लगातार इलाके में जवानों के साथ बातचीत कर रहे हैं और उनके हौसला को बढ़ा रहे हैं। बूढ़ापहाड़ और झारखंड बिहार सीमा पर सीआरपीएफ झारखंड पुलिस के आईजी रैंक के अधिकारी हर सप्ताह दौरा करते हैं।

## रांची में सेना जमीन घोटाला मामला

# ईडी अब दावेदारों से अलग-अलग करेगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में हुए आर्मी जमीन घोटाला मामले में अब नया मोड़ आया है। ईडी अब उन सभी लोगों को नोटिस भेज कर पूछताछ करेगी, जो जमीन का मालिक होने का दावा कर रहे हैं। इस पूछताछ और जांच के बाद यह तय किया जाएगा कि जमीन का असली मालिक कौन है। वहीं ईडी सूत्र की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन को जब्त करेगी। वहीं सदर थाना क्षेत्र के चेशायर होम रोड में स्थित एक एकड़ की विवादित जमीन को भी ईडी जब्त करेगी। ईडी इसकी तैयारी कर रही है। अवैध तरीके से कागज बना कर जमीन घोटाला किए जाने के मामले में ईडी काफी सख्ती अपना रहा है। बताया जा रहा है कि इस मामले में केवल आरोपियों से ही नहीं बल्कि सेना के प्रतिनिधि से भी प्रवर्तन निदेशालय पूछताछ करेगी।

### 7 आरोपी जेल जा चुके हैं

इसी मामले में 13 अप्रैल को छापेमारी की गयी। जिसके बाद सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनसे लगभग 12 दिन पूछताछ की गयी। उसके बाद बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन का फर्जी विक्रेता प्रदीप बागची सहित कुल सात आरोपितों को जेल भेज दिया है।

### शिक्षाविद करमा उरांव का मेदांता अस्पताल में निधन

**रांची।** आदिवासी समाज के प्रख्यात मानवशास्त्री और शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव (72) का निधन रविवार सुबह मेदांता हॉस्पिटल में हो गया। वह बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान आईसीयू में उन्होंने अंतिम सांस ली। सरना धर्म कोड सहित झारखंड के कई मुद्दों पर वह अपना पक्ष मजबूती के रखते थे। वह मानवशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व डीन, एकीकृत बिहार में बीपीएससी के सदस्य भी थे। वे 12 से अधिक देशों का भ्रमण कर दुनिया का मार्गदर्शन कर चुके थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डॉ करमा उरांव के निधन पर गहरा दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि उनका जाना आदिवासी समाज सहित झारखंड, भारत और पूरी दुनिया के लिए अपूर्णीय क्षति है।

# रांची में 5 दिनों तक छाए रहेंगे आंशिक बादल, तापमान बढ़ेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में गर्मी से आम जन का हाल बेहाल है। बीते दस दिन से हीट वेव का असर दिख रहा है। तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, रांची में 15 मई से 20 मई तक आंशिक बादल छाये रहेंगे। राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अगले दो से तीन दिन में धीरे-धीरे (2-3) डिग्री की वृद्धि हो सकती है। वहीं 16 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा की संभावना है। 18 मई को राज्य के पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा की संभावना है। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 41.6 डिग्री डालटनगंज में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री चाईबासा में दर्ज किया गया। वहीं राजधानी का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24. 4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



# कर्नाटक के पुलिस चीफ रहे प्रवीण सूद नये सीबीआई चीफ

### नेता डीके शिवकुमार से रही है तनातनी

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

कर्नाटक के पुलिस चीफ रहे प्रवीण सूद को सीबीआई का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। प्रवीण सूद की नियुक्ति दो साल के लिए हुई है। लेकिन सरकार चाहे तो इसे पाँच साल के लिए बढ़ा सकती है। प्रवीण सूद कर्नाटक के पुलिस चीफ भी रह चुके हैं। वह सीबीआई के मौजूदा निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल पूरा हो गया है। पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय कमेटी ने दो एक के बहुमत से प्रवीण सूद का नाम फाइनल किया। इस कमेटी में पीएम मोदी, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, नेता विपक्ष लोकसभा अधीर रंजन चौधरी भी शामिल रहे। पीएम मोदी, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सूद के नाम पर सहमति जताई लेकिन अधीर रंजन ने उनके नाम का विरोध किया।कमेटी ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों को शॉर्टलिस्ट किया था। उसके बाद इन नामों को कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी के पास भेजा गया था। इस कमेटी ने सीबीआई के नए अध्यक्ष का नाम तय किया। जिन तीन नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया था, उनमें कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद, फायर सर्विस, सिविल डिफेंस और होम गार्ड्स के डीजी ताज हसन और मध्य प्रदेश के डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना का नाम शामिल था। प्रवीण सूद 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। सीबीआई के मौजूदा निदेशक सुबोध कुमार मुंबई पुलिस कमिश्नर थे और मुंबई पुलिस कमिश्नर से वह सीबीआई निदेशक बने थे। सीबीआई निदेशक का कार्यकाल दो साल का होता है लेकिन इसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है। प्रवीण सूद ऐसे समय में सीबीआई निदेशक का पद संभाल रहे हैं, जब एजेंसी कई संवेदनशील मामलों की जांच कर रही है। इनमें पेगासस स्पाईवेयर, कोरोना महामारी के दौरान चिकित्सा उपकरणों की खरीद में घोटाला जैसे मामले शामिल हैं। इनके सीबीआई चीफ बनाये जाने से यह भी चर्चा है कि डीके शिवकुमार यदि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री बनते हैं तो उनके विरूद्ध कई मामलों में नये सीबीआई चीफ कड़ी कार्रवाई करने में ज्यादे सक्षम होंगे। क्योंकि सूद जब कर्नाटक में पुलिस चीफ थे तो उन दिनों डीके शिवकुमार के विरुद्ध केंद्रीय जांच एजेंसियां और राज्य भाजपा सरकार की पुलिस लगातार पीछे पड़ी रही। अभी भी तमाम मामले चल रहे हैं। हर माह सीबीआई व ईडी तथा अन्य एजेंसियों के तमाम पत्र आते रहते हैं। जिनके जवाब देने के लिए शिवकुमार के कई कर्मचारी हर दिन लगे रहते हैं।



**चेतावनी**


## मानव भविष्य के लिए खतरा हो सकते हैं एआई आधारित रोबोट्स

# एआई के विकास को तुरंत रोकने की जरूरत

### इंसानों को कंट्रोल कर सकते हैं

### हम अपने से ज्यादा स्मार्ट कंप्यूटर बनाते हैं, तो हम निश्चित नहीं हो सकते कि आगे क्या होगा

### मस्क भी रोकना चाहते एआई का विकास



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एआई आधारित रोबोट्स को लेकर इसके कई नामी विशेषज्ञ चिंता जताने लगे हैं। इनमें से कई इसे मानव भविष्य के लिए खतरा बता रहे हैं, तो कई इससे नौकरियों में कमी होने का खतरा बता रहे हैं। अब तो एक एआई फर्म के संस्थापक इमाद मुस्ताक ने भी आगाह करते हुए कहा कि आने वाले समय में एआई रोबोट्स इंसानों को कंट्रोल कर सकते हैं। इससे पहले 1000 एक्सपर्ट के एक समूह ने एआई के डेवलपमेंट को तुरंत रोकने के लिए आगाह किया था। ब्रिटिश टेक फर्म स्टेबिलिटी एआई के संस्थापक इमाद मुस्ताक हैं। जिन्होंने स्टेबल डिफ्यूजन को लोकप्रिय बनाया। यह एक ऐसा टूल है जो ऑनलाइन फोटो बनाने में मदद करता है और टेक्स्ट इंस्ट्रक्शन और इमेज को एनालाइज करके एआई की मदद से फोटो बना सकता है। एक साक्षात्कार में तकनीकी संस्थापक मुस्ताक ने कहा, एआई को लेकर सबसे खराब स्थिति यह है कि यह बहुत ज्यादा विस्तार कर सकता है, और मूल रूप से यह मानवता को कंट्रोल कर करता है। उन्होंने कहा कि यह भयानक लगता है। लेकिन जोखिम की ओर इशारा करने वाला वह अकेला नहीं है, कि अगर हम अपने से ज्यादा स्मार्ट कंप्यूटर बनाते हैं तो हम निश्चित नहीं हो सकते कि आगे क्या होगा। मुस्ताक का कहना है कि उनका मानना है कि एआई 'महामारी से बड़ा आर्थिक प्रभाव होगा'। जबकि इसके भविष्य को हम तय कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह तय करना हमारे ऊपर है कि यह किस दिशा में जाता है। अरबपति व ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने हाल ही में एआई को लेकर चिंता जताते हुए इसे रोकने की मांग की थी। मस्क ने शक्तिशाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम के विकास को रोकने की चेतावनी दी है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह सुरक्षित है या नहीं। उनका मानना है कि एक समय के बाद एआई इंसानों पर हावी हो सकता है और मानव भविष्य को इससे खतरा हो सकता है।

एलन मस्क और एप्पल के को-फाउंडर स्टीव वोज्नियाक के साथ 1000 से अधिक टेक एक्सपर्ट्स ने सैन फ्रांसिस्को स्टार्टअप ओपनएआई के जीपीटी-4 के हालिया रिलीज को लेकर एक ओपन लेटर भी जारी किया था। उनका कहना था कि एआई लैब्स से कम से कम 6 महीने के लिए जीपीटी-4 से ज्यादा पावरफुल एआई सिस्टम के प्रशिक्षण को तुरंत रोक देना चाहिए।

## राजधानी में एटीएस की दबिश

# कुख्यात बाघा-इरफान गिरफ्तार भोला पांडेय गिरोह के है अपराधी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड एटीएस ने कुख्यात अपराधी बाघा और इरफान को रांची से धर दबोचा है। दोनों कुख्यात अपराधी आपसी वर्चस्व में मारे गए गैंगस्टर भोला पांडे गिरोह से ताल्लुक रखते हैं। झारखंड एटीएस की टीम को यह जानकारी मिली थी कि दोनों रांची में ही ठिकाना बनाए हुए हैं जिसके बाद एटीएस की टीम ने छापेमारी कर दोनों को धर दबोचा है। इससे पहले बाघा और इरफान की तलाश में एटीएस की टीम ने कई राज्यों में छापामारी की थी लेकिन दोनों हाथ नहीं लगे थे। छापेमारी के क्रम में एटीएस को लाखों रुपए नगद और हथियार भी मिले हैं। गौरतलब है कि गैंगस्टर भोला पांडे की हत्या गैंगवार में 2009 में ही ही हो गई थी। भोला पांडे की हत्या के बाद उसके करीबी विकास पांडे गिरोह का संचालन कर रहा। हाल के दिनों में भोला पांडे गिरोह की सक्रियता काफी बढ़ गई थी जिसके बाद भोला पांडे गिरोह पर नकेल कसने का जिम्मा एटीएस को दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार बाघा और इरफान बेहद खतरनाक अपराधी हैं दोनों शार्प शूटर के तौर पर बैंक के लिए काम किया करते हैं। एटीएस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों पहली बार गिरफ्तार हुए हैं।

# सनातन वैदिक और इस्लाम धर्म दोनों भलाई का संदेश देते हैं : शंकराचार्य




नवीन मेल संवाददाता। रांची
हिंदू मुस्लिम अगर एक दूसरे के धर्म को जान ले या समझ ले तो कोई लड़ाई नहीं हो सकता। आज लोग दूसरे धर्म तो दूर की बात अपने धर्म को भी नहीं जानना और समझना चाहते हैं। और ऐसे लोगों से शांति और भाईचारे को नुकसान पहुंच रहा है। आज जरूरत है पैगंबर मोहम्मद के बताए रास्ते पर चलने की। इस्लाम धर्म क्षमा देने का धर्म है। अल्लाह फसाद, लड़ाई झगड़ा करने वालों को पसंद नहीं करता। उक्त बातें स्वामी लक्ष्मी शंकराचार्य संस्थापक हिंदू-मुस्लिम जन एकता मंच ने कही। वह रविवार को दारुल उलूम इस्लामनगर जारी बाना पीढ़ी में पयामें इंसानियत कन्वेंशन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। स्वामी शंकराचार्य ने आगे कहा के आज जरूरत है तन के साथ मन को भी साफ रखने का। सनातन वैदिक धर्म और इस्लाम धर्म दोनों भलाई का संदेश देते हैं। वहीं ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम के महासचिव सह नदवतुल उलेमा लखनऊ के चांसलर हजरत मौलाना सैयद बिलाल हसनी नदवी ने अपनी अध्यक्षीय संबोधन में कहां के आज मानवता का संदेश के लिए हर व्यक्ति को हिंदू, मुस्लिम, सिख ईसाई को काम करना हैं। इस मुल्क में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को अगर तकलीफ होती है तो पूरे इंसानियत को तकलीफ होती है। हमारे जिंदगी से दूसरों को फायदा पहुंचे, इसके लिए काम करना है। नशाखोरी बढ़ती जा रही है। इसलिए हर एक व्यक्ति को भलाई को आम करने के लिए काम करना है। पयामे इंसानियत का मकसद गलत को गलत कहा जाए। झूठ को झूठ कहा जाए। इंसानियत का कमीशन मोहब्बत का मिशन है। आज समय कितना बदल गया कि कोई एक आदमी किसी को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहता। ऐसा क्यों हो रहा है? आइए हम सब मिलकर मोहब्बत को बांटे, नफरत को खत्म करें। इंसान को इंसान से जोड़ने का काम का नाम है पयामे इंसानियत। वहीं पंडित संजय कुमार

### इंसानियत का कमीशन मोहब्बत का मिशन है

### आज हम एक दूसरे से इतने दूर हो गए हैं कि अब लोग जुड़ना नहीं चाहते

मठ पति महान तीर्थ पुरोहित संस्कृत आचार्य ने कहा कि आज हम एक दूसरे से इतने दूर हो गए हैं कि अब लोग जुड़ना नहीं चाहते। हमें एक दूसरे से मन से जुड़ना है और एक दूसरे के लिए मिलकर काम करना है। वहीं सिख समाज से प्रोफेसर हरविंदर वीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अपने अंदर से भेदभाव को खत्म कीजिए, सब ठीक हो जाएगा। लंगर जब चलता है तो कोई नहीं जानता कि हम किस के थाली में खा रहे हैं। सिख समाज के मानने वाले सबको साथ लेकर चलते हैं। भलाई करते रहो बहते पानी की तरह, बुराई खुद ही किनारे लग जाएगी कचरे की तरह। वहीं दारुल उलूम इस्लामनगर जाड़ी बना पीढ़ी के प्रिंसिपल हजरत मौलाना जियाउल होदा इस्लाही ने अपने स्वागतिय भाषण में कहां के आइए हम सब हाथ उठाकर यह वादा करें कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सब मिलकर इंसानियत को बचाने का काम करेंगे। दारुल उलूम इस्लामनगर का दरवाजा सबके लिए खुला है। यहां के बच्चों को मानवता का पाठ पढ़ाया जाता है। झारखंड को आइडियल राज्य बनाने में मिलकर सहयोग करें। वही साझा मंच के फादर टॉम ने कहा कि आपका व्यवहार अगर अच्छा हो तो आपका हर काम आसान हो जाएगा। वहीं डॉ लक्ष्मण उरांव ने कहा कि इंसान की जिंदगी अकेले नहीं चल सकता। इसलिए एक दूसरे को साथ लेकर चले, आपकी जिंदगी अच्छी चलेगी।

### 501 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्पन्न

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बतौर मुख्य अतिथि रहे उपस्थित



खूंटी । खूंटी जिले के कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत चोलवा पतराटोली में रविवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 501 जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे और सामूहिक विवाह की रस्म अदायगी करायी । सामूहिक विवाह में सरना, ईसाई और हिन्दू धर्म के वर वधू एकसाथ एक बगीचे में सम्मिलित हुए। सभी धर्मों को उनके धार्मिक रीति-विधि के साथ विवाह कराया गया। सामूहिक विवाह में 501 विवाह जोड़ों के साथ के सैकड़ों की संख्या में परिजन भी उपस्थित रहे। खूंटी महिला मंडल समिति और फार्मर्स प्रोड्यूसर्स ग्रुप के संयुक्त प्रयास से सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान लीची का गुच्छा देकर अतिथियों का स्वागत किया गया । इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नव विवाहितों को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । श्री मुंडा ने कहा कि ये नव विवाहित जोड़े केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजना का लाभ लेकर अपनी नयी जिंदगी को खुशगवार बना सकतें हैं। श्री मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार सभी क्षेत्रों के समवेशी विकास के लिए निरंतर काम कर रही ताकि जन आकांक्षाएँ पूर्ण हो सकें ।

### बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, कहा

# आयोग गठित कर भूमि घोटाले की जांच कराये हेमंत सरकार



नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र लिखकर सिटिंग जज की अध्यक्षता में आयोग गठित कर राज्य गठन से लेकर अबतक हुए भूमि घोटाले की जांच कराने की मांग की है । उन्होने सीएम को लिखे पत्र में कहा कि मैं आपका ध्यान जमीन महाघोटाले में ईडी द्वारा किये जा रहे मनी लॉड्रिंग की जांच आगे बढ़ने से सामने आ रही हैरान करने वाली जानकारियाँ की ओर आकृष्ट कराना चाहूंगा। झारखण्ड राज्य में अब यह बात भी सामने आने लगी है कि रांची ही नहीं बल्कि राज्य के कई जिलों में ऐसे कई जमीन माफिया सक्रिय हैं जिन्होंने जमीन के कागजातों के रखरखाव में सरकारी सिस्टम की कमजोरी और कमी का फायदा उठाकर जालसाजी, हेराफेरी के बल पर सरकारी, गैर सरकारी, गरीब, पिछड़े, दलित, आदिवासियों की जमीन लूट का कीर्तिमान कायम किया है। सरकारी सिस्टम की कमी का फायदा उठाकर कर जालसाजी में माहिर हर्षद मेहता, अब्दुल करीम तेलगी टाईप काम करने वाले कई जमीन माफियाओं ने दलाल, बिचौलिया, जालसाज, गुंडे, प्रशासन, पुलिस और सत्ता संरक्षित नीचे से उपर तक बैठे कुछ बेईमान लोगों का सिंडिकेट बनाकर इन कामों को अंजाम दिया है ताकि विरोध में उठने वाली हर आवाज को किसी भी स्तर पर दबा दिया जा सके। ये जमीन माफिया अपने कामों में इतने माहिर हैं कि जिस जमीन को हथियाना होता है वहां पहले हर स्तर पर नीचे से उपर तक अधिकारियों, गुंडों, दलालों, बाहुबलियों से साँठ-गाँठ करते हैं फिर ऐसा धावा बोलते हैं कि आम आदमी, गरीब आदिवासी उस जमीन को इन बिचौलियों से बचाने के लिये पहले से मैनेज सिस्टम के सामने चाहकर भी कुछ नहीं कर पाते हैं और हताश होकर करप्ट सिस्टम/सिंडिकेट के सामने थक कर हार मान लेते हैं। राज्य में ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जहाँ जमीन कब्जे का विरोध करने वालों को ही इन माफियाओं ने पुलिस से मिलीभगत कर जेल भिजवाने का काम किया है ताकि राज्य की जनता को यह मैसेज दिया जा सके कि जो भी इन माफियाओं का विरोध करेगा वो परेशानी से तंग-तबाह हो जायेगा। गिरीडीह में तो जमीन माफिया ने विरोध करने वाले एक व्यक्ति को धारा 107 में जेल भिजवाकर चार महीने जेल में रखवा दिया। कल्पना करिये, भला कौन दूसरा आदमी ऐसे जमीन माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत करेगा या सोचेगा? आप राज्य विभाजन यानी कि मेरे मुख्यमंत्रित्व काल से लेकर अबतक के सारे जमीन हस्तांतरण, म्यूटेशन और जमीन कब्जा करने/कराने के मामलों की जांच सीबीआई को सौंप दें या उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की अध्यक्षता में जाँच आयोग/कमीशन बनाकर जाँच कराने का आदेश दें।

### उप राजधानी दुमका में स्वीमिंग पुल और गेस्ट हाऊस का उद्घाटन

रांची। उप राजधानी का लुक देने के उद्देश्य से कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं विधायक बसंत सोरेन ने संयुक्त रूप से रविवार को करोड़ों रुपये की लागत से पुराना बस स्टेशन में बने स्विमिंग पूल का एक बार फिर उद्घाटन किया। साथ ही दुमका परिसदन को सुसज्जित कर शहीद स्वतंत्रता सेनानी सिद्धो कान्हू चांद भैरव फूलों झानो की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके अलावा दुमका परिसदन भवन में तीन करोड़ की लाग से निर्मित 32 कमरों के गेस्ट हाऊस का भी उद्घाटन किया। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि स्थानीय विधायक बसंत सोरेन ने जो वादा किया है, उसे पूरा करने का काम किया है। विधायक ने मसलिया में सिंचाई की सुविधा समेत अन्य ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन स्थलों को सुसज्जित करने का काम किया है। उप राजधानी की कल्पना को साकार किया है। विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि दुमका को उप राजधानी का दर्जा प्राप्त है। दुमका को सुंदर बनाने का प्रयास है।

# गुरु महाराज के जनसेवा में 51वर्ष होने पर अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ आयोजन




नवीन मेल संवाददाता। रांची
पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 85 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। रांची। रविवार को 86 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवं गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्य रक्सौल निवासी नरेश अग्रवाल के जन्मदिवस के सुअवसर उनकी धर्म पत्नी रेशम अग्रवाल पुत्र चिराग एव साहित्य अग्रवाल पुत्री नंदिनी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। आज संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने नरेश जी अग्रवाल एव उनकी धर्म पत्नी रेश्मा अग्रवाल को अन्नापूर्णा भंडारे का स्मृति चिन्ह एव अंग वस्त्र प्रदान कर अन्नापूर्णा माता और राज श्यामा जी(राधा-कृष्ण) भगवान का आशिर्वाद प्राप्त किया। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमड्ड आरड्ड एसड्डश्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है।संस्था के सदस्यो एवं समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमीजनो के सौजन्य से अभी तक लगातार 85 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर चुके है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण में संस्था के सदस्य नरेश अग्रवाल, विशाल जालान, अनुप अग्रवाल एवं चिराग अग्रवाल, साहित्य अग्रवाल समिति की रेश्मा अग्रवाल, नंदिनी अग्रवाल विशाखा जालान एव वंदना जालान के द्वारा वहां के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 86 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

### खूंटी में ढुकू प्रथा में वर्षों से साथ रह रहे 501 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

रांची। जिले के कर्रा प्रखंड के चौला पतरा में स्वयंसेवी संस्था वृष्टि ग्रीन फार्मर्स खूंटी के सौजन्य से ढुकू प्रथा में वर्षों से साथ रह रहे 501 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गये। समारोह के मुख्य अतिथि जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा, विशिष्ट अतिथि विधायक कोचे मुंडा उनकी धर्मपत्नी मोनिका मुंडा, समाजसेवी और खूंटी के उद्योगपति रोशनलाल शर्मा और वीणा शर्मा ने कन्यादान और विवाह की रस्म अदा की। इसमें हिंदू, सरना आदिवासी और ईसाई जोड़ों की शादी कराई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है। अब इन नव दंपतियों को सामाजिक और कानूनी मान्यता मिलेगी। इससे संपत्ति सहित अन्य पारिवारिक मामलों में इन जोड़ों को कानूनी हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि वैवाहिक बंधन में बंधने वाले सभी जोड़ों को विवाह का प्रमाण पत्र और पंजीयन दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भविष्य में शिक्षित और स्वस्थ बच्चों की जरूरत आपको और समाज को भी होगी। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को स्वस्थ रखें, शिक्षित करें और जागरूक बनाएं। साथ ही समाज को जागरूक करें।

### झारखंड युवा राजद प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

# 2024 की तैयारी में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा




नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची। राजधानी रांची में आरजेडी की बैठक हो रही है। झारखंड युवा राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश कार्यालय में हो रही है। इस महत्वपूर्ण बैठक में युवा राजद के प्रदेश प्रभारी राजीव झा भी शिरकत कर रहे हैं। जिसमें संगठन विस्तार और युवाओं की भागीदारी समेत कई मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। इस बैठक में युवा राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की करारी हार का मैसेज यह है कि जनता भाजपा की नीतियों से दुखी है। युवा राजद के प्रदेश प्रभारी राजीव झा ने कहा कि अगर राजद ने अगले एक साल तक मतदाताओं की बीच जाकर ईमानदारी से मेहनत कर दी तो 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा की विदाई और राजद और सहयोगी दलों की जीत पक्की है।

**राजद झारखंड में बड़ी ताकत बनने की कर रहा कोशिश:** झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल एक ओर जहां भाजपा को पराजित करना चाहता है। दूसरी ओर झारखंड में महागठबंधन में रहकर भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहता है। राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड में लोकसभा की 03 और विधानसभा के 18 से 21 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहता है। जाहिर है कि महागठबंधन में रहकर इतनी सीट झामुमो और कांग्रेस शायद ही राजद को दे। ऐसे में आरजेडी अपनी ताकत को राज्य में बढ़ाना चाहता है। इस स्थिति में युवा राजद की भूमिका क्या होगी। युवा राजद के प्रदेश सचिव अरशद अंसारी ने बताया कि इस बैठक में नवनियुक्त पार्टी पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

### सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लूट की हो उच्चस्तरीय जांच : दीपक प्रकाश



नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने रविवार को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में हुए व्यापक घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा किया। प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार में बच्चियों की न जान सुरक्षित है, न इज्जत और न ही उनके पैसे सुरक्षित हैं। किशोरी समृद्धि योजना में राज्यभर में हुए घोटाले के संबंध में मीडिया में छपी रिपोर्ट पर प्रकाश ने कहा कि जहां की अनियमितताएं आज उजागर हुई हैं। यह मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र का जिला है। जिस क्षेत्र की जनता ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के लायक बनाया उस जिले, विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी इतने दुस्साहसी और भ्रष्ट हैं तो फिर पूरे राज्य की क्या स्थिति होगी। उन्होंने कहा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की लूट में जिस पदाधिकारी का नाम आ रहा वो आज जमीन घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई के तहत जेल में है। प्रकाश ने कहा कि बिना सत्ता के संरक्षण के इस प्रकार के घोटाले नहीं हो सकते।

**कार्यक्रम** धूमधाम से मनाया गया एलयूमनाई मीट कार्यक्रम

# भारथी बीएड कॉलेज परिवार सफलता की भूखी है



नवीन मेल संवाददाता। मांडर
माण्डर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के प्रांगण में भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी.एड. विभाग में एलयूमनाई मीट का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बी.एड. के सभी सत्रों के पूर्ववर्ती छात्र/छात्राओं को आमंत्रित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्तमान छात्रों के द्वारा पूर्ववर्ती छात्र/छात्राओं का पारम्परिक ढंग से नृत्य संगीत के साथ स्वागत करते हुए सभागार तक लाया गया।कॉलेज के अध्यक्ष छवि सिन्हा, निदेशक नितिन पराशर,शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर एवं प्राचार्यगणों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कॉलेज के वर्त्तमान छात्र/छात्राओं के द्वारा अपने सीनियर छात्रों को स्वागत गान के पश्चात पुष्पमाला/बूके इत्यादि दे कर स्वागत किया गया।शैक्षणिक सचिव श्रीमती दीपाली पराशर ने पूर्ववती छात्र/छात्राओं की जीवन की मंगल कामना करते हुए कहा कि आपलोगों को दोबारा इस संस्थान में देखकर आज मैं इतनी खुश हूँ कि वास्तव में आज भी आप सभी इस महाविद्यालय परिवार के अभिन्न अंग बने हुए है। आप सभी ऊँचाई के शिखर पर पहुँचे यही मैं आपसे आशा व उम्मीद करती हूँ। हम सभी आपकी सफलता के भूखे है। प्राचार्य राकेश कुमार राय ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी सफलता में ही हमारा मान एवं सम्मान छुपा हुआ है। आप जितना भी ऊंचाईयों के शिखर पर पहुंचेंगें, उतना ही हमारे प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षकों के लिए गौरव की बात होगी। बस आपको ध्यान रखना है कि सड़क कितनी भी टूटी फूटी, टेढ़ी मेढ़ी, कंटीली पथरीली हो मंजिल तक पंहुचाती अवश्य है आपको जब तक मंजिल नहीं मिले सिर्फ चलते जाना है। डी.एल.एड. के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने गुजरे पलोवरों व पुराने रिश्तों का जश्न मनाने के साथ-साथ नए रिश्तों का अध्याय शुरू करने पर कहा कि सफलता आप सभी के जीवन का लक्ष्य है। कड़ी मेहनत व उत्साह के बिना कोई भी सफलता हासिल नही हो सकता है। इसलिए आपको सभी विपरित परिस्थितियों में भी धैर्य बनाते हुए लक्ष्य की ओर अग्रसारित होने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्र/छात्रा नीरज सिंह, कामीनी त्रिवेदी, रवि उरांव, ब्रजेश कुमार, मिनाक्षी कुमारी, डोली गाड़ी, सद्दाब, सफीकउल्लाह आदि ने अपने अनुभव को साझा किया। इस मौके पर व्याख्याता सलमा खातुन, बिनीता चौधरी, विवेक राज जायसवाल, रीभा कुमारी, कृपा शंकर, मधुरंजन तथा कर्मचारी एस.एन. सहाय, तुलसी दास, नवरंजन, पंकज कुमार शर्मा, चिन्ता उरांव, सुरेन्द्र, इमरोज, महेन्द्र आदि उपस्थित थें। मंच संचालन काजल भारती, रौशन कुमार, रबीना कुमारी तथा सलोनी प्रिया के द्वारा किया गया।

### खूंटी में पड़हा राजाओं की बैठक आयोजित की

रांची। पारम्परिक ग्रामसभा और पारम्परिक सामाजिक स्वाशासन के पड़हा राजा, हातु मुण्डा, पाहन, महतो तथा समस्त हातुसभा और कॉम्पाट मुण्डा 22 पड़हा की सभा रविवार को तोरपा प्रखंड के मरचा डाउटोला में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विलियम टोंपनो ने की। मौके पर कॉम्पाट मुण्डा 22 पड़हा व्यवस्था द्वारा सामूहिक हक अधिकार, अस्तित्व, अस्मिता तथा परंपरागत रूढ़िवादी सांस्कृतिक व्यवस्था को मजबूत बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही बहुत जल्द विशाल जनसमूह द्वारा पड़हा सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कोम्पाट मुण्डा 22 पड़हा के सभा में झामुमो विधायक जिगा सुसारन होरो, कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि मारा दायित्व है कि पड़हा सभा को मजबूती के साथ आगे बढाएं। बैठक में परंपरागत पड़हा राजाओं होरो पड़हा राजा, भेंगरा पड़हा राजा, पूर्ति पडहा राजा, हेमरोम पड़हा राजा, सुरीन पड़हा राजा, कोनगाड़ी पड़हा राजा, कंडुलना राजा के अलावा अन्य पड़हा राजाओं ने भाग लिया।

# एसपी माइक्रोग्रीन लैब का उद्घाटन व योजना का किया गया शुभारंभ




नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पतराहातू मेन रोड के समीप एसपी माइक्रोग्रीन का लैब उद्घाटन एवं योजना का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कॉमनवेल्थ पदक विजेता दिनेश कुमार महतो ने फीता काटकर किया। लैब के संचालक पंकज कुमार महतो ने बताया कि यह योजना जन जन के कल्याण एवं गायत्री योजना के तहत प्रत्येक रविवार को शुगर की जांच तथा ब्लड प्रेशर की जांच, ब्लड ग्रुप की जांच निःशुल्क 2023 के अंत तक पतराहातू शाखा के लिए लागू रहेगा। इस योजना के माध्यम से सुदूरवर्ती इलाके के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी एवं उनके प्रारंभिक जांच एवं निदान कि सही समय पर जानकारी मिल पाएगी। भागदौड़ भरी जिंदगी में अभी के समय में चिकित्सा जांच सही लैब की अनुपस्थिति में काफी कठिन एवं चुनौतीपूर्ण एवं आर्थिक तकलीफ होती है। इस वजह से यह लैब सारी सुविधाओं से युक्त आज जन सेवा हेतु पैथोलॉजी जांच को उचित मूल्य एवं सही समय पर उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। लैब के संस्थापक शिल्पा कुमारी ने बताया कि यह लैब आधुनिक मशीन एवं दक्ष टेक्नीशियन के साथ-साथ सही समय, सही दाम, सही रिपोर्टिंग देने के लिए तत्पर है जो कि अपने विश्व स्तरीय पैमानों के संग आपके सभी पैथोलॉजी जांच संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा। इस मौके पर डॉक्टर प्रकाश महतो, डॉ परमेश्वर लाल, पूर्व प्रमुख शीला साहू, रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी परमेश्वर महतो एवं इलाके के सभी मुखिया वार्ड मेंबर सहिया संघ सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## झारखंड में पहली बार शुरू होने जा रही है 'नौका' एंबुलेंस

# गंगा किनारे बसे लोगों को इसका मिलेगा लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में एयर एंबुलेंस के बाद पहली बार नौका एंबुलेंस की शुरूआत होने जा रही है। नौका एंबुलेंस सेवा की शुरूआत को लेकर राज्य सरकार की ओर से सारी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई। इस सर्विस से झारखंड के अलावा गंगा नदी के किनारे बसे बिहार के लोगों को भी बड़ी मदद मिलेगी। नौका एंबुलेंस की मदद से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को तत्काल बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल पाएगी। साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि नदी के दियरा क्षेत्र में कई पंचायत हैं। मानसून के दौरान इन इलाकों में पानी भर जाता है, जिससे वहां के लोगों को बहुत दिक्कत होती है। वहां से लोगों का संपर्क कट जाता है। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान टीकाकरण



सहित तमाम स्वास्थ्य कार्यक्रम ठप पड़ जाते हैं। इसलिए जिला प्रशासन लोगों को सुचारू स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए नौका एम्बुलेंस शुरू करने का फैसला लिया है। बता दें कि साहिबगंज प्रशासन ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ) कोष से दो नौका एम्बुलेंस खरीदी हैं। नौकाएं विगत शुक्रवार को साहेबगंज पहुंची थी। दोनों की कुल कीमत 58.34 लाख रुपये है। यानी एक नौका एम्बुलेंस की कीमत 29.17 लाख रुपये है। उपायुक्त ने कहा कहा कि अगर ऑक्सीजन सिलेंडर, ईसीजी उपकरण, मरीजों के लिए कैबिन, लैब टेक्नीशियन और अन्य सुविधाओं को शामिल करें तो प्रत्येक नौका एम्बुलेंस पर खर्च करीब 48 लाख रुपये पड़ेगा।

**आज से शुरू होगी सेवा :** उपायुक्त ने बताया कि, एंबुलेंस को आधिकारिक रूप से 15 मई से

**दोनों की कुल कीमत 58.34 लाख रुपये है। यानी एक नौका एम्बुलेंस की कीमत 29.17 लाख रुपये है**

सेवा में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक एंबुलेंस का उपयोग राजमहल इलाके में और दूसरी एंबुलेंस का साहिबगंज इलाके में इस्तेमाल किया जाएगा। देवघर में स्थापित एम्स के अलावा संताल परगना प्रमंडल इलाके में बमुश्किल ही कोई स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है। नौका एम्बुलेंस की मदद से मरीजों को आपात स्थिति में बिहार के पूर्णिया और पश्चिम बंगाल के माल्दा ले जाया जाएगा। फिलहाल, दियरा में अगर कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है तो उसे लकड़ी की नाव से गंगा पार करके अस्पताल ले जाना पड़ता है।

## जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

**अनगड़ा।** गैर सरकारी संस्था जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी द्वारा जल विद्युत परियोजना के नहर में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 86 जूनियर और सीनियर खिलाड़ी शामिल हुए। इसमें फ्री स्टाइल, बटर फ्लाई, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक एवं लंबी दूरी की कुल 18 स्पर्धाएं हुई। जूनियर में ओवरऑल चैंपियन आशुतोष करमाली को चार स्वर्ण और एक रजत पदक, जबकि सीनियर में ओवरऑल चैंपियन अमर कुमार गंझू को भी चार स्वर्ण और एक रजत पदक मिले। प्रतियोगिता पूर्व स्टेट चैंपियन अमन कुमार जायसवाल की देखरेख में संपन्न कराई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने की। उन्होंने कहा कि संस्थान तैराकी के क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए पिछले नौ साल से काम कर रही है। इस दौरान फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री बांटी गई।

## रांची नगर निगम में 30 मई तक त्रुटि का निराकरण करा लें जन्म प्रमाण पत्र के आवेदक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम ने जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में कहा है कि 18 से 29 अप्रैल की अवधि के बीच एक वर्ष से अधिक आयु के जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने को आवेदकों ने आवेदन किया था। ये ऐसे संबंधित बच्चों के प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन हैं, जिनका एक साल की अवधि के भीतर प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा सका है। अब ऐसे में इन आवेदन पत्रों को कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर, रांची से अनुमोदन के बाद निबंधित कराया जाना है लेकिन ऐसे आवेदन पत्र किन्हीं त्रुटियों और अन्य कारणों से बगैर अनुमोदन के ही निगम के पास वापस आ गया है। ऐसे में इसके आवेदक 30 मई तक अपने आवेदन को निगम कार्यालय आकर संबंधित कर्मचारी के सहयोग से त्रुटि का निराकरण करा लें। ऐसा नहीं किए जाने पर 30 मई के बाद इस प्रकार के आवेदन पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## एक और आईएएस अधिकारी तक पहुंच सकती है जांच की आंच

# ईडी कर रही कार्रवाई की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में रांची टेंडर कमीशन मामले में एक बार फिर ईडी की जांच तेज हो सकती है। इस मामले में भी एक आईएएस अधिकारी तक जांच की आंच पहुंच सकती है। दरअसल, ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के रांची, दिल्ली और जमशेदपुर आवास सहित 24 ठिकानों पर 21 फरवरी को एक साथ छापेमारी की थी। इस दौरान वीरेंद्र राम के आवास से 1.5 करोड़ के जेवरात, 40 लाख नकद, 6 लग्जरी गाड़ियां और करोड़ों के फ्लैट और भूखंड के कागजात मिले थे। इस दौरान यह भी पता चला था कि, वीरेंद्र ने कमीशन की राशि से 125 करोड़ से अधिक की




संपत्ति बनाई है। ईडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो वीरेंद्र राम ने बताया था कि, उस तक जो कमीशन की राशि आती थी वह 17 से अधिक ब्यूरोक्रेट्स और राजनेताओं तक पहुंचती थी। मिली जानकारी के अनुसार अब ईडी ऐसे लोगों से भी पूछताछ करने की तैयारी में है, जिन तक कमीशन की राशि पहुंचती थी। इस मामले में ईडी से हाई कोर्ट ने भी स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, वीरेंद्र राम ने खुद ईडी के सामने यह बात कबूल की थी कि उसने आईटीआर में सारी जानकारी गलत दी थी। उसके खाते में साल 2014-15 व 2018-19 के दौरान 9.30 करोड़ व दिसंबर 22 से जनवरी 2023 के बीच 4.50 करोड़ रुपये उसके जीवन भर की कमाई से कहीं अधिक है। ईडी ने जांच में पाया है कि साल 2019 के बाद वीरेंद्र राम व उसके चचेरे भाई आलोक रंजन एक साथ कई बार दिल्ली गए। साथ ही हर बार मोटी रकम वे साथ ले जाते थे और ये रकम सीए मुकेश मित्तल को हैंडओवर किया जाता था।

## सोनारी लिंक रोड में साइकिल रैली निकाली गई

**रांची।** रविवार को विभिन्न संस्था के सहयोग से जमशेदपुर के कदमा सोनारी लिंक रोड में साइकिल रैली निकाली गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईपीएस अफसर राजीव रंजन सिंह ने कहा कि आज मदर्स डे है। हम लोग ग्रह एवं पृथ्वी को मां मानते हैं और इसी तरह इसे अच्छा रखने के लिए हमें चाहिए कि हम साइकिल उपयोग कर प्रदूषण की रोकथाम करें। उन्होंने कहा कि आज हर 16 - 17 साल का युवा बाइक खरीदना चाहता है। मात्र दो-तीन किलोमीटर जाने के लिए भी वे बाइक का इस्तेमाल करना चाहते हैं। इसीलिए हमने गूगल फॉर्म जारी किया, जिसमें लगभग 400 युवाओं ने इस रैली में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष डेढ़ लाख लोग दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। जिसमें 45% यानी 70,000 युवा एक्सीडेंट में बाइक चलाते हुए मारे जाते हैं। लोगों को प्रेरित करने के लिए हमने साइकिल रैली का आयोजन किया है।

# निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप में 410 मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के उद्देश्य के तहत झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में आज रविवार को पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक हिंदपीढ़ी इदरीसिया स्कूल, रांची में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया, जिसमें 410 मरीजों का हेल्थ चेकअप किया गया और मुफ्त में दवाइयां भी दी गई। स्वास्थ्य शिविर कैंप में डॉक्टर सुबोध कुमार सिंह - आईरिस हॉस्पिटल ( नेत्र रोग विशेषज्ञ ), डॉ प्रकाश कुमार - हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ जेके भगत - दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर हर्ष कुमार - पॉपुलर नर्सिंग होम - (कान नाक गला रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सूयस सिन्हा - नर्व एंड माइंड (मानसिक रोग विशेषज्ञ), डॉ पूजा सहाय-



माइक्रोपैकसिस लैब ( माइक्रोबायोलॉजिस्ट), डॉक्टर आर के सिंह - शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ नूपुर सिंह - ऑर्किड मेडिकल सेंटर (ओ बी एस एंड गाइनेकोलॉजिस्ट), डॉ राजेंद्र पाहन - आर्किड मेडिकल सेंटर (एमडी इंटरनल मेडिसिन कंसलटेंट फिजिशियन), ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर फरहान सीकोह, आयुषी प्रियदर्शी - साइकोलॉजिस्ट, सदर अस्पताल से सिविल सर्जन की टीम, जनरल फिजिशियन विशेषज्ञ की टीम, आयुर्वेदिक विशेषज्ञ की टीम , होम्योपैथिक विशेषज्ञ की टीम, यूनानी विशेषज्ञ की टीम ने अपना महत्वपूर्ण सेवा एवं योगदान दिया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि स्वस्थ रांची समृद्ध रांची के उद्देश्य के साथ हमारी प्रोफेशनल्स कांग्रेस की टीम काम कर रही है।

# प्रशांत बने झारखंड राज्य आईपीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष, अनूप बिरथरे सचिव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी प्रशांत सिंह को झारखंड राज्य आईपीएस एसोसिएशन का अध्यक्ष चुन लिया गया है। झारखंड आईपीएस एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से आईपीएस ऑफिसर प्रशांत सिंह को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे को एसोसिएशन का सचिव चुना गया है। इसको लेकर उन्हें अधिकारियों की ओर से बधाई दी गयी।

**डीजी रैंक में हैं आईपीएस प्रशांत सिंह :** आईपीएस प्रशांत सिंह जो वर्तमान पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड चैयरमैन के पद पर हैं। उनको सर्वसम्मति से झारखंड राज्य आईपीएस एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। वहीं रांची रेंज के डीआईजी आईपीएस ऑफिसर



अनुप बिरथरे को एसोसिएशन का सचिव चुना गया है। इसको लेकर रांची में डोरंडा के खुखरी गेस्ट हाउस में आईपीएस एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गयी थी। इसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव पद का चुनाव होना था। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए आईपीएस राजकुमार मल्लिक एडीजी (वायरलेस) ने प्रशांत सिंह का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया, जिस पर एसोसिएशन के सभी अधिकारियों ने अपनी सहमति जताई।

**जानिए कौन हैं आईपीएस प्रशांत सिंहः** प्रशांत सिंह झारखंड कैडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वो फिलहाल वो डीजी पद पर पदस्थापित हैं। आईपीएस प्रशांत सिंह ने बिहार और झारखंड दोनों राज्यों में 32 वर्ष तक विभिन्न जिलों में एसपी और पुलिस मुख्यालय में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। वर्तमान में प्रशांत सिंह पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चैयरमैन के रूप में कार्यरत हैं।

## करमा उरांव का निधन झारखंडियों के लिए अपूर्णीय क्षतिः राजेन्द्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने मानव शास्त्री व शिक्षाविद् डॉ करमा उरांव की आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। प्रसाद ने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं, कि इस दुख को सहन करने की शक्ति उनके परिवार और उनके शुभचिंतक को दें। प्रसाद ने कहा डॉ करमा उरांव एक मिलनसार व्यक्ति थे और झारखण्डियों के अधिकारों के प्रति हमेशा आवाज उठाया। प्रसाद ने डॉ करमा उरांव ,के निधन को झारखंडी समुदाय के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

## टांगटांग में लगाया गया चिकित्सा जांच शिविर

# दो सौ लोगों की हुई जांच, मिली दवाएं

**नवीन मेल संवाददाता। सोनाहातू**

वनवासी कल्याण केंद्र, रांची महानगर समिति द्वारा प्रखंड के टांगटांग गांव के महर्षि शंकराचार्य सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में 293वां निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 200 लोगों की जांचकर निःशुल्क दवा दी गई। शिविर का उद्घाटन भगवान श्रीराम, भारत माता और बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। महानगर समिति के अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य वनवासी भाइयों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है जिससे स्वस्थ भारत का निर्माण हो सके। उपाध्यक्ष किशोरी लाल चौधरी ने बताया कि समिति पिछले 28 साल से हर महीने चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रही है। शिविर के आयोजन हेतु



सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाती है, जहां सरकारी सुविधा नगण्य है। महामंत्री निरंजन सर्राफ ने बताया कि शिविर में आर्थिक सहयोग रितोमी फर्मास्यूटिकल्स के ओमप्रकाश अग्रवाल ने अपनी धर्मपत्नी स्व. रीता रितोमी की स्मृति में किया है। शिविर में विद्यालय के छात्रों के बीच स्कूल बैग, वॉटर बोतल, पेंसिल सेट, बिस्कुट, चॉकलेट बांटे गए। शिविर में डॉ ज्योत्सना सिन्हा, डॉ विनोद कुमार, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ शिवशंकर लाल, डॉ निखिल और मेडिका हॉस्पिटल नेत्र विभाग के डॉक्टरों की टीम ने भी मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया। शिविर के सफल आयोजन में निरंजन सर्राफ, निर्मल बुधिया, बेनी प्रसाद, परशुराम पुरिया, अन्नू अग्रवाल, रवि अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, रजनीकांत सिन्हा, शुभम गोयल, रमेश अग्रवाल और विजय केशरी आदि का सहयोग रहा।

## सुदेश महतो ने डॉ. करमा उरांव के निधन जताया शोक



**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. करमा उरांव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। महतो ने कहा कि डॉ. करमा उरांव अपने आप में एक संस्था थे। उन्होंने कहा कि करमा उरांव आदिवासी समाज के उत्थान तथा झारखंडी सभ्यता, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर हमेशा समर्पित रहें। झारखंड की समृद्ध संस्कृति को आगे बढ़ाने और आदिवासियों की पहचान बनाए रखने के लिए अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहें। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को मेदांता हॉस्पिटल में डॉक्टर करमा उरांव का इलाज के क्रम में निधन हो गया।

**सौगात** रांची स्मार्ट सिटी में आम लोगों को मिलेगा अपना आशियाना

# जल्द बनकर तैयार होगा 5 हजार फ्लैट, मिलेगी सुविधाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में बहुत जल्दी स्मार्ट सिटी बनकर तैयार होगी। जिसमें लोगों को एक से बढ़कर एक सुविधाएं मिलेगी। दरअसल, धुर्वा में बन रही स्मार्ट सिटी में जल्द ही आम लोगों के लिए फ्लैट का निर्माण होगा। पहले चरण में यहां 52.19 एकड़ जमीन पर 5000 फ्लैट बनेंगे। वहीं दूसरे चरण में 10 हजार और फ्लैट बनाए जाएंगे। ऑनलाइन नीलामी में जिन कंपनियों ने यहां जमीन ली थी, उनके नाम रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अपार्टमेंट का काम इसी साल शुरू होगा और दो सालों में इसे खरीदारों को हैंडओवर करने की तैयारी है। दरअसल, अब तक कॉर्पोरेशन को खाता प्लॉट के अनुसार जमीन नहीं मिल रही थी। इसी कारण रजिस्ट्री रुकी हुई थी। अब स्मार्ट सिटी को कुल 656



एकड़ जमीन में से 646 एकड़ जमीन खाता प्लॉट के हिसाब से सौंप दी है। कुछ प्लॉट एचईसी प्लांट के तहत आ रहे थे, उसे भी बदला गया है। इसके लिए नगर विकास विभाग के नाम हुई जमीन की रजिस्ट्री पट्टे में संशोधन किया गया है। स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन के सीईओ अमित कुमार ने कहा कि सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। अब जल्दी ही जमीन की रजिस्ट्री होगी। बता दें कि, स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन ने 9 मार्च 2021 को ऑनलाइन नीलामी की थी। इसमें छह बिल्डरों ने 52.19 एकड़ आवासीय प्लॉट की बोली रिजर्व प्राइस 6.62 लाख रुपए प्रति डिसमिल की दर से लगाई थी। वहीं दो मिक्स्ड यूज प्लॉट की बोली रिजर्व प्राइस 10.15 लाख रुपए डिसमिल की दर से लगी थी। उन्हें जुलाई 2022 तक पूरे पैसे जमा कराने थे। निर्धारित डेट तक बिल्डरों ने 400 करोड़ रुपए कॉर्पोरेशन के खाते में जमा करा दिए। इसके बावजूद उन्हें जमीन हैंडओवर नहीं किया गया। सिर्फ दो बिल्डरों को ही अलॉटमेंट लेटर सौंपा गया। दरअसल, स्मार्ट सिटी में कुल 15 हजार फ्लैट बनाने की योजना है। नीलाम किए गए प्लॉट के अलावा चार और आवासीय प्लॉट बचे हैं, उस पर भी फ्लैट बनाए जाएंगे। यहां हर वर्ग को ध्यान में रखकर फ्लैट बनाने की योजना है। इसके लिए चार कैटेगरी तय की गई है। अल्प आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग, उच्च आय वर्ग और सुपर उच्च आय वर्ग (सुपर एचआईजी) के लिए दो से तीन हजार वर्गफीट तक के फ्लैट बनेंगे। इसके पास इको पार्क और हॉस्पिटल सहित अन्य सुविधाएं होंगी। अन्य वर्ग के फ्लैट अधिकतम 1,500 वर्गफीट तक के होंगे। स्मार्ट सिटी के आवासीय प्लॉट फ्री होल्ड होंगे। यानी जिन बिल्डरों ने प्लॉट लिया है, उनके नाम रजिस्ट्री होगी फिर वे फ्लैट खरीदारों के नाम रजिस्ट्री करेंगे। खरीदार अपने नाम से म्यूटेशन करा सकेंगे।

## बंधु तिर्की ने दिया सहृदयता का परिचय



**रांची।** रविवार को चानहो प्रखंड प्रखंड के लुपूगा गांव निवासी दिनेश उराव के मृत शरीर आने पर बंधु तिरकी ने दुख जताया और उनके परिजन को आर्थिक और नगद राशि देकर सांत्वना दी मदद के लिए भी गांव वालों ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की।इस मौके पर गांव वाले वहां भारी संख्या में उपस्थित थे। उन्होंने पूर्व शिक्षा मंत्री और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के इस कार्य को मानवता का परिचायक बताया। श्री तिर्की ने इसके अलावा वहां उपस्थित लोगों के लिए टेट, कुर्सी और पानी की भी व्यवस्था की। इस मौके पर पूर्व मुखिया मीना देवी पंचायत अध्यक्ष इश्तियाक और विधायक प्रतिनिधि इरशाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति की टीम पहुंची खूंटी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति की टीम रविवार को खूंटी पहुंची। समिति की सभापति सह निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता की अध्यक्षता में परिसदन के सभाकक्ष में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इस दौरान राज्य सरकार की वित्त संपोषित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई।समीक्षा बैठक के दौरान अपर्णा सेन ने जिला शिक्षा अधीक्षक से जिले में पिछले तीन सालों के दौरान पुस्तकालयों के विकास में किये कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने जिले में संचालित पुस्तकालयों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुस्तकालयों में कोर्स की किताबों, प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित किताबों के साथ बच्चों की रुचि के अनुसार ज्ञानवर्द्धक किताबों की व्यवस्था



होनी चाहिए, ताकि बच्चों के पढ़ने की इच्छा जागृत हो। बैठक के दौरान राजस्व, भूमि सुधार, पेयजल एवं स्वच्छता, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, कल्याण, आपूर्ति, खेल विभाग, पथ निर्माण, पशुपालन, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित कार्यों, कार्य प्रगति एवं पूर्ण होने के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। सभी विभागों के पदाधिकारियों को कार्य को गति देने एवं कल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों आच्छादित करने का निर्देश दिया गया।इस मौके पर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो सहित अन्य मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### खंडोली जाने के क्रम में गिरिडीह में स्कॉर्पियो पलटी, चार युवक घायल

**गिरिडीह ।** गिरिडीह - बेंगाबाद मुख्य मार्ग पर सोनबाद में रविवार एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में वाहन में सवार चार युवक घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना में वाहन की चपेट में आने से दो मवेशियों की भी मौत हो गयी, कई अन्य लोग बाल - बाल बच गए। बताया जाता है कि सुबह गिरिडीह शहर से एक परिवार के चार युवक स्कॉर्पियो में सवार होकर खंडोली घूमने जा रहे थे। इसी दौरान सोनबाद के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई और गाड़ी में सवार चारों युवक घायल हो गए । इधर घटना की सूचना मिलने के बाद बेंगाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना ग्रस्त गाड़ी को सड़क से हटवा कर मामले की छानबीन में जुट गई।

### ट्रक और स्कॉर्पियो में टक्कर में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**रांची।** हंसडीहा दुमका स्टेट हाइवे पर कुरमाहाट के समीप ट्रक और स्कॉर्पियो में भीषण टक्कर में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए । हंसडीहा पुलिस द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सरैयाहाट पहुँचाया गया।

### ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने सिल्ली थाना प्रभारी को प्रशस्ति पत्र सौंपा

**सिल्ली।** विगत शनिवार के दिन ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सिल्ली थाना के प्रभारी आकाशदीप को ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम के द्वारा सिल्ली प्रभारी को इनकी सत्य निष्ठा, लगनशीलता, धैर्य एवं सूझबूझ के साथ किए गए सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र दिया तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। ज्ञात हो कि 9 मई को गोडाडीह पंचायत के मुखिया के पति श्रवण मुंडा की हत्या पड़ोस के रहने वाले सिरफिरे युवक ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। सिल्ली पुलिस ने कांड संख्या 36 /23 भा दि वी धारा के अंतर्गत 452/354/509/341/324/302 दर्ज कर हत्या में इस्तेमाल चाकू सहित हत्यारे को महज कुछ ही घंटों में धर दबोचा था।

### मांडर पुलिस ने दो प्राथमिकी अभियुक्तों को भेजा जेल

**मांडर।** मांडर पुलिस ने दो प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षण में भेज दिया है।भेजे जाने वालों में मांडर थाना काण्ड संख्या 75/18के प्राथमिकी अभियुक्त सेरेगड़ा बालूमाथ जिला लातेहार निवासी अजय प्रजापति पिता जीवल प्रजापति तथा दूसरा मांडर थाना कांड संख्या 17/21का प्रा. अभियुक्त चलियो चान्हो का धर्मेन्द्र शाही पिता रामबृक्ष शाही हैं।

# डीसी ने किया चाटीकोचा गांव का दौरा, सुनी समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
उपायुक्त विजया जाधव अन्य वरीय अधिकारियों के साथ चाटीकोचा गांव पहुंचीं। इस दौरान पोटका प्रखंड अंतर्गत चाटीकोचा गांव के ग्रामीणों के पुनर्वासन, यूसीआइएल में नौकरी और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। ग्रामीणों की समस्या सुनी। साथ ही वउक्छ द्वारा किए गए मुआवजा भुगतान, ग्रामीणों की नौकरी तथा गांव में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। बेरोजगारी एक बड़ी समस्याः कुछ लोगों ने मुआवजा राशि अबतक नहीं ली है जो ट्रेजरी में जमा रह गया है, उसकी वस्तुस्थिति को भी जाना। ग्रामीणों ने बताया कि विस्थापन के समय 46 परिवारों का गांव था, जो बढ़कर अब 68 परिवार हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन कर्मियों की मौत हो गई है उनके परिजनों को यूसीआइएल अनुकंपा पर नौकरी दे। साथ ही जिन लोगों की नौकरी के लिए आवेदन प्रक्रियाधीन है, उसमें तेजी लाया जाए। कहा कि अनुकंपा पर नौकरी नहीं मिलने से यहां के लोगों के सामने बेरोजगारी एक बड़ी समस्या हो जाएगी।सप्लाई पानी की गुणवत्ता खराबः ग्रामीणों ने कहा कि जमीन रही नहीं कि आगे कृषि कार्य से भी भरण पोषण कर सके। गांव में खराब गुणवत्ता के पानी सप्लाई की बात ग्रामीणों ने डीसी को बताया। जिसपर उपायुक्त ने तत्काल पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता को सैंपल कलेक्शन करते हुए जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों ने टेलिंग पॉन्ड गांव से एकदम सटे होने के कारण यूरेनियम कचड़े के धूलकण से बीमारी से प्रभावित होने की बात बताई। 12 डिसमिल जमीन नाकाफीः ग्रामीणों ने धोबनी गांव में उनके पुनर्वास के लिए प्रति परिवार उपलब्ध कराये जाने वाले 12 डिसमिल की जमीन को भी नाकाफी बताया। ग्रामीणों ने कहा कि सिर्फ बसावट से नहीं बल्कि उन्हें कुछ कृषि करने योग्य भी जमीन मिले, साथ ही खेलकूद का मैदान, धार्मिक अनुष्ठान का स्थल, स्कूल, चिकित्सा की भी समुचित व्यवस्था हो। ग्रामीणों की एक-एक मांग को उपायुक्त ने गंभीरतापूर्वक सुना तथा उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही उनके पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद पोटका के सीओ को इसी तरह से धोबनी के ग्रामीणों से भी वार्ता कर जल्द से जल्द पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही।टेलिंग पॉन्ड पहुंची उपायुक्तः ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होने के बाद उपायुक्त दलबल के साथ टेलिंग पॉन्ड का निरीक्षण करने पहुंचीं। ग्रामीणों की शिकायत थी कि टेलिंग पॉन्ड ओवर फ्लो होता है, जिससे आसपास का पानी दूषित होता है। रेडियोएक्टिविटी के कारण बीमारी से ग्रसित होने का खतरा रहता है। मौके पर मौजूद यूसीआइएल के अधिकारियों ने टेलिंग पॉन्ड को लेकर पूरी जानकारी दी। हालांकि यूरेनियम के कचड़े से संभावित किसी खतरे से इनकार किया। मौके पर पाया गया कि पॉन्ड के एरिया में ही बने जाहेर स्थान के पेड़ सूख गए हैं। डीसी ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में ग्रामीणों की मांग को देखते हुए यूसीआइएल के अधिकारियों से स्वास्थ्य कैंप तथा पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही अनुकंपा पर नौकरी, नौकरी को लेकर प्रक्रियाधीन आवेदनों पर तेजी लाने तथा ग्रामीणों की अन्य जरूरी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए।

## भवेश अपहरण कांड में पुलिस को मिली एक और सफलता

**साहिबगंज।** 12 वर्षीय भवेश अपहरणकांड पुलिस में को इस बार बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ राजेंद्र दुबे ने प्रेस वार्ता कर इस बात की जानकारी दी। गौरतलब है कि बीते सात मई को भवेश का अपरहण कर लिया गया था। इस मामले में पुलिस पहले ही एक को गिरफ्तार कर चुकी है। साहिबगंज पुलिस ने दो दिन पूर्व ही अपहरण में प्रयुक्त वाहन जब्त किया था। इसके साथ ही चालक सह मालिक को गिरफ्तार कर लिया था। घटना का मास्टरमाइंड ऋतुराज उर्फ ऋतिक राज फरार चल रहा था। पुलिस की दबिश के कारण उसकी भी गिरफ्तारी हो गई है। पुलिस की एसआईटी ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस ने पीरपैंती से आरोपी को धर दबोचा। ऋतिक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस अब आगे की प्रक्रिया में जुटी हुई है।एसडीपीओ ने बताया कि मास्टरमाइंड ऋतुराज ने पुलिस को बरगलाने व पुलिस से बचने के लिए खुद के अपहरण होने की फर्जी खबर अपने रिश्तेदारों में फैला दी थी। घर पर छापेमारी के दौरान उसके पिता ने पुलिस को यही कहानी सुनाई। हालांकि पुलिस ने इसका यकीन नहीं किया और मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर जिरवाबाड़ी ओपी प्रभारी चिरंजीत प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, मिजाचौकी थाना प्रभारी प्रकाश रंजन, एसआई विक्रम कुमार, संदीप वर्मा व अन्य मौजूद थे।
गौरतलब है कि एसडीपीओ राजेंद्र दुबे ने बताया कि भवेश का अपहरण का मास्टरमाइंड उसका चचेरा भाई रितिक राज है। उसने अपना जुर्म स्वीकार किया है। अपहरण के दिन साहिबगंज भवेश से मिलने के लिए वह आया था। पैसे देकर ठंडा लाने के लिए दुकान पर भेजा था। जहां से पूर्व प्लानिंग में लगे अन्य सहयोगी बोलेरो से लेकर उसे पीरपैंती भाग गए थे। पुलिस को जानकारी मिलने के साथ ही पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा खंगालना शुरू किया।

## उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की खनन टास्क फोर्स की बैठक

**साहिबगंज।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रत्येक 15 दिनों में आयोजित की जाती है। डीसी ने कहा कि डीआईजी की ओर से 20 जवान उन्हें मिले हैं। ये जवान अवैध खनन को रोकने में मदद करेंगे। साथ ही जहां सूचना मिलेगी वहां छापेमारी भी ये जवान करेंगे। इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अवैध खनन पर प्राप्त शिकायत की जांच हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जबकि ट्रकों में बिना त्रिपाल ढके आवागमन पर नियमित रूप से जांच करने तथा एनजीटी के आदेश का अनुपालन कराने का भी निर्देश दिया। अवैध खनन, अवैध परिवहन पर नकेल कसने के आदेश दिए। जिला स्तर पर गठित खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को संयुक्त रूप से छापेमारी करने का निर्देश दिया।रात्रि में अवैध छापेमारी अभियान सघन स्तर पर चलाने का भी आदेश दिया। बरहरवा, मिजाचौकी में अवैध परिवहन पर रोकथाम हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया। कहा कि शहर में क्राइम पर भी कड़ी नजर रखें। रिसोड मोड़, बरहरवा मिजाचौकी एवं कोटलपोखर में स्थित अस्थाई चेक नाका पर अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु समय-समय पर छापेमारी करने से संबंधित आवश्यक एवं उचित निर्देश दिए गए। वहीं उपायुक्त ने अवैध खनन से संबंधित शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी करने का भी निर्देश दिया। जबकि चेक नाका में सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर संलिप्त अपराधी पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया।

## महाराजा अग्रसेन भवन हुआ 19 वां तीन दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन

# समर कैंप में सभी वर्गों के 100 बच्चों ने लिया भाग, उठाये लुत्फ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अग्रवाल सभा, रांची के महिला समिति द्वारा आयोजित 19 वां समर कैंप का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ जाजोदिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया एवं अन्य पदाधिकारियों ने गणेश जी की पूजा अर्चना और अग्रसेन जी पर माल्यार्पण कर बच्चों को आशीर्वाद दिया। अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने बच्चों को अच्छे आचरण और अनुशासन की शपथ दिलवाई। उर्मिला पांड़िया ने गणेश वंदना और मदर्स डे पर गीत सिखाया। राकेश तिर्की जी ने जूडो कराटे की बेसिक जानकारी दी। नंदलाल दत्ता ने बच्चों को योगा करवाया। सुबोध कुमार और मनीष कमल ने चित्रकला की बारीकियों से परिचित करवाया। अजय कुमार गोस्वामी ने संगीत की शिक्षा दी पाजेब के दीपक कुमार और जिज्ञासा ने नृत्य का प्रशिक्षण दिया। साबिर हुसैन जी ने मदर्स डे पर मां की तस्वीर का फोटो फ्रेम बनवाया। इस कैंप में क्लास 1 से 3 तक के 48 बच्चों ने और क्लास 4 से 10 तक के 53 बच्चों ने भाग लिया है। सुबह 8 बजे से शाम के 5 बजे तक समर कैंप में बच्चों को सुबह नाश्ते की व्यवस्था दोपहर के भोजन की व्यवस्था और शाम के नाश्ते की व्यवस्था की गई है। महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने लाना है। 3 दिनों में हम किसी भी चीज में बच्चों को एक्सपर्ट नहीं कर सकते हैं लेकिन उनके अंदर रुचि जागृत कर सकते हैं जिससे वे उन कलाओं को जीवन में उतार सकें और पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा दिखा सकें। यह समर कैंप 16 मई तक चलेगा। इस उद्घाटन समारोह में सभा अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी , प्रमोद अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, अजय डीडवानिया, विजय खोवाल, अनिल अग्रवाल, संजय सर्राफ, नरेश बंका, रामाशंकर बगड़िया, सुरेश चौधरी, कौशल राजगढ़िया, विनोद टिबड़ेवाल, राजकुमार मित्तल, मनोज रुईया एवं कई अभिभावकगण उपस्थित हुए। समर कैंप के सफल आयोजन में महिला समिति की रीना सुरेका, मंजू केडिया, लक्ष्मी पाटोदिया, उर्मिला पाड़िया, प्रीति बंका, प्रीति पोद्दार, पूजा बगड़िया, प्रीति केडिया, सुषमा पोद्दार, बीना मोदी, जिज्ञासा नारसरिया, साक्षी केजरीवाल ,बबीता नारसारिया, छाया अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, सुनीता सरावगी, रेणु छापड़िया, सीमा टांटिया ने सक्रिय रूप से अपना योगदान दिया।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं को दिये टिप्स

**खूंटी ।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी में कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं के लिए आयोजित एक दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग सह कार्यशाला में हिस्सा लिया और उन्हें सफलता के टिप्स दिये । खूंटी में कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं के लिए आयोजित एक दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग सह कार्यशाला को संबोधित करते हुए जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रचनात्मक नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास की बारीकियों से छात्राओं को अवगत कराया । जिला प्रशासन द्वारा छात्राओं के कैरियर काउंसिलिंग की पहल की प्रशंसा करते हुए श्री मुंडा ने कहा कि उनका मंत्रालय खूंटी में सुपर 30 जैसे संस्थान की स्थापना के दिशा में पहल करेगा ।

# दोवाड़ू पंचायत में बुद्धिजीवी मंच का पुनर्गठन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार को दोवाड़ू सिल्ली में बुद्धिजीवी मंच की पुनर्गठन बैठक को संबोधित करते हुए रांची जिला आजसू बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष सह रांची विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ मुकुंद मेहता ने कहाआजसू पार्टी आपका बनाई हुई पार्टी है। ज्ञात रहे आप अपना वोट से विधायक-सांसद बना सकते हैं लेकिन नेता नहीं। आपसबों केआशीर्वाद से आज देश के राजनीति में सुदेश बाबू एक बड़े जननेता के रूप में पहचान बनाएं हैं। इनके नीति सिद्धांतों को झारखंडी जन-मानस आत्मसात करने लगी है, यह सिल्ली वासियों के लिए गर्व की बात है। निश्चित रूप में बुद्धिजीवी मंच का गठन का मुख्य उद्देश्य बुद्धिजीवियों को एकत्रित करना, और वैचारिक परिवर्तन लाना एवं राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।लम्बोदर महतो केंद्रीय सचिव आजसू बुद्धिजीवी मंच ने कहा आपलोगों को सजग एवं जागरूक रहना होगा तभी समस्याओं का समाधान होगा। लोहरा महतो पूर्व शिक्षक ने कहा, बुद्धिजीवी मंच में ज्यादा से ज्यादा बुजुर्ग लोगो को जोड़ें और उनके दुखों का समाधान करें एवं सुदेश बाबू के विचारों को गांवों में पहुंचाने का काम करें।तुलसी मुंडा, पंचायत समिति दोवाडु ने कहा बुद्धिजीवी मंच पंचायत कमिटी की पुर्नगठन में सभी की सहभागिता जरूरी है।अरुणा देवी, बुद्धिजीवी मंच की सक्रिय सदस्या दोवाड़ू पंचायत ने कहा सुदेश बाबू मान - सम्मान देने में कोताही नहीं करते हैं। सिल्ली के लिए सुदेश बाबू राम स्वरूप में अवतार लिए हैं। हमारे लिए आजसू पार्टी आन बान शान है। धीरेंद्र नाथ महतो, पूर्व शिक्षक सिल्ली ने कहा सुदेश बाबू ने सिल्ली को जो पहचान दिलाई है उसके आप सब आधार हैं। आप सबों के आशीर्वाद से ही सुदेश बाबू आपके समस्याओं का समाधान करेंगे। बुद्धेश्वर दत्ता पूर्व शिक्षक, दोवाड़ू ने कहा आजसू पार्टी के सभी अंगों के सामंजस्य से ही पंचायत का विकास होगा। 80 वर्षीय बुजुर्ग दुर्गा मुंडा दोवाड़ू ने कहा आजसू ने ही सबसे पहले इस पंचायत में विकास कार्य किया है उनके कार्यों का ख्याल रखते हुए आगे भी उन्हें पंचायत के लोगों को सहयोग करना होगा।

## मनरेगा में गड़बड़ी के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

**गिरिडीह।** मनरेगा में हुई गड़बड़ी को लेकर गिरिडीह सदर प्रखंड की मुसीबत कम नहीं हो रही है। अभी निर्धारित सीमा से 8 गुणा अधिक राशि निकासी के मामले में डीसी के निर्देश पर जांच हुई है। वहीं दूसरी तरफ इसी प्रखंड के जीतपुर पंचायत के ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया पर योजना में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। इसे लेकर मनरेगा आयुक्त से शिकायत की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां जेसीबी की सहायता से डोभा का निर्माण किया गया। पंचायत के उंद्रो, करमाटांड, बोरासिंघा में पुराने डोभा को नया रुप देकर पैसे की निकासी की गई। खुदाई जेसीबी से की गई और मजदूरों से सिर्फ स्टेप निर्माण करवाया गया। फर्जी मजदूरों के नाम पर निकासी की गई। इस तरह से कई डोभा निर्माण में गड़बड़ी की गई। इसके साथ ही 17 स्थानों पर वृक्षारोपण कार्य को बगैर पौधरोपण किए ही पैसे की निकासी की गई। ग्रामीणों ने कहा कि इस पंचायत में वित्तीय गड़बड़ी हुई है। इसकी शिकायत प्रखंड से भी की गई। 15 अप्रैल को प्रखंडस्तरीय जनसुनवाई के दौरान इस मामले को रखा गया। 16 अप्रैल को मनरेगा लोकपाल ने स्थल की जांच भी की और गड़बड़ी को सही भी पाया लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और गड़बड़ी करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई भी।

## आयोजन | 26वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप सिनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन

# सिनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप रांची में आज से



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय एथलेटिक्स संघ (ए. एफ.आई.),नई दिल्ली एवम झारखण्ड एथलेटिक संघ एवम पर्यटन, कला, संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, रांची के संयुक्त तत्वावधान में 15 मई से 18 मई तक मोराबादी,बिरसा मुंडा स्टेडियम, रांची में 26वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप सिनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के अंतरराष्ट्रीय एवम राष्ट्रीय स्तर के लगभग 700 पुरूष एवम महिला एथलीट एवम 150 तकनीकी पदाधिकारी, प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने को लेकर आज देर संध्या तक खेल निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा, ए.एफ.आई के सचिव डॉ रविन्द्र चौधरी, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता भारतीय एथलेटिक्स संघ के मुख्य कोच राधा कृष्ण नायर, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सी. डी. सिंह , एस के पाण्डे, आशीष झा, प्रभाकर वर्मा,अनवर समेत संघ के अधिकारी लगे हुए हैं।

15 मई को होने वाले इवेंट्स
पूर्वाह्न 1.प्रातः 5.40 -पुरूष वर्ग - 10,000- फाइनल
2. प्रातः 6.20 महिला वर्ग - 10,000- फाइनल
3.प्रातः 7.00 -पुरूष वर्ग - 1500- राउंड - I
4.प्रातः 7.20 -पुरूष वर्ग -100 मी० डेकाथलन- I
5.प्रातः 8.00 -पुरूष वर्ग - 100 मी०- राउंड - I
6.प्रातः 8.05 -पुरूष वर्ग - लम्बी कूद- डेकाथलन -क्क
7.प्रातः 9.00 -पुरूष वर्ग - 400मी०- राउंड - I
8.प्रातः 9.05 -पुरूष वर्ग - शॉटपुट डेकाथलन- राउंड -III
अपराह्न : 9. अपराह्न 5.30 -पुरूष वर्ग - ऊंची कूद डेकाथलन- राउंड -IV
10.अपराह्न 6.00 महिला वर्ग - हैमर- फाइनल
11.अपराह्न 6.10 पुरूष वर्ग - शॉटपुट- क्वालिफाइंग राउंड ए. एवम बी.
12. अपराह्न 6.20 महिला वर्ग - 100 मी.- राउंड-क 13..अपराह्न 6.40 पुरूष वर्ग -100 मी.- सेमी फाइनल
14.अपराह्न 6.50 पुरूष वर्ग - लंबीकूद - क्वालीफाइंग राउंड ए. एवम बी. 15.अपराह्न 7.10 महिला वर्ग - 400 मी.- राउंड-क 16.अपराह्न 7.30 पुरूष वर्ग - 400 मी.- सेमीफाइनल
17.अपराह्न 7.50 पुरूष वर्ग- डेकाथलन - 400 मी.- राउंड-श
18.अपराह्न 8.10 पुरूष वर्ग - 3000 मी.स्टीपल चेज - फाइनल
19.अपराह्न 8.30 महिला वर्ग - 3000 मी.स्टीपल चेज - फाइनल।

### उग्र हुआ हाथी, दशत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे झारखंड ओडिशा और पश्चिम बंगाल के बॉर्डर स्थित बहरागोड़ा के समीप हाथियों का तांडव जारी है। रविवार की सुबह-सुबह पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड में हाथी ने प्रवेश किया। उसके बाद ग्रामीणों ने भगाने के लिए लाठी-डंडे का उपयोग करते हुए गांव से बाहर खदेड़ दिया। इतना ही नहीं, गांव के लोग हाथी का पूछ पकड़ दौड़ाने लगे। तभी हाथी उग्र हुआ और उसके बाद ग्रामीणों को खदेड़ भगाया।
यह सिलसिला यहीं नहीं थमा। बहरागोड़ा में भी हाथी और उसका बच्चा गांव में प्रवेश किया, तो गांव के लोग हाथी के बच्चे के साथ मस्ती करने लगे। लेकिन यह मस्ती काफी महंगी पड़ी। हाथी का बच्चा अपने झुंड से बिछड़ गया और उसके बाद परेशान करने वाले लोगों पर हमला बोल दिया। गांव के बच्चे भागने लगे, तभी अचानक 2 लोग हाथी के चपेट में आ गए। दोनों को पटक दिया। बुरी तरह मारकर घायल कर दिया है ।फिलहाल गांव में दहशत व्याप्त है। वैसे 60 हाथियों का झुंड अब झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र बहरागोड़ा, चाकुलिया ,घाटशिला ,मुसाबनी से होते हुए दलमा में पहुंच चुका है।

# चार किमी. सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास पर ग्रामीणों में खुशी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बगोदर प्रखंड के अंतिम छोर में बसे चौधरीबांध पंचायत के कोल्हा गोलगो से कोडाडीह तक की सड़क के निर्माण की स्वीकृति हुई है। लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से 4 किमी दूरी तक रोड का निर्माण किया जाएगा। शिलान्यास के मौके पर ग्रामीणों ने बैंड बाजा बजा कर खुशी जताई। गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड का चौधरीबांध पंचायत अंतिम छोर में बसा है। एक ओर डुमरी तो दूसरी ओर सरिया प्रखंड का गांव पड़ता है। पंचायत के कोल्हा गोलगो से कोड़ाडीह की सड़क अबतक कच्ची है। इससे ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए विधायक विनोद कुमार सिंह ने सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाई।तीन करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री सड़क निर्माण योजना से इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य का शिलान्यास करने जब विधायक विनोद कुमार सिंह पहुंचे तब ग्रामीणों ने न सिर्फ विधायक का स्वागत करते हुए धन्यवाद दिया बल्कि डीजे और बैंड बाजा बजाकर शिलान्यास पर खुशी जताया। मौके पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रखंड मुख्यालय की बात हो या सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों की, इलाकों का विकास उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, पुल, पुलिया का निर्माण जरूरत के मुताबिक प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। कहा कि कोल्हा गोलगो से कोड़ाडीह की सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत होगी।उन्होंने यह भी कहा कि इस क्षेत्र के बच्चों को प्लस टू तक की पढ़ाई की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल सके इसके लिए वे प्रयासरत हैं। मौके पर प्रखंड प्रमुख आशा राज, उप प्रमुख हरेंद्र कुमार सिंह, जिप सदस्य रीता देवी, पूर्व जिप सदस्य गजेंद्र महतो, सहित मनोज कुमार साव, संतोष महतो, संवेदक ललन कुमार आदि उपस्थित थे।

# रामगढ़ : हिरण की मौत, वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत कुरसे जंगल में रविवार की सुबह ग्रामीणों ने घायल अवस्था में बारकिंग डियर (भौंकने वाला हिरण) देखा। ग्रामीणों ने हिरण को पानी पिलाने के बाद वन विभाग पतरातू को सुपुर्द सौंप दिया। उसके उपरांत वन विभाग द्वारा हिरण का वेटनरी डॉक्टर से प्राथमिक उपचार कराया गया। इसके बाद भी हिरण का स्वास्थ्य नहीं सुधरा एवं उसकी मौत हो गई। विभाग ने हिरण का पोस्टमार्टम कराने के बाद रेंजर एके चौधरी के देख-रेख में हुरूमगढ़ा स्थित वन विभाग पतरातू परिसर में ही उसका अंतिम संस्कार कराया। वहीं, वेटनरी डॉक्टर के मुताबिक बारकिंग डियर (चिल्लाने वाला हिरण) छलांग मारने के दौरान किसी झाड़ी में फंस गया होगा। जिसके कारण उसके माथे और शरीर में चोट लगी और शॉक के कारण उसे हार्ट अटैक आया होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रजाति का हिरण काफी कमजोर व डरपोक किस्म का जानवर होता है। अनुमान व्यक्त किया जा रहा है की हार्ट अटैक के कारण ही उसकी मौत हुई होगी। हालांकि अभी पोस्टमार्टम का रिपोर्ट आना बाकी है। रिपोर्ट के आने बाद ही मौत के सही कारण का पता चल पायेगा। वन विभाग की टीम ने मानवता का फर्ज देते हुए रेंजर अखिलेश कुमार चौधरी की देख-रेख में भुरकुंडा एसबीओ अनिल कुमार, प्रभारी वनपाल संतोष शर्मा, लगनू राम, शंकर राम, जिकेश कुमार, मंडल मांझी, रोहित मांझी आदि ने हिरण का अंतिम संस्कार किया।

## तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष ने माता छिन्नमस्तिके मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रामगढ़ ।** तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू रविवार को सपरिवार रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने माता की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया । मौके पर उन्होंने कहा की माता छिन्नमस्तिका हम सबों की मां है । ये एक मां की तरह जब हमें जरूरत होती है हमारी रक्षा करती हैं । इनकी पूजा से हमें शक्ति मिलती है । इनके आशीर्वाद से पूरे बरही विधानसभा क्षेत्र में सुख-शांति व समृद्धि बढ़ेगी । जबकि अरुण साहू की मां साबी देवी ने कहा कि मां छिन्नमस्तिका के दरबार में अपने परिवार के साथ शामिल होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मौके पर शिल्पी साहू, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश,साहू सेना के रांची जिला अध्यक्ष प्रदीप साहू, मोहित पटेल, रंजीत कुमार,सतीश कुमार,विनीत कुमार, प्रताप साहू आदि मौजूद थे ।

## जेनरल स्टोर में लगी आग,नगदी समेत समान जलकर हुआ खाक

### जिप सदस्य कुमकुम ने की जांच की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कपका चौक स्थित एक जेनरल स्टोर में बीते रात आग लगने से नगदी समेत सभी समान जलकर खाक हो गया। इस बाबत पीड़ित महेश मंडल, पिता नारायण महतो ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए जांच की मांग की है। दिये आवेदन में बताया कि शनिवार रात्रि 9:30 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। वहीं 3:30 बजे के लगभग लोगों ने फोन कर बताया कि दुकान में आग लग गई है। आनन फानन में सभी परिवार घटना स्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन असफल रहे। दुकान में रखा नगद दो लाख दस हजार समेत लगभग पंद्रह लाख रुपए की सम्पत्ति जलकर खाक हो गया। वहीं खबर पाते ही जिप सदस्य कुमकुम देवी घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही उन्होंने प्रशासन से जांच करने की मांग करते हुए कहा कि दुकान जल जाने से परिजनों के समक्ष विकट आर्थिक स्थिति उत्पन्न हो गई है। कुमकुम ने पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

## डिवाइन स्कूल में मातृ दिवस को लेकर समारोह आयोजित

# 'मां' त्याग, प्रेम, दया और स्नेह की मूर्ति : कुमकुम देवी





**नवीन मेल संवाददाता**

बरकट्ठा। गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस धूम धाम से मनाया गया। बच्चों ने अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति अपनी माँ को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। छात्र -छात्राओं ने तालबद्ध कदमो से अपनी नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि कुमकुम देवी ने कहा की भगवान हर जगह नहीं हो सकते इसलिए उन्होंने मां बनाई। उन्होंने मां की महिमा का वर्णन करते हुए उसे त्याग, प्रेम, दया और स्नेह की मूर्ति बताया, जिसकी छाया में मनुष्य ही नहीं देवता भी स्वयं को आनंदित अनुभव करते हैं। उन्होंने कहा कि मां ही बच्चे की मूक भाषा को समझती है। माँ के सार को पहचानने वाला दिन उच्च आत्माओं और आनंद में मनाया जाता है। यह उन अवसरों में से एक है जिसे हममें से कोई भी मिस नहीं कर सकता। राष्ट्रीयता, जाति, संस्कृति और लिंग के बावजूद बच्चों में भावनाएं होती हैं जो उन्हें अपनी माताओं से जोड़ती हैं। उक्त बातें विद्यालय के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने कहा। बच्चों ने अपने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सभी माताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्राचार्या स्वाती रंजन ने कहा की दिल को छू लेने वाली भावनाओं को आत्मीयता, कृतज्ञता, प्रशंसा और स्वीकारोक्ति से भर दिया। उन्होंने कहा की अपनी मां को प्यार, सम्मान और देखभाल जीवनपर्यंत करे। अतिथि के तौर पर प्रमुख रेनू देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, गैयपहाड़ी मुखिया कलावती देवी उपस्थित रही। समारोह के अंत मे प्राचार्या ने अभिभावकों, शिक्षकों और मैनेजमेंट का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल में आर्ट क्राफ्ट एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**रामगढ़ ।** अरगड्डा नईसराय मुख्य मार्ग हेसला में स्थित न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 से कक्षा 5 के बच्चों का आर्ट एंड क्राफ्ट कंपटीशन का आयोजन किया गया । जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया छात्रों ने पेंसिल स्टैंड, फ्लावर पाट, डाल, फोटो फ्रेम, बाल हैंगिंग आदि चीजें बनाई गई । साथ ही कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों का निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर आनेवाले बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में प्रथम रघुवीर , द्वितीय अलीशा, तृतीय आलोक बेदिया रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम शगुफा एंड शीतल, द्वितीय रेनू, तृतीय अलीशा एवं आफरीन रहे। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल मिली शाह ने प्रथम,द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत गया ।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के बच्चों का सीबीएसई 10वीं बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज का सीबीएसई 10वीं बोर्ड में विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है।विद्यालय में प्रथम स्थान होरिल दास 87%, द्वितीय स्थान अनिल कुमार 82%, श्रवण कुमार 71% समेत नेहा कुमारी, रानी कुमारी ,सुनील ठाकुर, अनिल कुमार , श्रवण कुमार, संतोष मंडल ,सोनू यादव ,संदीप यादव समेत अन्य विद्यार्थी शामिल है। सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की । संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती, प्रबंधक निदेशक बिरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक राजेश कुमार यादव शिक्षक नंदेव कुमार ,बैजनाथ मंडल, प्रकाश कुमार, नेहा कुमारी ,पवन कुमार पंडित आदि शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आशीर्वाद दिया।

## केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयनित हुए गौतम गंभीर



**बरकट्ठा।** सलैया पंचायत निवासी राजेंद्र प्रसाद के सुपुत्र गौतम गंभीर ने चरितार्थ कर दिखाया है। अभी रक्षा मंत्रालय में कार्यरत रहकर केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयनित हुआ हूॅ। इस शानदार सफलता पर लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों,बड़े मामा रामचंद्र चौधरी और जीजा अनुज कुमार को दिया है। कहा कि इन लोगों ने मुझे लगातार लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। वहीं भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने कहा साधारण परिवार के विद्यार्थी भी अपनी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें।

## बरही: अलग अलग स्थानों से दो युवती लापता, मामला दर्ज

### परिजनों ने मदद की लगाई गुहार





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** कोडरमा थाना में 19 वर्षीया सुप्रिया राज पिता राजेश कुमार सिंह की लापता संबधित शनिवार को मामला दर्ज कराया गया है। मामले के संबंध में कोडरमा थाना प्रभारी ने किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होने पर कोडरमा थाना को सूचित करने का अपील किया है। उक्त जानकारी बरही पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने दी है। वही दूसरी गुमशुदगी बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर पंचायत अंतर्गत गजिहरा टोला निवासी चेतलाल महतो की पुत्री देवंती कुमारी (१८ वर्ष) का है, जो शनिवार से लापता है। जानकारी देते हुए डीवीसी कॉलोनी में रहने वाले बैजनाथ महतो ने दी है। उन्होंने बताया कि उसके पिता जंगल से लकड़ी लेकर लौट रहे थे। इसी क्रम में किसी ने बच्ची को बताया कि उसके पिता पानी मांग रहे है। बच्ची पानी देने के लिए गई, परंतु वह वापस नही लौटी। परिजनों ने देर संध्या रविवार तक खोजा परंतु पता नही चला हर थक कर बरकट्ठा थाना को सूचित कर मदद की गुहार लगाई है।

### सीबीएसई बोर्ड 12वीं की साइंस परीक्षा में

## राज्य में शुभांगिनी को दूसरा स्थान, क्षेत्र का बढ़ाया मान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के झुरझुरी पंचायत अंतर्गत ग्राम गुंजरा निवासी रविकांत प्रसाद की पुत्री शुभांगिनी उर्फ मानसी ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं की साइंस ग्रुप में झारखंड राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता पर लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है। विदित हो कि शुभांगिनी मेट्रिक संत जेवियर स्कूल हजारीबाग व इंटर की पढ़ाई जेवीएम श्यामली रांची से की है । वहीं छात्रा अपने दोनों विद्यालय की टॉपर भी रही। ज्ञात हो कि शुभांगिनी के पिता रविकांत प्रसाद बीएसएनएल हजारीबाग में इंजीनियर है तथा मां डॉ0 शकुंतला केवी वोमेंस कॉलेज हजारीबाग में प्रोफेसर हैं ।उक्त छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। वही छात्रा डॉ0 बनकर देश सेवा करना चाहती है ।शुभांगिनी ने नीट 2023 भी लिखा है जिसमे भी अच्छे परिणाम की उम्मीद है। विदित हो कि शुभांगिनी जेईई मेंस में 98.21 परसेंटाइल प्राप्त कर चुकी है तथा जेईई एडवांस की तैयारी भी कर रही है ।वही किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना 2021 में ऑल इंडिया रैंक 632 प्राप्त की है जिसे भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु संचालित करती है। शुभांगिनी ने विज्ञान के क्षेत्र में रिसर्च ( बीएस एमएस) हेतु आवेदन भी किया है ।बायोलॉजी के नेशनल ओलंपियाड 2022 में शुभांगिनी स्टेट टॉपर भी रही है। इनका एक भाई शाश्वत चैतन्या अभी दसवीं की पढ़ाई नमन विद्या से कर रहे हैं एवम इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता है।

## शिक्षक के पुत्र आकाश ने एसएससी सीजीएल की परीक्षा में प्राप्त किया 7593 वां रैंक



**रामगढ़ ।** दिगवार उच्च विद्यालय के शिक्षक निरंजन कुशवाहा के पुत्र आकाश कुमार ( 24 वर्षीय ) ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी - सीजीएल) की आयोजित परीक्षा में 7593 वां यूआर रैंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। बताया जाता है कि प्रत्येक वर्ष निकाले जाने वाली इस वैकेंसी में आकाश पूरे भारत वर्ष के अंदर पहले फेज में 32 लाख युवाओं के साथ ऑनलाइन परीक्षा में शामिल हुआ था। जबकि दूसरे फेज की आयोजित परीक्षा में 3.50 लाख युवाओं में बेहतरीन रैंक लाकर एक होनहार युवक होने का परिचय दिया है। आकाश बहुत जल्द इनकम टैक्स विभाग में एक बड़े पद पर सुशोभित होंगे और विभाग की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। विद्यालय में अध्ययन के समय से आकाश मेधावी छात्र रहा है। जिसके कारण निजी कंपनी टाटा ने अपने यहां नौकरी दे रखी थी। लेकिन किसी कारणवश उस नौकरी को वह छोड़ दिया था। कहते हैं अगर दिल में कुछ कर गुजरने की जज्बा हो तो हर मुश्किल काम आसान हो जाता है। उसकी सफलता पर माता सुनीता देवी, बहन सहित अन्य सदस्यों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## पैंकी में श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन



**रामगढ़ ।** श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ को ले 14 मई को नगर परिषद क्षेत्र के पैंकी में भूमि पूजन के साथ ध्वजारोहण किया गया। मौके पर यज्ञाचार्य पंडित गंगा तिवारी एवं पुरोहित पंडित नितेश तिवारी ने यजमान डालचंद महतो, खेमलाल महतो, राजेश महतो, प्रदीप महतो, दिलेश्वर महतो सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके उपरांत दर्जनों की संख्या में शामिल श्रद्धालु महावीरी झंडे को लेकर देवी- देवताओं के उद्घोष के साथ क्षेत्र का नगर भ्रमण किया। इस बीच श्रद्धालु गांव के सभी पूजनीय स्थलों में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना किया तथा इसकी सफलता का आह्वान किया। तत्पश्चात मंडप परिसर पहुंचकर झंडे का ध्वजारोहण किया गया। भूमि पूजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, विशिष्ट अतिथि करमा दक्षिणी पंचायत मुखिया खागेश्वर महतो व सम्मानित अतिथि में वार्ड पार्षद सह समिति के संरक्षक चिंतामन उर्फ चितु महतो शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री महतो ने यज्ञ की सफलता के लिए ईश्वर से कामना किया। साथ ही कहा कि यही वह मार्ग है, जिसके द्वारा मनुष्य अपनी बुराइयों का त्याग कर अच्छे मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे। मौके अवसर पर तेजपाल महतो, धनेश्वर महतो, महेंद्र महतो, जयपाल महतो, दामोदर महतो, बालेश्वर महतो, प्रेम लाल महतो, हीरानंद करमाली, लखन करमाली, भोला महतो, सैनाथ महतो, घनश्याम महतो, गिरधारी महतो, पप्पू साव, आनंद यादव, नागेश्वर महतो, तुलेश्वर महतो, कैलाश महतो, तुलसी महतो, मेही लाल महतो, बाबू लाल महतो आदि उपस्थित थे ।

**शैक्षणिक कार्यक्रम**

## डीएवी पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन

# बच्चों ने किया कला का बेहतर प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** रविवार को गर्मी छुट्टी के दौरान डीएवी पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया । जिसकी शुरूआत प्राचार्य सहित उपस्थित अतिथियों ने डीएवी एंथम के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कैंप में शैक्षणिक कार्यक्रम के साथ खेल कूद, चित्रांकन, संगीत जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमे छठी से आठवीं के विद्यार्थियो ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया। उपस्थित अभिभावकों से प्राचार्य ए के सिंह ने विद्यालय में आयोजित होने वाले पीटीएम में उपस्थित होने की अपील किया। उन्होंने कहा कि पीटीएम से ही बच्चों की कमियां और खूबियां जानने का मौका मिलता है। जिससे विद्यालय प्रबंधन को बच्चों के गुणात्मक सुधार करने में सहायता मिलते है। कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं के टॉपर को विद्या केसरी, मोनिता केसरी और मो अल्तमस रजा ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम के अंत में 10वीं और 12वीं के टॉपर सहित कैंप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के एलएमसी सदस्य रमेश ठाकुर, इंद्रदेव यादव, वरिष्ठ पत्रकार जावेद इस्लाम, आदि सहित विद्यालय के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, नरसिंह शर्मा, राजेश सिन्हा, रंजीत कुमार, दीपक शरण, लल्लन यादव,अनिल कुमार, निखिल कुमार, आनंद पांडेय, उमेश कुमार राणा, मिथिलेश कुमार, अभय पाठक, नीरू कुमारी, सुधीर कुमार, आलोक सिन्हा, मंटू कुमार गोप, प्रवीन कुमार राय, निखिल कुमार, ममता सिंह आदि सही कई शिक्षक और अभिभावक उपस्थित थे. कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय के सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# जलडेगा : चापानल और जलमीनार पड़े हैं बेकार





## आदिवासी टोला के लोग गंदा पानी पीने को मजबूर

**आलोक कुमार साहू**

**जलडेगा।** केंद्र या राज्य सरकार भले ही विकास कार्य तेजी से धरातल पर उतारने का दावा करती हो पर आज भी लोगों को पेयजल की सुविधा नहीं मिल रही है। सिमडेगा जिला के जलडेगा प्रखंड का मामाभगिना गिरजा टोली गांव की आदिवासी बहुल इस गांव में 19 परिवार बसे हुए हैं, जो टीनगिना पंचायत के वार्ड नंबर 10 के अंतर्गत आता है। इस गांव के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। इन्हें पीने के पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। लाखों रुपया खर्च कर पूर्व मुखिया सेतेंग ने गांव के एक पुराने नल में जलमीनार लगवा दिया, कुछ माह पानी निकलने के बाद अब सालों से यह जल मीनार गांव के लोगों को मुंह चिढ़ाता नजर आ रहा है। वर्तमान में यह दोनों विकल्प खराब पड़े हैं। इस वजह से लोगों को पानी के लिए दो किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। पानी की सुविधा नहीं होने से रोजमर्रा के कामों में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण खेत में बने एक पुराने कुंआ का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। यहां के लोगों को पानी के लिए हर दिन जद्दोजहद करना पड़ रहा है। यही कारण है की यहां के लोग हर दो से तीन दिन में एक बार नहाते हैं। पानी के अभाव में बच्चे भी बिना नहाए स्कूल जाते हैं। गांव की शिशिर होरो, तारामणि होरो, सरोज होरो, प्रोमिला होरो, जिनिद होरो, सुषमा होरो, एमलेन होरो, अलिसा होरो, बसंती होरो, सुसारी होरो, सलीम होरो, बिराज होरो, नियरन होरो, गातियन होरो, अमृत होरो सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि वे जल मीनार बनाने के लिए पंचायत के मुखिया कल्याण गुड़िया से कई बार गुहार भी लगा चुके हैं, फिर भी सालों से आज तक उनकी मदद करने वाला कोई नहीं है। पंचायत के मुखिया कहते हैं जल मीनार को बनाने के लिए पैसा लगेगा, पैसा जमा करने पर ही बनेगा।इधर मामले पर मुखिया से बात करने पर उन्होंने कहा की इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा को दी जा चुकी है लेकिन अब तक जल मीनार बनाने को लेकर कोई कारवाई नहीं हुई है।

# डोमचांच में 107 वर्षीया सीता देवी का निधन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा/ डोमचांच।** शिक्षाविद प्रोफेसर के पी शर्मा के माता सीता देवी 107 वर्ष का डोमचांच नगर पंचायत स्थित श्रीपति निवास में रविवार के दोपहर एक बजे निधन हो गया। इनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सीता देवी स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान सैकडों आन्दोलन कारियों को डोमचांच महथाडीह स्थित अपने आवास में गुप्त प्रवास दिए थे। वहीं इनके पति स्वर्गीय श्रीपति शरण सिंह राजेंद्र प्रसाद, विनोवा भावे सरीखे आन्दोलन कारियो के आन्दोलन की रूप रेखा तथा उनके लिए संसाधन मुहैया कराने के लिए प्रसिद्ध थे। वहीं इनके निधन पर स्थानीय विधायक नीरा यादव, रमेश सिंह, शालिनी गुप्ता, दिगंबर पांडेय, जीप सेड्यस्य शान्ति प्रिया, देवेंद्र मेहता, बसंत मेहता, प्रोफेसर हिमांशु कुमार, कामाख्या नारायण सिंह, बेदू साव, अंगलाल राम, विजय राम, मुरली राम, उमा नाथेंद्र गुरु आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## झुमरी तिलैया : आज सुबह 9:30 बजे से शाम 4.30 बजे तक नहीं रहेगी बिजली

**झुमरी तिलैया।** बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को सुबह 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यों के लिए डीपीसी के द्वारा शटडाउन लिया जा रहा है। इसका प्रभाव गोदखर, परसाबाद, डोमचांच, मरकचो, थाम और सतगावां फीडर से जुड़े सभी क्षेत्रों पर पड़ेगा।

### राजाबासा डांड़पानी में खस्सी कप हॉकी टूर्नामेंट का समापन

# देश में सिमडेगा के खिलाड़ियों ने दिलाई विशेष पहचान : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के राजाबासा स्थित डांडपानी मैदान में आयोजित खस्सी कप हॉकी टूनार्मेंट का समापन किया गया इस समापन मैच में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया जिसके बाद खेल की शुरूआत हुई खेल में लम्बोई एवं घुटबहार की टीम फाइनल मैच खेला। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि सिमडेगा की धरती हॉकी के क्षेत्र में विश्व विख्यात है और यहां के कई खिलाड़ी देश विदेश में जाकर नाम रोशन करने का काम किया है। आप सभी ग्रामीण स्तर से खेलते हुए जिला एवं राज्य तथा देश के नेतृत्व करें खेल के क्षेत्र में लगातार खिलाड़ियों के द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं ताकि देश का नाम रोशन। यहां के रग-रग में होती है और उसी जुनून को बरकरार रखने की आवश्यकता है। उन सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की बात कही ताकि यहां से कुछ सीख कर आगे जाए ने कहा किसी से भी प्रतिद्वंदी के रूप में कभी बैर ना रखें। साथ ही उन्होंने ने सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने संबोधित करते हुए कहा कि मेरे पिता अपने कार्यकाल में इस क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार के कार्य किए और जो रुके हुए कार्य है। उसे पूरा करने का समय आ गया है और आप सभी का सहयोग से इस क्षेत्र में सभी रुके हुए कार्य को पूरा किया जाएगा ताकि ग्रामीण स्तर की छुपी हुई प्रतिभाओं को बाहर लाया जा सके।उन्होंने खिलाड़ियों को झारखंड पार्टी की ओर से सभी प्रकार की सहयोग देने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से पादरी रेव्ह निर्मल किंडो, प्रचारक लूथर बाड़ा, एतमोन बरला, जोसेफ, नावेल, अमृत, जोलेन लुगुन, ललित समद, विश्राम उपस्थित हुए आयोजन कमेटी में मनोहर समद, कुंवर समद, गिदवन समद, हेमंत संमद ,मतीयस समद, जीवन समद जुनुल जोजो आदि उपस्थित रहे।

### निरसा विधायक ने अधिकारियों के साथ की कार्यों की समीक्षा बैठक

# पठन-पाठन की रुचि बढ़ाने पर दिया जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधानसभा पुस्तकालय समिति की माननीय सभापति सह निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने परिसदन सिमडेगा में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विभिन्न योजना एवं कार्यों की समीक्षा की।सभापति ने समीक्षा के क्रम में पहले अधिकारियों से जिले के सभी पुस्तकालय की स्थिति की जानकारी ली और जिला पुस्तकालय सहित जिले के सभी विद्यालयों में पुस्तकालयों की समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं संबंधित विभाग द्वारा संचालित सभी प्रकार के पुस्तकालय के बारे में जानकारी ली। सभापति ने अधिकारियों से आपदा प्रबंधन के बारे जानकारी ली। अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा से उन्होंने जिले में होने वाले सर्प दंश की घटना और पीड़ित को सरकार द्वारा मिलने वाले लाभ के बारे प्रचार-प्रसार के बारे जानकारी ली। जिला आपूर्ति पदाधिकारी से जिले में चलने वाली विभिन्न योजना ग्रीन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड के बारे में जानकारी ली। गृह कार्य और आपदा प्रबंधन विभाग से उन्होंने मंडल कारा में पुस्तकालय,इलेक्ट्रिक,सीसीटीवी,महिला कैदियों के प्रशिक्षण,भोजन की व्यवस्था साफ-सफाई और चिकित्सा के व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इसके बाद सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के बारे में जानकारी ली। जिसके बारे में डीपीआरओ द्वारा प्रचार प्रसार के बारे में बताया गया। वही कौशल विभाग द्वारा संचालित होने वाले विभिन्न योजनाओं के बारे में सभापति ने जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग से जिले में निर्माण होने वाले विभिन्न सड़कों और योजनाओं की जानकारी ली। ग्रामीण विकास विभाग से मनरेगा ,प्रधानमंत्री आवास एवं अम्बेडकर आवासआदि योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से विद्यालयों की स्थिति,विद्यालय में दी जाने वाली सुविधाएं,मध्याह्न भोजन के बारे में जानकारी ली।

## द आरवीएस में धूमधाम से मना मातृ दिवस



**झुमरी तिलैया।** द रामेश्वर वैली स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष में कार्यकर्म का आयोजन किया गया। किसी ने माँ की ममता को शब्दों में पिरोया। कोई माँ की दी सीख को साझा करता दिखा तो किसी ने मम्मी को भगवान की बनाई सबसे सुंदर रचना बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने-अपने तरीकों से मां के प्रति प्यार जताया। विद्यालय की प्राचार्या रश्मि बर्णवाल के साथ सभी मातृ शक्ति ने 10 पाउण्ड का केक काटकर सबों को मातृ दिवस की बधाई दिया। बच्चों ने अंगुली पकडकर चलना सिखाया... मेरी मां.....गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर सबों को मनमुग्ध कर दिया। स्कूल की शिक्षिका पूनम कुमारी,प्रति अजमानी,सीमा कुमारी व अभय मोदी ने अपने जादूई अंदाज में मंच संचालन कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बच्चों के माताओं के बीच रैंप वॉक, गेम्स-फन, डांस परफॉर्मेंस, मम्यूजिकल चेयर , कुक विदाउट फायर प्रतियोगिता कराया गया और सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चो संघ भाग लेकर सभी माताएं बोहोत ही खुश हुई एवम बच्चे भी बोहोत उत्साहित दिखे। बच्चो द्वारा कविताओं को सुन कर कई माँ के आंखो से आसू निकल आए पूरा माहौल भावुक हो गया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या रश्मि बर्णवाल ने दिया। कार्यकर्म को सफल बनाने में सभी शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई जिसमे दिव्या कुमारी, श्रुति सिंह, मनाली शाह, आकाश मोदी , सागर कुमार एवम सूर्या नारायण पाठक थे।

## श्री श्री रविशंकर जी के 67वॉ जन्मदिन पर भजन संध्या का आयोजन



**झुमरी तिलैया।** आर्ट ऑफ लिविंग झुमरी तिलेया के तत्वाधान में श्री श्री रविशंकर जी का 67वॉ जन्मदिन झुमरी तिलैया के अडडी बंगला रोड श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में मनाया गया। इस अवसर भजन संध्या का आयोंजन किया गया। कार्यक्रम की शुस्आत में उनकी तस्वीर के समझ गुरू पूजा किया गया और उपस्थित भक्तों ने केक काटा और प्रसाद के रूप में उसे वितरण किया गया। आर्ट आम्फ लिविंग के जिला संयोजक गिरधारी सोमानी ने बताया कि भारत सहित 170 देशों ने सत्संग का आयोजन किया गया। उन्होनें कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग सामाजिक भलाई का कार्य कर रही है। इसके तहत रक्तदान शिविर, पौघा रोपण के अलावा लोगों को योग और मेडिटेंशन सेवाएॅ दे रही है। उन्होनें कहा कि जब भी किसी देश में त्रासदी आती है तो आर्ट ऑफ लिंविंग के सदस्य बढ चढकर भाग लेते हैं और लोगों की सेवा करते है। इधर उनके जन्म दिन पर आयोजित भजन संख्या में भजन गायक नवीन पंडेया ने गुरूदेव कृपा करना मुझको अपना ले ... भजन प्रस्तुत कर की। वही निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री रविशंकर जी के अनुयायी आज देश भर में एक अलग पहचान बनायी।

# अंबापानी मंडली का 40 वां स्थापना संस्कार समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के अंबाटोली मंडली का 40 वा स्थापना संस्कार दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एनोस एक्का का एवं उसके पुत्र झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का शामिल हुए। आगंतुक अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया इस दौरान पादरी रेव्ह वटुवेल लुगुन के द्वारा धार्मिक आराधना किया गया जिसका सहयोगी प्रचारक सुरेश कुदु के द्वारा की गई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा 40 वर्षों तक लगातार अम्बाटोली मंडली संचालित हो रही है और सबसे खुशी की बात है कि सभी लोग मिलजुलकर एक छत के नीचे परम पिता परमेश्वर का प्रार्थना करते हैं। मानव जीवन में परमेश्वर की विनती करने से सभी प्रकार की समस्याओं का निदान होता है।

## संत फ्रांसिस जेवियर चर्च में काथलिक सभा का आयोजन

**बानो।** प्रखण्ड के संत फ्रांसिस जेवियर चर्च जितुटोली में काथलिक सभा का आयोजन किया गया लचरागढ़ भिखरिएट काथलिक सभा का23वां वार्षिक अधिवेशन 2023 विधि पूर्वक सन्त फ्रांसिस जेवियर गिरजाघर में आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम में भिखरिएट के डीन फा जोसेफ एरिक कुल्लू मुख्य अनुष्ठाता रहे ।मिस्सा पूजा अनुष्ठान में फा राजेश केरकेट्टा, फादर अलेक्जेंडर, फा जेवियर सोरेंग ,फादर एग्नेस टोप्पो, फा अरबिंद खाखा व फा ज्योतिष खाखा ने सहयोग किया ।डीन फादर जोसेफ एरिक कुल्लू ने कहा ईश्वर से प्रेम करें।

# नवीन सिंह एवं श्रवण गोस्वामी बने मंडल सांसद प्रतिनिधि





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा द्वारा भाजपा कार्यकर्ता नवीन सिंह को सिमडेगा नगर मंडल के लिए एवं पिथरा निवासी श्रवण गोस्वामी को सिमडेगा ग्रामीण के लिए सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है ।इन दोनों के मनोनय पर भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष जताते हुए दोनों सांसद प्रतिनिधि को बधाई दी है। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व मंत्री विमला प्रधान जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव नगर परिषद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू दुर्गविजय सिंहदेव श्यामलाल शर्मा दिपक पूरी अनूप प्रसाद संजय ठाकुर अमरनाथ बामलिया उपेंद्र श्रीवास्तव संजय शर्मा सतीश पांडे भोला साहू मनोज साय प्रणव कुमार श्री लाल साहू तुलसी साहू श्रद्धानंद बेसरा सुजान मुंडा राकेश रविकांत रामविलास बड़ाईक कृष्णा बड़ाईक आदि ने बधाई दी है।

**हौसला बढ़ाया**

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों संग थिरके अभिभावक, प्रतिभागी हुए पुरस्कृत





**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मदर्स डे को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के संग-संग अभिभावकों के भी पांव थिरकते नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिल्पा कसेरा थीं। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, उप निदेशक विनोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार और मुख्य अतिथि शिल्पा कसेरा ने संयुक्त रूप से दीप जलाका कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद शुरू हुआ विविध प्रस्तुतियों का दौर जो दोपहर देर तक चलता रहा। कार्यक्रम के दौरान डांस में शिल्पा, रंजीता और पूजा, गीत में संजीता, जहाना और रूपा, रैंप वॉक में मौसमी विश्वास, सीमा केसरी और रंजीता को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। जबकि सर्वश्रेष्ठ पोशाक के लिए पूनम जोशी विजेता चुनी गई। कार्यक्रम के दौरान जी-20 के विजेताओं की घोषणा भी की गई। इसमें बेस्ट स्पीकर अवार्ड चाइना के प्रतिनिधि अनन्या श्रीवास्तव, बेस्ट ऑफिस चेयर अवार्ड रूस के प्रतिनिधि अनमोल राज, बेस्ट कस्टम का अवार्ड रुकैया सफीक, बेस्ट मीडिया मेंबर के लिए अमित कुमार साव को पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा बेस्ट डेलिगेशन में वंदना कुमारी, नित्या वाणी, ऋषिका रानी, श्रुति कुमारी, हरवीन सिंह चुने गए। जबकि आकाश हाउस को बेस्ट हाउस का अवार्ड मिला। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि शिल्पा कसेरा, विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया।

**कार्यक्रम का आकर्षण:** अमेरिकन डांस, जापानीज डांस, ब्राजील डांस, असम, बंगाल, पंजाब, राजस्थान का फोक डांस, ऑस्ट्रेलियन सॉन्ग, ब्रिटिश सांग, बंगाल रविंद्र संगीत कार्यक्रम का आकर्षण था। प्राइमरी तथा प्री प्राइमरी के बच्चे मातृ शक्ति को नमन करते हुए हिंदी व इंग्लिश में मदरस डे सॉन्ग गाये व डांस किया। कोडरमा स्कूल इवेंट में पहली बार लाइव ऑर्केस्ट्रा में बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों पर आधारित गीत गए, विभिन इंस्ट्रूमेंट बजाये तथा डांस भी लाइव किया। इस मौके पर एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने बताया की इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों में ज्ञान के साथ साथ सर्वांगीण विकास होता है।

# लूट कांड का उद्भेदन, दो लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद पुलिस ने लूट कांड में शामिल दो अपराधियों को लूटी गई बाइक व अन्य सामग्री के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। हुसैनाबाद थाना में प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि विगत 27 अप्रैल को एक बारात पार्टी से लौट रहे मामा भांजा को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लंगरकोरट गांव के समीप बाइक पर सवार दो अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखा कर बाइक, मोबाइल समेत पैसा लूट लिया था। भुक्तभोगी ने इस संबंध में हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि हुसैनाबाद थाना के जमुआ गांव निवासी वादी विगन राम अपने भाजा के साथ 27 अप्रैल 2023 को 3.00 बजे सुबह में शादी समरोह से लौट रहे थे। उसी क्रम में जपला पथरा पथ में लंगरकोट पहाड़ी के पास दो अज्ञात अपराधियों द्वारा बन्दुक के बल पर हीरो होन्डा स्पलेंडर मोटरसाइकिल, दो स्मार्ट मोबाईल फोन तथा 5000/- हजार रुपये लूट लेने कि घटना से संबंधित आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर हुसैनाबाद थाना कांड सं0-92/23 दिनांक 27.04.23 धारा-356/382 भादवि. दर्ज किया गया था। एसडीपीओ पूज्य प्रकाश हुसैनाबाद के निदेर्शानुसार इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान, अनुसंधानकर्ता सअनि. बादल मुर्मू एवं सशस्त्र बल के साथ एक टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान लूटे गये मोबाइल का तकनिकी शाखा की मदद से अभियुक्तों तक पहुंचा जा सका। लोकेशन पर छापामारी कि गई। छापामारी के दौरान लवकुश कुमार उर्फ गोलु के घर से छिने गये मोटरसाईकिल जेएच- 03जी -4500, एक नाली का एक बड़ा बन्दुक, एक चाकू, रेडमी कम्पनी का मोबाइल तथा आकाश कुमार उर्फ गोलू के पास से छिना गया इन्फिनिक्स कम्पनी का मोबाइल बरामद किया गया। छिना गया मोबाइल एवं मोटरसाइकिल बरामद होने पर दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुछताछ में उक्त दोनो ने अपना अपराध स्वीकार किया है। जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। लवकुश कुमार उर्फ गोलु ग्राम सरहु टोला जरहीपर थाना हैदरनगर का रहने वाला है। जबकि आकाश कुमार सिंह उर्फ गोलु ग्राम महुअरी टोला टीकरपर थाना, हुसैनाबाद का नाम शामिल है। बरामद अन्य सामान में पांच पीस कम्बाईन्ड वर्दी, चार पीस कम्बाईन्ड टी-शर्ट, तीन पीस कम्बाईन्ड टोपी, दो पीस काला गमछा, एक पीस काला बेल्ट छापामारी दल ने बरामद किया है। इसमें शामिल पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, पुअनि. सौरभ कुमार, सअनि. बादल मुर्मू (अनुसंधानकर्ता), हवलदार राजमोहन राम के अलावा आरक्षी व जवान शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### नामांकन की तिथि 7 जून को

**मेदिनीनगर।** शहर थाना मननयजीवी सहयोग समिति लिमिटेड में प्रबंधन समिति के गठन हेतु निर्वाचित कार्यक्रम प्रारंभ मतदाता सूची पर आपत्ति की तिथि 16 मई। नामांकन की तिथि दिनांक 29 मई तथा विशेष आम सभा दिनांक 7 जून को निर्धारित किया गया है।

### सेवानिवृत सेविका को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

**विश्रामपुर।** आंगनबाड़ी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा बिश्रामपुर मध्य विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में करमडीह की आंगनबाड़ी सेविका परणिता सिंह को सेवानिवृत होने पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रियंका देवी व संचालन शारदा मिश्रा ने किया। समारोह में सेविकाओं ने परणिता सिंह को शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया। मोर्चा के प्रमंडलीय अध्यक्ष शिवबंश मिश्रा ने परणिता सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।मौके पर प्रो.फरीद खान,कामेश्वर केशरी,सुदामा यादव,मुन्नी देवी, ऊषा देवी,नूरजहां बीबी,मीना देवी,इंदुबाला देवी,नीलम देवी सहित कई सेविका और सहायिका मौजूद थीं।

### चौमासा प्रवचन आयोजित

**नावा बजार।** पलामूः समस्त भूमंडल में प्रभु श्री राम ने मानव रूप में अवतार लेने की महिमा को जागृत किया भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में श्रीराम ने मयार्दा में रहकर मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए मयार्दा की एक ऐसी पराकाष्ठा पेश किए जो मिशाल बना। यह उक्त बातें छत्तीसगढ़ से पधारे जगतगुरु पीठाधीश्वर ब्रह्मदेवाचार्य ने कही। ब्रह्मदेवाचार्य पलामू जिला के बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा गांव में कोयल नदी के तट पर भगवान विष्णु मंदिर प्रांगण में चौमासा प्रवचन कह रहे हैं। जगतगुरु पीठाधीश्वर ने राम के प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा संसार में राम के सिवा त्याग की प्रतिमूर्ति आदर्श दूसरा कोई अवतार नहीं ले सकता। नारायण हरि के सातवें रूप में प्रभु श्रीराम ने धरती पर अवतार लेकर राक्षसों का समूल विनाश किये। भारतवर्ष में समय त्रेता युग , जहां ऋषि-मुनियों को यज्ञ पूजा पाठ करने की मनाही थी, राक्षस पूरे भारत पर अपना अधिकार जमा कर यज्ञ पूजा पाठ रोकते थे, धरती पर रावण का अत्याचार बढ़ जाने पर सभी देवताओं ने भगवान विष्णु की शरण लिया था, जिसके बाद भगवान विष्णु ने प्रभु श्री राम के रूप में महाराजा दशरथ के यहां अवतार लेकर 14 वर्ष तक वन में रहकर राक्षस का समूल विनाश किया। वही विष्णु निर्माण कमेटी के अध्यक्ष तुलसी तिवारी एवं सचिव मखीरन तिवारी ने 20 मई से शुरू हो रहे श्री श्री लक्ष्मी नारायण सह भगवान विष्णु प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में आसपास के ग्रामीणों से बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की।

### ईट भट्टे पर काम करने वाले मजदूर की ट्रैक्टर से गिरकर मौत

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम ताली पिपरा निवासी कृष्णा सिंह उम्र 35 वर्ष की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कृष्णा सिंह नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत नसीम हुसैन के ईट भट्ठा पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। शनिवार को वह ईट भट्ठा के लिए माटी लेने के लिए ताली चिड़ी स्थान के पास जा रहा था।इसी बीच वह अचानक ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी नावाबाजार थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही उसके मौत के बाद से पत्नी उषा देवी का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है। वही उषा देवी ने बताया कि हमारे घर में सिर्फ एक ही कमाने वाला व्यक्ति था।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में शनिवार की देर शाम अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला दंगवार मुख्य सड़क पर मंगलडीह गांव के समीप बाइक दुर्घटना में बराही गांव निवासी रंजीत कुमार सिंह नामक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर के बदले वाराणसी ले गये। वहीं दूसरी घटना जपला छतरपुर मुख्य रोड के उपरी मोड़ के समीप एक महिला को बचाने के क्रम में महिला व बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। घायलों में कचरा गांव निवासी अमरजीत सिंह और उपरी गांव की जहदा बीबी घायल हो गई। दोनों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। इस घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## बेटी की शादी के लिए दी आर्थिक सहायता राशि



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने कचरा गांव के कृष्णा शर्मा के पुत्री की शादी के लिए आर्थिक सहायता कर उनकी खुशियों में शामिल हुए।उनकी सहायता के लिए परिवार के सदस्यों ने उन्हें दिल से आशीर्वाद दिया। मौके पर जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि हमारा लगातार कोशिश रहता है कि गरीबों, जरूरतमंद लोग व वृद्धजनों की मदद की जाए । उन्होंने कहा, समाज के कई सक्षम वर्ग के लोगों को आगे आकर जरूरतमंद लोगों की सेवा करनी चाहिये। जरूरतमंद बेटी की शादी के लिये जरूर मदद करने का प्रयास करना चाहिए जिससे उनकी शादी में कोई अड़चन ना आए। उन्होंने कहा कि कृतज्ञता व मानवता ही सबसे बड़ा धर्म होता है।

### दो बाइक कि टक्कर में एक युवक गम्भीर

**विश्रामपुर ।** रेहला मुख्य पथ पर बरवाडीह गांव के पास दो मोटरसाइकल की आमने - सामने के टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।घटना रविवार शाम 4.30 बजे की है।मिली जानकारी के अनुसार डंडिला कला गांव निवासी जाहिद अंसारी अपने बाइक पर घर की दो महिला को लेकर बिश्रामपुर की ओर जा रहा था।इसी बीच बरवाडीह के पास तेज रफ्तार में विपरित दिशा से आ रहे कजरू गांव निवासी दिलाशद अंसारी ने अपने गलैमर बाइक से जोरदार टक्कर मार दी।इस घटना में जहां दिलाशद अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया।

# राष्ट्रीय स्तर पर पलामू के पीवीटीजी पाठशाला का चयन

## जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिल्ली में देंगे प्रजेंटेशन

**वर्तमान में 411 बच्चे इस पाठशाला से जुड़कर शिक्षा ग्रहण कर रहे है**

**पढ़ाई के प्रति रुचि बनाये रखने के लिए पाठशाला किट का वितरण भी किया जा रहा है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** जिले के अतिसुदूरवर्ती क्षेत्र मनातू में पीवीटीजी पाठशाला के माध्यम से स्थानीय आदिम जनजाति के बच्चों की तस्वीर बदलती हुई दिखायी दे रही है। कभी ये बच्चे किताबों से कोसो दूर रहते थे। लेकिन आज ये बच्चे किताबों से दोस्ती कर शिक्षा की ओर अग्रसर हैं। जंगलों एवं कठिन भौगोलिक परिस्थिति में रहने वाले इन बच्चों में ग्रामीण विकास विभाग की ओर से उड़ान परियोजना के अंतर्गत संचालित पीवीटीजी पाठशाला के माध्यम से शिक्षा की अलख जगायी जा रही है। इसके जरिये बच्चों को स्कूल में दाखिला कराने, उनमें बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने तथा पढ़ने-लिखने की आदत और रुचि पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रयास के सकारात्मक परिणाम भी आये हैं। जिसका असर ये है कि वर्तमान में 411 बच्चे इस पाठशाला से जुड़कर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। साथ ही समय-समय पर बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बनाए रखने के लिए पाठशाला किट का वितरण भी किया जाता है। ज्ञातव्य है कि विगत दिनों उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने जिले के कई सूदूरवर्ती क्षेत्र जैसे मनातू के कुंडिलपुर, करमा पाल्हे और रामगढ़ आदि का दौरा कर आदिम जनजाति के लोगों को मुख्य धारा में लाने का आश्वासन दिया था। जिसके मद्देनजर उपायुक्त श्री दोड्डे के निर्देश पर जेएसएलपीएस कि ओर से उड़ान प्रोजेक्ट के तहत आदिम जनजाति के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने हेतु जिले के कई इलाके में पीवीटीजी पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसका सुखद परिणाम यह रहा कि दिल्ली में प्रजेंटेशन के लिए पलामू का चयन किया गया है। जहां झारखंड की ओर से जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिल्ली में आगामी 18 व 19 मई को केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के समक्ष प्रजेंटेशन देंगे।जहां पीवीटीजी पाठशाला के माध्यम से किये गए बेहतरीन प्रयास को पटल पर रखा जायेगा।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, प्रेम प्रसंग में हत्या किए जाने की आशंका



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत डमडोया पंचायत के ग्राम डमडोया निवासी उपेंद्र दांगी के 21 वर्षीय पुत्र ऋतिक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। युवक का मौत का कारण परिजन प्रेम प्रसंग बता रहे हैं व शहर के धंगरटोली मोहल्ला स्थित घर में रहते हैं। मृतक के पिता का कहना है कि मेरे पुत्र को उसके साथियों ने ही जहर देकर मार दिया। पूरे मामले को परिजन प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बता रहे हैं। परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व ही एक लडकी को लेकर चार दोस्तों के बीच मारपीट हुई थी। बाद में मामले को सलटा लिया गया और फिर चारों में दोस्ती हो गई। उनका कहना है शनिवार रात को भी ऋतिक अपने सभी दोस्तों के साथ खाया पिया था। जब वह घर आकर सोया तो फिर सुबह नहीं उठा। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह मृत पड़ा था। हालांकि उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, परंतु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, एसडीपीओ अविनाश कुमार, थाना प्रभारी मनोहर करमाली मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। वहीं भोक्ता सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि मामला दुखद है। इसकी जांच कराई जाएगी। दोषी चाहे कोई भी हो बक्शे नहीं जायेंगे।

### अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई युवक घायल

**बालूमाथ।** बरियातु थाने के सामने अनियंत्रित बाइक के डिवाइडर से टकरा जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान आनंद लकड़ा, पिता डरविन लकड़ा, चतरा निवासी के रूप में हुई है। उसे बारियातु थाना पुलिस की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया है। डॉक्टर के अनुसार युवक के हाथ व सिर में चोट लगी है। यिवक चतरा से रांची जा रहा था।

### बिजली के झटके से युवक हुआ मूर्छित

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के हेरहंज प्रखंड के लावा गड़ा में बिजली के झटके से युवक मूर्छित हो गया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार विजय उड़ाव पिता नागेश्वर उराव अपने घर में बिजली फॉल्ट को ठीक कर रहा था। उसी दौरान विद्युत की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने मूर्छित अवस्था में उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया।

## 28 मई को किया जाएगा विधायक आवास का घेराव : ओबीसी मोर्चा




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

ओबीसी मोर्चा की ओर से रविवार को बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद एवं संचालन लातेहार प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि लातेहार में ओबीसी की संख्या लगभग 50 प्रतिशत होने के बावजूद आरक्षण शून्य होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे ओबीसी समाज में आक्रोश है। इसके लिए हम लोगों को मिलकर चरणबद्ध आंदोलन करने की आवश्यकता है। आंदोलन के प्रथम चरण में 28 मई को लातेहार विधायक एवं मनिका विधायक का आवास घेराव करने का निर्णय लिया गया है। लातेहार जिला स्वतंत्र रूप से ओबीसी आरक्षण के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेगा। इस बैठक में श्री संघर्ष समिति झारखंड के महासचिव दिलीप साहू ने बताया कि 7 जिलों में आरक्षण शून्य होना आश्चर्य की बात है। हम लोग राजनीति का शिकार हुए हैं। इस मामले में जवाब देने की आवश्यकता है।

केंद्रीय महिला संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनीता साहू ने कहा कि 7 जिलों में जीरो आरक्षण का मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। इसमें महिलाएं भी आगे रहेंगी। मौके पर सुशील कुमार अग्रवाल, रामप्यारे प्रसाद, शिवनंदन यादव, राजीव रंजन प्रसाद, महेश प्रसाद, गोविंद प्रसाद, विष्णु गुप्ता, आफताब आलम, अनूप कुमार, रंजीत कुमार, देवनंदन प्रसाद, सत्यनारायण ठाकुर, शिवदयाल गुप्त, केंद्रीय कोषाध्यक्ष आनंद गुप्ता, अनिल यादव, धर्मेंद्र प्रसाद, उमाशंकर गुप्ता, प्रमोद यादव, उत्तम कुमार, मुकेश सोनी, कौशल , राजू यादव, संजीत प्रसाद, नरेंद्र प्रजापति, निरंजन साहू, नरेश यादव, शिवकुमार प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**सरोकार** — कम उम्र के बच्चे हो रहे शिकार, अंधकार में जीवन

# पलामू में बढ़ रहा नशे का कारोबार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज की युवा पीढ़ी नशा के लिए नए-नए तरकीब अपना रही है। शहर में नशेड़ियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही है। उन्हें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आर्थिक पहलुओं से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फिर भी वे इस लत से छुटकारा नहीं पाना चाहते। ये हर चीज में नशा ढूंढने में लगे हैं। बीमारी से निजात दिलाने के लिए बनी दवाओं का उपयोग अब नशे के रूप में किया जाने लगा है। इतना ही नहीं सुलेशन, इंक रिमूबर, पेंट आदि भी नशा के रूप में लोग उपयोग करने लगे हैं। दवा दुकानदार भी अपने फायदे के लिए बिना डाक्टर की पर्ची देखे ही ये नशीली दवाएं बेंच रहे हैं। जिससे उनकी अच्छी आमदनी हो रही है। दर्द और एलर्जी से राहत दिलाने के लिए बनाई गई दवाइयों का उपयोग युवा वर्ग नशे के लिए करने लगे है। पेंटविन ,अल्प्रेक्स टैबलेट, कोडीन सिरप,इंजेक्शन, कोरेक्स सीरप और स्पाजमो प्राक्सीवान कैप्सूल का नशे के लिए उपयोग किया जा रहा है। नशे के ये सामान मेडिकल स्टोर में 2 रुपए से लेकर 15 रुपए में आसानी से मिल जाते हैं। बताया जाता है कि स्पाजमो प्राक्सीवान कैप्सूल पेट दर्द से राहत की दवा है। इसकी कीमत 2 रुपए है। युवा एक साथ चार से पांच कैप्सूल खाकर इसका उपयोग नशे के लिए कर रहे हैं। फिर भी ये दवायें दुकानों में बिक रही हैं। नशा करने वाले युवक बताते हैं कि जब वे लोग इस दवा का सेवन कर लेते हैं तो लगता है कि किसी के साथ मार पीट करने लगे और अजब बेचैनी सा महसूस करने लगते हैं। यदि समय रहते नशे का कारोबार करने वाले दवा दुकानों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाला समय युवा पीढ़ी के लिए बरबादी का समय बनकर रह जाएगा।

### सुलेशन का भी ले रहे सहारा

नशे के अभ्यस्त बन चुके लोगों में कुछ लोग शराब के विकल्प को छोड़ सुलेशन का उपयोग नशा के रूप में कर रहे हैं। शायद इनके अंदर मौत का भी खौफ नहीं है। वे सुलेशन का सहारा नशा पूर्ति के लिए कर रहे हैं। इसका इस्तेमाल ऐसे हो रहा है जैसे हेरोइन और चरस का होता है। अहम बात यह है कि इस पर न तो जिला प्रशासन की बंदिश है और ना ही परिवार के लोगों को जानकारी। दुकानदार निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए सब कुछ जानने के बाद भी बेच रहे हैं। ये लोग सुलेशन को खरीदकर उसे सूती कपड़े में लगाकर चीलम में डाल देते हैं फिर उसमें आग लगाकर गांजे की तरह कश लेते हैं। जिन्हें चीलम नहीं मिलती वे सीधे नाक से धुंआ निगलते हैं। इसका उपयोग करने वालों की मानें तो यह शराब, गांजा और हेरोइन की तरह ही नशा देता है। कुछ लोग तो सुलेशन को एक सूती कपड़ा में डाल कर उसे मुह के सहारे सांस लेकर इसका सेवन करते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि सुलेशन में एसीटोन होता है। जिसे सूंघने पर व्यक्ति को नशा होता है। इससे धीरे-धीरे नींद आती है तथा हृदय गति कम हो जाती है। इसका असर एल्कोहल की तरह ही होता है। ज्यादा लेने पर मौत का भी खतरा है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से आज पूरा विश्व चिंतित व प्रभावित है और जहां तक भारत का प्रश्न है, यहां यह समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। इसके दुष्प्रभाव से सरकार, समाज व आम आदमी परेशानी का सामना कर रहा है।

### नशा मुक्ति में परिवार की होती है अहम भूमिका



नशा मुक्ति में परिवार की भूमिका अति आवश्यक तथा महत्वपूर्ण होती है। यदि परिवार अपने बच्चों की ऐसी गतिविधियों पर नजर न रखें तो धीरे-धीरे वे बच्चे बुरी संगत में पड़ सकते हैं और अपने साथियों के साथ मिलकर छोटे-छोटे नशे करने का प्रयास करने लगते हैं। ऐसे में परिजनों को चाहिए कि अपने बच्चे के साथ समय बिताएं तथा अच्छे संस्कार दें। उसकी दिनचर्या अनुशासित व नियमित करने के लिए कदम उठाए जाएं। समय -समय पर मनोवैज्ञानिकों व मनोचिकित्सकों से संपर्क कर उसकी काउंसलिंग कराई जाए। आवश्यकता पड़ने पर उसे अच्छे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया जाए जहां उसका पूर्ण रूप से इलाज हो। उसको कभी अकेला न छोड़ा जाए तथा जब कभी वह अकेला महसूस करे तो अच्छे लोगों से संपर्क कराया जाए जो उसमें अच्छे गुण पैदा करने में योगदान दें।

# गौरव के क्षण

*झारखंड* में कैंसर के इलाज के लिए अस्पतालों की कमी है। ऐसे में टाटा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन होना बड़ी बात है। रांची के साथ समस्त राज्यवासियों के लिए यह राहत देने वाली खबर है। अब कैंसर के मरीजों को मुम्बई बैंगलोर,वेल्लोर जैसे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। सबसे बड़ी बात यह कि झारखंड के मरीजों को पचास प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी। सबको पता है कि टाटा कैंसर अस्पताल कैंसर की बीमारी के लिए देश में प्रसिद्व है। यह बीमारी काफी महंगी होती है। ऐसे में घर से बाहर जाकर इलाज कराना मुश्किल हो जाता है। अब यह सुविधा रांची में मिलेगी। मौके पर उदघाटन के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहा कि अस्पताल के खुल जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही मरीज के साथ आने वाले स्वजनों को धर्मशाला और आवासीय सुविधा मिल जाने से जहां एक ओर लोगों को राहत मिलेगी,वहीं ,कम खर्च में रहने की सुविधा मिलेगी। साथ ही मरीजों का धन और समय दोनों बचेगा। वैसे देवघर में एम्स और हजारीबाग समेत कई जगहों पर मेडिकल कालेज की स्थापना भी जारी है। हम कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में राज्य के लोगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। राजधानी के कांके में यह आधुनिक अस्पताल तैयार हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई चीजें जुड़ती आयी हैं लेकिन कैंसर से संबंधित स्वास्थ्य सुविधा इस प्रदेश में लगभग ना के बराबर थी। अब हमारे राज्य में भव्य कैंसर अस्पताल मौजूद हो गया है। यह अस्पताल राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि यह सिर्फ अस्पताल नहीं रिसर्च सेंटर भी है। देश में कैंसर की स्थिति ऐसी है कि ऐसे कई राज्य हैं जहां कैंसर के लिए स्पेशल ट्रेन चलती हैं। कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से काम करने की आवश्यकता है। जिस तेजी से कैंसर बढ़ रहा है। जब से शुरूआत तब से एयर ऐंबुलेंस हर दिन लोगों को दूसरे जगहों पर ले जा रही है। अस्पताल का कैंपस 25 एकड़ का है धीरे- धीरे यह और बड़ा रूप लेगा। राज्य में एक मेडिको सिटी की भी कल्पना की जा रही है। यह सुखद क्षण है। कैंसर अस्पताल में अब वर्ल्ड क्लास की मशीन है। तकनीक बदल रही है नयी तकनीक के साथ यह कैंसर अस्पताल आम लोगों को समर्पित कर दिया गया है। टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी और वाइस चेयरमैन टाटा स्टील नवल टाटा ने उद्घाटन के दौरान एक बात कही, यह राज्य सरकार के सहयोग से संभव हो सका है। कैंसर से लड़ने के लिए बेहतर सुविधा कम जगहों पर है, कई इलाके के लोगों को लिए यहां पहुंचना संभव नहीं है। बड़े शहरों में कैंसर अस्पताल का बेहतर इलाज होना छोटे शहर में रहने वालों के लिए वहां पहुंचना मुश्किल होता है। टाटा कैंसर से लड़ने के लिए छह राज्यों में काम हो रहा है। इनमें आंध्र प्रदेश, झारखंड, असम, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक है। रांची कैंसर अस्पताल सिर्फ मरीजों के लिए इलाज के लिए नहीं है, रिसर्च के लिए भी है। यहां उच्च तकनीक की मदद से डॉक्टर और वैज्ञानिक रिसर्च करेंगे। ऐसे में वह दिन दूर नहीं है,जब यहां के लोग इसका लाभ लेकर विकास में सहभागी बनेगें।

**देवघर में एम्स और हजारीबाग समेत कई जगहों पर मेडिकल कालेज की स्थापना भी जारी है। हम कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में राज्य के लोगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।**

# सुरक्षित भारत, शक्तिशाली भारत





प्रो. संजय द्विवेदी

*किसी* विचारक का कहना है कि तुम्हारा अच्छे से अच्छा सिद्धांत व्यर्थ है, अगर तुम उसे अमल में नहीं लाते। हमारी सुरक्षा चिंताओं से संबंधित कानूनों की भी एक दशक पहले तक यही स्थिति रही है। वर्ष 1947 में तैयार राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति को अभी तक ठीक से परिभाषित नहीं किया जा सका है, वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 सुरक्षा से ज्यादा राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ इस्तेमाल के लिए ज्यादा जाना जाता रहा है। देश को भीतरी-बाहरी खतरों से सुरक्षित रखने के लिए बने ऐसे तमाम कानून कभी उन उद्देश्यों की पूर्ति में सफल नहीं हो पाये, जिनके लिए उनका निर्माण किया गया था। इसके पीछे ईमानदार प्रयासों की कमी रही हो या इच्छाशक्ति की, या फिर दोनों की, देश ने आजादी के बाद के छह दशकों में बहुत कुछ सहा है। सीमाओं के भीतर भी और सीमाओं पर भी। एक दशक पहले, जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार सत्ता में आई, तो कुछ ही समय बाद उसने दिखा दिया कि वह देश की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई देने के मूड में नहीं है। इस क्रम में वर्ष 2018 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में शीर्ष स्तरीय रक्षा योजना समिति (डीपीसी) का गठन एक अच्छी शुरूआत रही है। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति बनाने के लिए गठित किया गया था। भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के अलावा डीपीसी के प्रमुख उद्देश्यों में क्षमता संवर्द्धन योजना का विकास, रक्षा रणनीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर काम करना और भारत में रक्षा उत्पादन और ईको सिस्टम को उन्नत बनाना आदि शामिल हैं। एक राष्ट्र का सम्मान, प्रभुत्व और शक्ति इसमें निहित है कि वह भीतरी और बाहरी चुनौतियों से निपटने में कितना सक्षम है और किसी भी संभावित खतरे से कितना सुरक्षित है। महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य ने एक राष्ट्र की सम्प्रभुता के लिए खतरा साबित होने वाली इन चुनौतियों की चार श्रेणियां निर्धारित की थीं। भीतरी खतरे, बाहरी खतरे, बाहरी सहायता से पनपने वाले भीतरी खतरे और भीतर से सहायता पाकर मजबूत होने वाले बाहरी खतरे। लगभग यही खतरे आज भी नक्सलवाद, अलगाववाद, सीमा पर चलने वाली चीन-पाकिस्तान की गतिविधियों, आतंकवाद, स्लीपर सेल आदि के रूप में सिर उठाते रहते हैं। नये दौर में इनके अलावा भी और कई सुरक्षा चुनौतियां हैं, जो परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हैं। इनमें आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, साइबर सुरक्षा जैसे और भी कई मुद्दे शामिल हो चुके हैं, जिनके तार भीतर ही भीतर एक-दूसरे से जुड़े हैं। लेकिन, दैवयोग से वर्ष 2014 में भारत के राजनीतिक परिदृश्य में एक जबरदस्त बदलाव हुआ और देश को एक मजबूत इरादों वाली मजबूत सरकार मिली, जिसका नेतृत्व 21वीं सदी के विश्व के सबसे शक्तिशाली नेताओं में से एक नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। और फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में देश में चीजें तेजी से बदलना शुरू हुईं। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और अथक प्रयासों के नतीजे हम लगभग हर क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तनों के रूप में देख रहे हैं। अगर हम एक दशक पहले की परिस्थितियों से तुलना करें तो आज भारत की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को चुनौती देने वाले तमाम तत्व निःशक्त और सहमे-सहमे से नजर आते हैं।

**एक दशक पहले, जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार सत्ता में आई, तो कुछ ही समय बाद उसने दिखा दिया कि वह देश की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई देने के मूड में नहीं है।**

**इन दिनों**

आतंकवाद और सीमापार से होने वाली राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को मुंहतोड़ जवाब मिला है, तो देश के भीतर चलने वाली नक्सलवादी/ वामसमर्थित अलगाववादी गतिविधियों पर भी लगाम लगी है। यही नहीं, पूर्ववर्ती सरकारों की गलत नीतियों और उपेक्षापूर्ण रवैये के कारण देश के विभिन्न भागों, खासकर कुछ पूर्वोत्तर राज्यों, के भीतर दशकों से पनप रहे असंतोष के स्वरों को भी शांतिपूर्ण और स्वीकार्य उपायों से समाधान उपलब्ध कराने में हमें उल्लेखनीय सफलता मिली है। इसका पूरा श्रेय जाता है हमारे कुशल, सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व को, जिसमें सही समय पर सही फैसले लेने की सामर्थ्य ही नहीं, बल्कि उन्हें पूरी दृढ़ता के साथ लागू करने की इच्छाशक्ति भी मौजूद है। चाहे वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के सुरक्षा हितों पर प्रतिकूल असर डालने वाली एकतरफा कार्रवाइयों के विरुद्ध मजबूती से खड़े होने का मामला हो या शक्ति संतुलनों के नये समीकरणों में भारत के प्रति मानसिकता और पुरातन सोच में बदलाव लाने का। आज न सिर्फ हम एकध्रुवीय दुनिया में अपने हितों की रक्षा में सफल रहे हैं, बल्कि पूरा विश्व, इस तेजी से बदलती व्यवस्था में भारत की नई सशक्त और निर्णायक भूमिका को स्वीकार कर रहा है। भारत की भीतरी मजबूती और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए अपनी सख्ती और जीरो टॉलरेंस अप्रोच के साथ हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की 'सॉफ्ट स्टेट' वाली छवि को तोड़ने में सफल रहे हैं। रणनीतिक स्पष्टता और त्वरित निर्णय लेने की सामर्थ्य के साथ, भारत ने सिर्फ सैन्य मोर्चे पर ही अपनी मजबूती और बढ़त बनाई है, बल्कि वर्तमान और भावी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भी भरपूर तैयारियां की हैं। इनमें इन्फ्रॉस्ट्रक्चर का विकास, क्षमता निर्माण आदि शामिल है। राष्ट्रीय हित में राजनीति से ऊपर उठकर हमने निष्पक्ष पेशेवरों और विशेषज्ञों की मदद से योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन किया है। इन्फ्रॉस्ट्रक्चर का इस्तेमाल कर विकास को गति देने के लिए हमने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आरंभ की, जिसके अंतर्गत 2019-20 के दौरान 11,400 किलोमीटर सड़कें बनाई गईं और सीमावर्ती क्षेत्रों में छह पुलों का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा नागरिक-सैन्य सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दोहरे इस्तेमाल वाला इन्फ्रॉस्ट्रक्चर विकसित किया गया। रक्षा मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समन्वय से चिह्नित राजमार्गों के 29 हिस्सों को आपात एयर-वे के रूप में इस्तेमाल किये जा सकने योग्य बनाया। 30 सैन्य हवाई क्षेत्रों में सात एडवांस लैंडिंग ग्राउंड तैयार किये गये। इसी प्रकार स्वतंत्र और समन्वित राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र का विकास और एक इंटेलीजेंस ग्रिड का निर्माण कर हमने अपने इंटेलीजेंस आधारित अभियानों में तेजी लाई है। आज आशंकाओं को वास्तविकता में बदलने से पहले , सूचना मिलते ही तुरंत उन पर कार्रवाई की जाती है। सुरक्षा एजेंसियों में बेहतर तालमेल, सुव्यवस्थित सुधारों और कैपेसिटी बिल्डिंग के माध्यम से आतंकवाद से निपटा गया है। अगर हम मोदी के देश की बागडोर संभालने से पहले के दस साल की बात करें, तो पायेंगे कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच देश में 25 बड़े आतंकवादी हमले हुए, जिनमें एक हजार से अधिक मौतें हुईं और करीब तीन हजार लोग घायल हुए।

**बोधि वृक्ष**

## आईए सुनें बद्रीनाथ धाम की कथा

बद्रीनाथ धाम चारो ओर से हिमालयी क्षेत्र से घिरे होने के कारन (6) महीने खुला ओर (6) महीने बंद रहता है। बद्रीनाथ धाम के आस-पास दर्शन करने के लिए अन्य पर्यटन तीर्थ स्थल भी है। जिनके दर्शनों का लाभ श्रद्धालु गण उठा सकते हैं। माना जाता है कि, भगवान बद्रीनाथ जी की कथा को पढ़ने और श्रवण मात्र से ही मानव पाप मुक्त हो जाता हैं। बद्रीनाथ धाम की कहानी पौराणिक कथा के अनुसार दंबोदर्व नाम का एक राक्षस था। जो की भगवान सूर्य देव का बहुत बड़ा भक्त था। उसने सूर्य देव को घोर तपस्या करके प्रसन्न किया ओर अमृतवा का वरदान माँगा । सूर्य देव ने अमृतवा का वर देने से इंकार कर दिया उन्होंने कहा जिसने जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है, इसलिए तुम कोई ओर वर मांगो मई तुम्हे वह वर दूंगा। उसने भगवान सूर्य देव से एक सहस्त्र कवच देने को कहा, और मेरा एक कवच वही तोड़ सके जो जिसने दस हजार वर्ष की तपस्या की हो। सूर्य देव वचनवध थे तो उन्होंने उसे वरदान दे दिया। सहस्त्र कवच होने के कारण दंबोदर्व का नाम सहस्त्र कवच पड गया। उसके बाद सहस्त्र कवच अपने आप को अमर समझने लगा। और उसने तीनो लोको में उत्पात मचा दिया। फिर सभी देवगण अपनी समस्या लेकर श्री नारायण भगवान विष्णु के पास गये तो भगवान विष्णु ने देवताओं को आश्वासन दिया की मैं शीघ्र ही इसका कोई उपचार करूंगा। फिर भगवान विष्णु आत्मचिंतन में लीन हो गये की सहस्त्र कवच का वध कैसे किया जाये। फिर उन्होंने अपने दिव्य दृष्टि से देखा की पृथ्वी लोक के हिमालय के केदार खंड में एक सा स्थान है, जहाँ एक दिन तपस्या करने का फल दस हजार वर्ष के बराबर होता है। भगवान नारायण केदार खंड गये तो वहां उन्होंने देखा की महादेव शिव और माता पार्वती वहां पहले से ही निवास करते हैं। *(क्रमशः)*

# अभद्रता की हदें लांघ रही जिम्मेदार लोगों की भूलें



ललित गर्ग

*दिल्ली* के एक नर्सिंग कॉलेज में दो छात्राओं के साथ हो या पंजाब पुलिस द्वारा टाइम्स नाऊ-नवभारत टाइम्स की पत्रकार भावना किशोर को बदले की भावना से हिरासत में लेने की अवांछित घटनाएं नारी अस्मिता एवं अस्तिव को कुचलने की शर्मसार करने वाली घटनाएं हैं। ये दोनों घटनाएं ऊंचे ओहदों पर बैठे अधिकारियों द्वारा न सिर्फ नाहक आपा खोकर की गई अमानवीय हरकत है, बल्कि यह कानूनन अपराध के दायरे में भी आता है। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के द्वारा ऐसी नारी से अभद्र एवं अपमान करने एवं अमानवीय घटनाओं का होना प्रशासनिक ढ़ांचे एवं उसकी संरचना पर अनेक सवाल खड़े करता है। प्रश्न है कि क्यों भूल रहे हैं ऐसे लोग अपनी मर्यादायें। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करते हुए समाज में ऐसी नारी अपमान एवं अत्याचार की घटनाओं का कायम रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। दिल्ली के जिस नर्सिंग कॉलेज में चोरी करने का आरोप लगाते हुए दो छात्राओं के साथ अवांछित व्यवहार की क्रूर एवं आपत्तिजनक घटना सामने आई है, वह बेहद चिन्ताजनक है। इससे पता चलता है कि किसी संस्थान में जिम्मेदारी वाले पद पर होने के बावजूद कोई व्यक्ति कैसे अपनी मर्यादाओं एवं जिम्मेदारियों को भूल जाता है और इस क्रम में वह किसी महिला के सम्मान को गहरी चोट पहुंचाता है। हालांकि दोनों के पास से कोई पैसा नहीं मिला। सवाल है कि पैसा चोरी होने के बाद अगर वार्डन को कोई शक था भी, तो उसे खुद कानून हाथ में लेने का क्या अधिकार था? फिर, जैसा बर्ताव छात्राओं के साथ किया गया, क्या वह किसी भी रूप में शक को दूर करने की कोशिश लगती है? निश्चित रूप से यह न केवल स्त्री की गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि ऐसे व्यक्ति के उस सामंती ढांचे को भी दर्शाता है, जो पद की अकड़ में किसी के खिलाफ अवांछित व्यवहार कर बैठता है। जो हमारे समूचे परिवेश एवं सांस्कृतिक सोच पर एक बदनुमा दाग है। सच यह है कि हड़बड़ी या फिर पद के नाहक अहं में आकर लड़कियों के कपड़े उतरवाये गये और इस तरह उन्हें अपमानित किया गया। अगर चोरी हुई भी, तो इसकी शिकायत पुलिस के पास की जा सकती थी। लेकिन वार्डन ने स्वयं को सर्वेसर्वा मानकर जो बर्ताव किया, वह कानून को तो ताक पर रखता ही है, हमारी मर्यादा, शालीनता, संस्कार एवं महिलाओं के प्रति सम्मानजनक नजरिये की धज्जियां भी उड़ाता है। इस तरह की घटनाओं की रह-रह की पुनरावृत्ति होना गंभीर चिन्ता का विषय है। भले ही घटना हो जाने के बाद पीड़ित छात्राएं और उनके अभिभावकों की शिकायत के बाद इस मसले पर वार्डन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और अब उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी, लेकिन एक बड़ा प्रश्न है कि ऐसी घटनाएं कब तक समाज की गरिमा को क्षत-विक्षित करती रहेगी। हैरानी की बात है कि समाज के जिस तबके के बारे में शिक्षित होने और किसी संस्थान को सभ्य आचार संहिता से संचालित होने की उम्मीद की जाती है, अक्सर उसी की ओर से ऐसी हरकतें सामने आती हैं, जिसमें आज भी सामंती मूल्य एवं पुरुषवादी संकीर्ण सोच बनी हुई हैं और उसे कानून की परवाह नहीं है। सुप्रसिद्ध समाजशास्त्री डॉ. मृदुला सिन्हा ने महिलाओं की असुरक्षा एवं अवांछित बर्ताव के संदर्भ में एक कटु सत्य को रेखांकित किया है- 'अनपढ़ या कम पढ़ी-लिखी महिलाएं ऐसे हादसों का प्रतिकार करती हैं, किन्तु पढ़ी-लिखी लड़कियां मौन रह जाती हैं।

**जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के द्वारा ऐसी नारी से अभद्र एवं अपमान करने एवं अमानवीय घटनाओं का होना प्रशासनिक ढ़ांचे एवं उसकी संरचना पर अनेक सवाल खड़े करता है।**

**देश-विदेश**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# महिला खिलाड़ियों का यौन उत्पीड़न : जब रक्षक ही भक्षक बन जाये



निर्मल रानी

*देश* के अनेक चरित्रहीन राजनेताओं,पाखण्डी धर्मगुरुओं, तथा दुश्चरित्र कथित विशिष्ट जनों पर बलात्कार, महिला यौन उत्पीड़न व महिलाओं के शोषण के आरोप लगना कोई नई बात नहीं है। यह देश का दुर्भाग्य है कि हमारे देश में दोहरा चरित्र दर्शाने वाले ऐसे तमाम लोग बेनकाब हो चुके हैं और अब भी होते आ रहे हैं जो बातें तो पुरुषों से महिलाओं की बराबरी की करते हैं,अपने 'प्रवचनों' में महिला सम्मान की डींगें हांकते हैं, महिलाओं को देवी तुल्य बताते फिरते हैं और स्वयं ही महिलाओं का शारीरिक शोषण व बलात्कार भी करते फिरते हैं। आश्चर्य तो यह है कि उस सरकार से जुड़े प्रभावशाली लोग जोकि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी योजना पर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर इस योजना का ढिंढोरा पीटती फिर रही है उसी सत्ता के संवैधानिक पदों पर बैठे लोग बेटियों का ही यौन उत्पीड़न करते फिर रहे हैं। और वह भी उन बेटियों का जो देश के लिये पदक जीत कर लाती हैं और राष्ट्रीय ध्वज का विश्व में मान बढ़ाती हैं? भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के गोंडा के रहने वाले बाहुबली सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा देश की अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता महिला पहलवानों के साथ कथित तौर पर किये गये यौन उत्पीड़न का मामला एक बार फिर तूल पकड़ रहा है। दबंग छवि वाले बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहली बार 1991 में लोकसभा के लिए चुने गये थे उसके बाद वे 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 में भी अर्थात छः बार कैसर गंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित होते रहे। बृजभूषण शरण सिंह 1992 में अयोध्या में गिराए गये विवादित ढांचे के 40 आरोपियों में भी एक थे। यह वही दबंग छवि वाले हिंदूवादी पहलवान हैं जिन्होंने 5 जून 2022 को मनसे नेता राज ठाकरे के प्रस्तावित अयोध्या दौरे का जबरदस्त विरोध करते हुये राज ठाकरे को चेतावनी दी थी कि वे महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों का अपमान करने वाले राज ठाकरे को लखनऊ एअरपोर्ट से आगे नहीं जाने देंगे। उनका कहना था कि राज ठाकरे को अयोध्या आना है तो पहले उन्हें उत्तर भारतीय समाज से माफी मांगनी होगी। इसके बाद ही उन्हें रामलला का दर्शन करने दिया जायेगा। और यह मामला इतना तूल पकड़ा था कि राज ठाकरे को इन्हीं विवादों के चलते अपनी अयोध्या की प्रस्तावित यात्रा स्थगित तक करनी पड़ी थी। अयोध्या के महंत रामचंद्र परमहंस, नृत्य गोपाल दास, हनुमान गढ़ी के स्वामी धर्म दास व लालकृष्ण आडवाणी जैसे संतों व नेताओं के भी यह बेहद करीबी रहे। वे एक बार भाजपा छोड़ समाजवादी पार्टी में भी शामिल हुये थे। 2009 का लोकसभा चुनाव वे समाजवादी पार्टी से कैसरगंज सीट से ही विजयी हुये थे। लेकिन सपा में उनके वैचारिक मतभेद शुरू हो गये और वह दोबारा बीजेपी में वापस शामिल हो गए। अयोध्या के अखाड़ों के पहलवान के रूप में भी वे स्वयं को 'शक्तिशाली' कहा करते थे। दबंग छवि वाले सांसद बृज भूषण शरण सिंह बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या और श्रावस्ती के 50 से अधिक शिक्षण संस्थानों से भी जुड़े हुए हैं। ये अपने अनेक विवादित बयानों को लेकर भी सुर्खियां बटोरते रहे हैं। बृज भूषण शरण सिंह के बेटे प्रतीक भूषण भी राजनीति में सक्रिय हैं तथा इस समय वे भी गोंडा से भाजपा विधायक हैं। वैसे तो दस महिला कुश्ती पहलवानों के साथ इसी 'शक्तिशाली' कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप हैं जिनमें एक नाबालिग पदक विजेता भी शामिल है।

**'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी योजना पर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर इस योजना का ढिंढोरा पीटती फिर रही है लोग बेटियों का ही यौन उत्पीड़न करते फिर रहे हैं।**

**देश-दुनिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# गर्मियों में यह फल आपके शरीर को रखेंगे ठंडा-ठंडा कूल-कूल

गर्मी के मौसम में कई मौसमी फल बाजार में आने लगते हैं। इन मौसमी फलों में मिनरल्स, विटामिन्स के अलावा प्रचुर मात्रा में पानी भी होता है। गर्मी में इन फलों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

गर्मी के मौसम में खान-पान की सही आदतों का होना बेहद जरूरी होता है। तेज गर्मी, उमस, धूप और लू के कारण सेहत संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं। वहीं गर्मी के मौसम में पेट से जुड़ी समस्या होना आम बात है। वहीं गर्मियों में हमारा इम्यून सिस्टम भी कमजोर होने लगता है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेड रखने के लिए सिर्फ पानी पर ही निर्भर नहीं रहना चाहिए। हालांकि हम सभी गर्मी में अपनी बॉडी को ठंडा रखने का प्रयास करते हैं। लेकिन बॉडी को अंदर से ठंडा रखने के लिए आप अपनी डाइट में मौसमी फलों को भी शामिल कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में कई मौसमी फल मिलते हैं। इन मौसमी फलों को सही मात्रा और सही समय पर अपनी डाइट का हिस्सा बनाने से कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। यह फल पेट को ठंडक पहुंचाते हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए उन फलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके सेवन से पेट में गर्मी नहीं होती है।



**लीची :** गर्मियों में लीची आपकी सेहत और बॉडी दोनों की सबसे अच्छी दोस्त हो सकती हैं। बता दें कि लीची में संतुलित मात्रा में पानी होता है। इसके अलावा इसमें विटामिन बी, सी और पोटेशियम समेत कई मिनरल्स पाए जाते हैं। वहीं डाइजेशन के लिहाज से भी लीची अच्छी मानी जाती है और यह आपकी बॉडी में पानी की कमी को भी पूरा करती हैं। इसलिए गर्मियों में लीची को अपने डाइट में जरूर शामिल करें।

**तरबूज :** गर्मी का मौसम आते ही मार्केट में तरबूज दिखाई देने लगता है। तरबूज न सिर्फ खाने में टेस्टी होता है, बल्कि यह गुणों की खान भी होता है। तरबूज से कई तरह की ड्रिंक्स बनाई जाती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ड्रिंक्स से ज्यादा तरबूज को ऐसे ही खाना ज्यादा लाभकारी होता है। यह पानी और इलेक्ट्रोलाइट से भरपूर होता है। कड़ाके की गर्मी में कई बार हमारे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसे में तरबूज का सेवन फायदेमंद होता है। हालांकि एक्सपर्ट्स के अनुसार, तरबूज खाने के दौरान आपको कुछ एहतियात बरतने चाहिए।

**अंगूर :** गर्मी के मौसम में अंगूर का सेवन भी काफी फायदेमंद होता है। गर्मी में अंगूर खाने से बॉडी को ठंडक मिलती है और साथ ही यह खून को भी बढ़ाता है। बता दें कि अंगूर के सेवन से गर्मियों में होने वाली पाचन संबंधी समस्या से भी निजात मिलता है।

**खरबूजा :** गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए खरबूज या मस्क मेलन सबसे अच्छा ऑप्शन है। बता दें कि तरबूज की तरह ही खरबूज में भी विटामिन्स और मिनरल्स के अलावा प्रचुर मात्रा में पानी पाया जाता है। यह कब्ज की समस्या को दूर करने के साथ ही इम्यूनिटी के लिए भी काफी अच्छा होता है।

❖ अनन्या मिश्रा

## काव्य कोना

### आयु की हस्ती

मन की आवाज सुनते सुनते
दिल की बातें यूँ ही भूला दिये।
एक दीया जलाया पथ पर
परेशानियाँ खुद ही किनारे हो गई।
पग पग पर रूकना रूक रूक कर मुड़ना,
मिलन की आस मे कदम आगे बढ़ गये।
न मंजिल के आगे न मंजिल के पीछे
सितारे दिखे तो गगन सीमित हो गया।
खग कलरव संग भोर की मस्ती
सिन्दूरी किरणें लाती नित नई तरंगें।
ऊँचे गगन में देख उड़ते बादल की मस्ती
मस्तानेपन ने रोक दी आयु की हस्ती।

❖ नाग मणि

# आर्युवेद का चमत्कार : कायाकल्प यानि सदा रहें जवान



वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा
डालटनगंज पलामू झारखण्ड
मो. - 7903216488, 9334716688

यदि कहा जाय कि भारतीय जीवन पद्धति में ''आयुर्वेद'' केवल चिकित्सा की एक पद्धति नहीं वरन् परिवार के एक आत्मीय सदस्य की तहर है, तो यही सही परिचय होगा-भारतीय जीवन व आयुर्वेद के पारस्परिक सम्बन्धों का। आंगन में लगा तुलसी का विरवा या द्वार पर विशाल वट वृक्ष यही तो पहचान हू, किसी भी भारतीय परिवार की। सांसो से लेकर तन मन में घुली महुवे के पुष्पों की सुगन्ध और रक्तजवा के पुष्पों से दमकते स्वस्थ कपोल या कुंए पर लगा नीम वृक्ष-प्रत्येक कदम पर आयुर्वेद ही तो खड़ा है हमारे आस-पास हमारे जीवन में, भले ही जीवन शैली कुछ बदल गई हो, भलें ही आज भी धनी अमराई के बीच में रहने का अवसर महानगरों की संस्कृति में लुप्त होता जा रहा है, लेकिन क्या हमारी मान्यताये, हमारे विश्वास और सबसे बड़ी बात प्राणों में रचनी बसी सुगन्ध विस्तृत हो सकती है क्या?

**आयुर्वेद :** आयु के वेद को भारतीय मनीषियों द्वारा भारतीय जीवन में एक पवित्र व उच्चतम स्थान दिया जाना स्वाभाविक ही था, क्यों कि वे जानते थे, कि ईश्वर प्रदत यह देह ही माध्यम है, उनके जीवन में प्रत्येक दृष्टि से सफलता और उनकी उनकी तपस्या की पूर्णता की भी। इसकी निरोगता से ही सम्भव है- साधना सुख, भोग, विलास, एंव जीवन के उत्तरार्द्ध में ईश्वर की प्राप्ति, क्योंकि वे जानते थें कि दुर्बल और क्षीण देह (शरीर) तो समाधि के सुख का भी अनुभव नहीं कर सकती है। रोगों से बोझिल और जर्जर देह न तो इस जगत के कदम-कदम पर बिखरे सुखों का भोग कर सकती है और न ही पारलौकिक जगत की उन विलक्षण अनुभूतियों का साक्षात्कार कर सकती है, जिनसे व्यक्ति का रोम-रोम रोमांचित हो उठता है।

इस लेख में सभी पाठकगणों को कुछ दिव्य प्रयोग से अवगत करा रहा हूं। मुझे उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप इस प्रकार के कल्प का प्रयोग कर अशातीत सफलता प्राप्त करेंगे।

''कायाकल्प ग्रंथ'' के अनुसार रामगढ़ राजधराने की एक पुत्रवधु कमर दर्द से अत्यधिक पीड़ित रहती थी और अधिकतर वह विस्तर पर पड़ी रहती थी और दिनों-दिन कमजोर पड़ती जा रही थी। रामगढ़ के राजा द्वारा विद्वानों की सलाह पर उन दिनों उस क्षेत्र के प्रसिद्ध वैध आम्भीक को राज दरबार में बुलाया गया तथा पुत्रवधु की चिकित्सा करने का आग्रह किया गया। वैद्य आम्भीक ने पुत्रवधु की चिकित्सा करने का आग्रह किया गया । वैद्य आम्भीक ने पुत्रवधु क आंखों और नाखूनों की परीक्षा कर समझ लिया कि इसकी कमर में कोई रोग नहीं है, अपितु श्वेते प्रदर (लिकोरिया) की अधिकता होने के कारण ही पुत्रवधु कमरदर्द से अत्यधिक दुखी और परेशान है तथा दिनों दिन कमजोर होती जा रही है।



वैद्य आम्भीक ने तत्काल ''वीयां हीरादकन'' नामक वृक्ष का गोंद मंगाया और उस गोंद को छिलहण्ट नामक औषधि के पत्तियों के साथ कल्क तैयार कर एक ग्लास गाय के दूध से तैयार ताजा छांछ में जीरा का चूर्ण और सेंधा नमक मिलाकर उस कल्क का दो तोला मात्रा सुबह-दोपहर और शाम को सेवन कराया मात्र तीन दिन के सेवन से ही पुत्रवधु स्वस्थ हो गई। यह प्रयोग मैंने भी कई रोगियों का कराया और सफलता पाया है। यह अनुभूति योग है। वीयां हीरादकन को बीया या बीजयसार भी कहा जाता है तथा छिलहण्ट को जलजमनी भी कहा जाता है। इस औषधि का सेवन कर इस रोग से पीड़ित महिलायें मात्र 3 दिन में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। यह रोग आज प्रत्येक घर में अपना पांव पसार चुका है।

एक बार तक्षशिला के एक नगर सेठ ने आम्मीक को अपने यहां बुलाया था, उनकी जवान लड़की अचानक अंधी हो गई थी, जब कि चिकित्सकों के अनुसार उसे आंखों क कोई बीमारी नहीं थी। नगर सेठ ने आम्मीक का आदर-सम्मान किया और अपनी पुत्री देवला को लाकर दिखाया।

देवला लगभग चौबीस वर्ष क हो गई थी और अत्यधिक सुन्दर स्वस्थ होते हुए भी अचानक अंधी हो गई थी, सैकड़ो औषधियां देने पर भी उसकी नेत्र ज्योति नहीं लौट पा रही थी और इसी चिन्ता में सारा परिवार घुल रहा था।

आम्भीक ने दूर से ही देखकर देवलाका रोग समझ लिया फिर उसकी नाड़ी देखी तो ज्ञात हुआ कि उसे हल्का सा ज्वर है पूछने पर पता चला कि यह हल्का सा ज्वर बराबर पिछले तीन वर्षो से है। वैद्य आम्भीक ने वहीं पर सौ ग्राम कायफल मंगवाया और आधे सेर पानी में उसे उबलवाया, जब बीस-पच्चीस मिनट तक वह पानी उबल गया तो उसे छानकर ठण्डा कर राजकुमारी को पीने के लिए दे दिया। इसी प्रकार शाम को भी किया गया और दूसरे दिन भी ऐसा पानी पीने के लिए दिया गया तो एक घण्टे बाद ही देवला का अत्यधिक रक्तस्त्राव हुआ और उसकी आंखे खुल गई, उसे दिखाई देने लगा और अगले चार-पांच घंटे में वह भरमी प्रकार से देखने लगी। पूछने पर वैद्य आम्भीक ने कहा देवला की आंखों की कोई बीमरी नहीं थी, बल्की इसका मासिक धर्म रूक गया था और बहुत ही कम रक्तस्त्राव होता था जो दूषित रक्त अन्दर रह जाता था वह जमा होता गया और उसकी गर्मी का आंखों पर इतना बुरा असर पड़ा कि आंखों से दिखाई देना बन्द हो गया। आज अनेक महिलाओं व बच्चीयों में भी मासिक धर्म रूकने की बीमारी होती है, कृप्या यह प्रयोग कर सकती है।

# डिहाइड्रेशन की समस्या को ऐसे करें दूर, कुछ ही दिनों में नजर आएगा फर्क



स्वस्थ रहने के लिए हमारे पाचन का दुरुस्त होना बहुत जरूरी होता है। भूख न लगना, गैस बनना व पेट का सही से साफ न होना खराब पाचन के लक्षण हैं। इस समस्या से बचने के लिए डाइटीशियन ने एक आसान उपाय बताया है। स्वस्थ और सेहतमंद बने रहने के लिए हमारा पाचन दुरुस्त होना बहुत जरूरी है। क्योंकि पेट का सही तरह से साफ न होना, खाने के बाद पेट फूलना, गैस बनना और सही से भूख न लगना आदि ऐसे बहुत सारे लक्षण होते हैं, जो हमारे खराब पाचन की की ओर इशारा करते हैं। लेकिन कई बार हम इस संकेतों को नजरअंदाज करने की गलती करते हैं। इन लक्षणों को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हमारे खानपान का हमारे डाइजेशन पर असर पड़ता है। इसलिए डाइजेशन सही होने के लिए खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बता दें कि हमारे डाइजेशन सिस्टम को सुधारने के लिए हमारे किचन में तमाम सारी चीजें मौजूद रहती हैं। ऐसे में अगर आपको इनडाइजेशन की समस्या है और आप इसको ठीक करना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डाइजेशन सुधारने का एक अचूक नुस्खा बताने जा रहे हैं। डाइटीशियन द्वारा दी गई जानकारी हम यहां आपको देने जा रहे हैं।

## इनडाइजेशन की बड़ी वजह

सही मात्रा में पानी न पीने से भी हमारा पाचन खराब होने लगता है। पाचन संबंधी दिक्कतों के लिए डिहाइड्रेशन भी एक वजह होती है। डिहाइड्रेशन से सिरदर्द, कब्ज व पेटदर्द की भी समस्या हो सकती है। सही मात्रा में पानी नहीं पीने से पेट सही से साफ नहीं हो पाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई बार सही मात्रा में पानी पीने के बाद भी डिहाइड्रेशन व इनडाइजेशन की समस्या हो जाती है। डाइटीशियन के अनुसार, ऐसा तब होता है, जब आपका शरीर उस पानी को अब्जॉर्ब नहीं कर पाता है। हालांकि इसको बेहद आसान तरीके से ठीक किया जा सकता है। इस समस्या को दूर करने के लिए आपको पानी में कुछ मिनरल्स मिलाकर पीना चाहिए। ऐसा करने से शरीर में न तो पानी की कमी होती है और न ही पाचन से जुड़ी समस्याएं होती हैं।

## ऐसे सुधारे डाइजेशन

डिहाइड्रेशन भी पाचन से जुड़ी दिक्कतों का बहुत बड़ा जिम्मेदार है। शरीर में पानी सही से ऑब्जर्व हो, इसलिए पानी में मिनरल्स यानी की समुद्री नमक मिलाकर पीना चाहिए। इसके लिए आपको पानी में सिर्फ एक चुटकी सी सॉल्ट यानी की समुद्री नमक मिलाकर पीना है। कुछ ही दिनों में आपको पाचन संबंधी समस्याओं में आराम मिलता दिखाई देने लगेगा। बता दें कि सी सॉल्ट को सेंधा नमक से ज्यादा हेल्दी माना जाता है। समुद्री नमक डिहाइड्रेशन की समस्या को दूर करने के साथ ही ओरल हेल्थ के लिए भी काफी अच्छा होता है। सी सॉल्ट में कैल्शियम की मात्रा अधिक पाई जाती है। साथ ही यह त्वचा के लिए भी बहुत अच्छा होता है।

## सूडोकु नवताल- 6700

✶ ✩ ✩ ✩ ✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6699 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## दैनिक पंचांग

**15 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.24 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 07.22 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.35 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.51 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 14.03 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | तुला | 16.14 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 18.29 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 20.45 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 22.50 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | कुंभ | 00.36 बजे से |
| | | मीन | 02.09 बजे से |
| | | मेष | 03.40 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 135 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 01.04 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 09.08 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 01.29 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 13.53 बजे तदनन्तर बालव 01.04 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 45' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871614 **जूलियन दिन** 2460079.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** सव्वाल **तारीख** 24 **विशेष** वृषभ संक्रांति, अपरा एकादशी, भद्रकाली जयंती, अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7762




**बाएँ से दाएँ**

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

**ऊपर से नीचे**

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

### शब्द पहेली -7761 का हल



# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। हर काम में आसानी से सफलता मिलेगी। अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में इस्तेमाल करना फायदेमंद रहेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। धन संबंधी परेशानियों से निजात मिलेगी। कारोबार में अच्छा मुनाफा मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**मिथुन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। बिजनेस में अच्छा फायदा होगा, लेकिन अपने काम पर ध्यान लगाना मुश्किल हो सकता है।

**कर्क राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कुछ सुखद समाचार मिलने की उम्मीद हैं। व्यावसायिक स्तर पर अपनी ओर से भरसक प्रयास करें, सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिये व्यस्तताओं भरा हो सकता है। अपनी सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रियजनों के लिये समय निकाल पाना मुश्किल होगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। पुराने विवादों से निजात मिल सकती है। समझदारी से उठाया गया एक छोटा सा कदम दुश्मनी को दोस्ती में बदल सकता है।

**तुला राशि :** आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। आप अपने आस-पास सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे। कार्यस्थल पर आप बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। धन कमाने के नए स्त्रोत मिल सकते हैं। मेहनत के चलते कारोबार में अच्छा लाभ होगा। हालांकि, खर्चों में भी वृद्धि रहेगी।

**धनु राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कैरियर के लिहाज से कोई निर्णय लेना पड़ सकता है, सोच-समझकर लिया गया फैसला आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अंहकार और अति आत्मविश्वास से बचने की जरूरत है। कार्यों में सफलता मिलेगी और कैरियर को उम्मीदों के पंख लग सकते हैं।

**कुंभ राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। नयी ऊर्जा का प्रवाह आपको निजी एवं व्यवसायिक स्तर पर नए कार्यों से जुड़ने के लिये प्रेरित कर सकता है। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, जिससे आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**मीन राशि :** आज के दिन आप अपनी भावनाओं में सकारात्मक परिवर्तन महसूस करेंगे। यह परिवर्तन खुशियों से भरपूर रहने के आसार हैं। कामकाजी व्यस्तताओं के बीच परिजनों के साथ समय व्यतीत कर सकेंगे।

# सुदीरमन कप: ग्रुप सी के पहले मुकाबले में भारत चीनी ताइपे से 1-4 से हारा



**एजेंसी। सुझोउ (चीन)**

भारत ने सुदीरमन कप में अपने अभियान की शुरूआत रविवार को यहां अपने पहले ग्रुप सी मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाफ 1-4 से हारकर निराशाजनक तरीके से की। टाई की शुरूआत मिक्स्ड डबल्स मैच से हुई, जहां साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को दुनिया की नंबर 30 जोड़ी यांग पो-हुआन और हू लिंग फेंग के हाथों 21-18, 24-26, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीयों ने अच्छी शुरूआत की और पहला गेम अपने नाम किया लेकिन गति को जारी रखने में विफल रहे क्योंकि वे दूसरा गेम 24-26 और निर्णायक गेम 6-21 से हार गए, इस प्रकार ताइपे ने टाई में 1-0 की शुरूआती बढ़त बना ली। दूसरे मुकाबले में भारत के शीर्ष क्रम के पुरुष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय सीधे गेम में दुनिया के नंबर 5 खिलाड़ी चाउ तिएन चेन से 21-19, 21-15 से हार गए। तीसरे मैच में, पी वी सिंधु परिचित प्रतिद्वंद्वी ताई जू यिंग के खिलाफ थीं। ताइपे शटलर ने पहला गेम आसानी से जीत लिया और भारतीय खिलाड़ी ने वापसी करते हुए दूसरा गेम जीत लिया। लेकिन ताई ने निर्णायक गेम में वापसी की और सिंधु को 14-21, 21-18, 17-21 से हराकर ताइपे के लिए 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। विशेष रूप से, प्रत्येक टाई में पांच मैच होते हैं - महिला एकल, पुरुष एकल, मिश्रित युगल, महिला युगल और पुरुष युगल। जो टीम इन पांच मैचों में से तीन जीतती है वह टाई लेती है और एक अंक प्राप्त करती है। फिर, ली यांग और वांग ची-लिन ने पुरुष युगल मैच में भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली पुरुष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 21-13, 17-21, 21-18 से हराकर बढ़त को 4-0 तक पहुंचा दिया। टाई के आखिरी मैच में गायत्री गोपीचंद पुलेला और तृषा जॉली की महिला युगल जोड़ी ने ली चिया सीन और टेंग चुन सून को 15-21, 21-18, 21-13 से हराकर भारत की दिन की पहली जीत दर्ज की। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भिड़ने से पहले भारत अपने दूसरे ग्रुप सी टाई में सोमवार को एक और बड़ी टीम मलेशिया से भिड़ेगा। भारतीय बैडमिंटन टीम ने सुदीरमन कप में कभी भी पदक नहीं जीता है। 2011 और 2017 में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचना द्विवार्षिक मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत के सर्वश्रेष्ठ परिणाम हैं।

## चोटिल शाकिब आयरलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच से बाहर



**एजेंसी। चेम्सफोर्ड**

बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब अल हसन उंगली में चोट के कारण रविवार को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे से बाहर हो गए हैं और वह छह सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। शुक्रवार को आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान फील्डिंग करते हुए शाकिब की दाहिनी उंगली में चोट लग गई थी। यह घटना तब हुई जब आयरलैंड की पारी में शाकिब ने मेहदी हसन मिराज की गेंद पर जॉर्ज डॉकरेल का कैच छोड़ा। हालांकि, ऑलराउंडर ने बल्लेबाजी की और पांच चौके लगाकर 26 रन बनाए। शाकिब ने नजमुल हुसैन शान्तो के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन जोड़े, जिनके पहले एकदिवसीय शतक ने बांग्लादेश को तीन विकेट से जीत दिलाई।

## NEWS इन ब्रीफ

### नीरज चोपड़ा एफबीके गेम्स की एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे



**मुंबई।** भालाफेंक में भारत के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा 4 जून को नीदरलैंड में होने वाले एफबीके गेम्स 2023 में प्रतिस्पर्धा करके वर्ष में मेगा इवेंट्स की दिशा में एक और कदम उठाएंगे। जैसा कि वह आगामी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए तैयारी कर रहे हैं, नीरज चोपड़ा के लिए एफबीके गेम्स, जो हर साल नीदरलैंड के हेंगेलो में फैनी ब्लैंकर्स-कोएन स्टेडियम में आयोजित किए जाते हैं, सीजन का दूसरा आयोजन होगा। चोपड़ा ने 5 मई को कतर स्पोर्ट्स क्लब में अपने पहले प्रयास में 88.67 मीटर के विश्व-अग्रणी प्रयास के साथ दोहा डायमंड लीग 2023 जीतकर अपने सीजन की शुरूआत की। चोपड़ा, जो अपनी विस्फोटक शुरूआत के लिए जाने जाते हैं, अपने पहले प्रयास में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और 89.94 मीटर के राष्ट्रीय भालाफेंक रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए।

### अंपायर से पंगा क्लासेन को पड़ा महंगा लगा भारी जुर्माना

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन पर शनिवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। क्लासेन की 29 गेंद में 47 रन की पारी से हैदराबाद ने छह विकेट पर 182 रन बनाए थे लेकिन लखनऊ ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। क्लासेन ने नोबॉल नहीं दिए जाने पर मैदानी अंपायर से बहस करने के बाद प्रसारकों से बातचीत के दौरान भी इसे लेकर नाराजगी जताई थी। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, क्लासेन ने अनुच्छेद 2.7 के तहत 'लेवल एक' के अपराध को स्वीकार कर लिया।

# आरसीबी ने आरआर को 112 रनों से हराया

**एजेंसी। जयपुर**

आईपीएल 2023 में रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए 60वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने राजस्थान रॉयल (आरआर) को 112 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। मुकाबले में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में राजस्थान की टीम 10.3 ओवर में 59 रनों पर ढेर हो गई और 112 रनों से मैच हार गई।

इस मुकाबले में जीत के साथ ही बैंगलोर की टीम अंक तालिका में 5वें नंबर पर पहुंच गई है। यह बैंगलोर की 12 मैचों में छठी जीत है। टीम के अब 12 मैचों में 6 जीत और 6 हार के बाद 12 अंक हो गए हैं। इसी के साथ आरसीबी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। वहीं राजस्थान की टीम के 13 मैच में 6 में जीत और 7 में हार के साथ 12 अंक हैं और अंक तालिका में 6वें नंबर पर है। मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम को कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने 44 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 55 रन के साथ अच्छी शुरूआत दिलाई। डुप्लेसिस के अलावा ग्लेन मैक्सवेल ने 33 गेंदों में 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 54 रन और अंत के ओवरों में अनुज रावत ने 11 गेंदों में 3 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 29 रन बनाए। वहीं विराट कोहली ने 18 रनों का योगदान दिया। इस तरह टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 171 रन बनाए। राजस्थान के लिए केएम आसिफ और एडम जम्पा ने दो-दो विकेट लिए, जबकि संदीप शर्मा को एक सफलता मिली।

इसके बाद 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम का कोई भी बल्लेबाज अपने बल्ले से कमाल नहीं कर पाया। पूरी टीम मात्र 10.3 ओवर में 59 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए शिमरोन हेटमायर ने 19 गेंदों में एक चौका और 4 छक्कों की मदद से 35 रन बनाए। हेटमायर के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज पिच पर ज्यादा देर नहीं टिक पाया।



## चेन्नई की धीमी बल्लेबाजी, 145 रनों का लक्ष्य कोलकाता के सामने



**नई दिल्ली।** एमए चिदम्बरम स्टेडियम में कोलकाता नाइडर्स के खिलाफ खेलते हुए चेन्नई सुपर किंग्स सिर्फ 144 रन ही बना पाई। धीमी पिच पर चेन्नई की शुरूआत भी सधी हुई रही थी। ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ 13 गेंदों में 17 तो ड्वेन कॉनवे 28 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 30 रन ही बना पाए थे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अजिंक्य रहाणे ने लय जरूर दिखाई लेकिन एक छक्का मारने के चक्कर में वह जेसन रॉय के हाथों लपके गए। रहाणे ने 11 मैचों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए। चेन्नई के लिए खेलते हुए अंबाति रायुडू का यह सीजन अच्छा नहीं गया है। इस बार वह प्रशंसकों को फिर से निराश कर गए। नेरेन की गेंद पर बोल्ड होने से पहले उन्होंने सात गेंद पर 4 रन बनाए। इसी तरह मोईन अली 2 गेंदों पर 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। चेन्नई को शिवम दुबे का सहारा मिला जिन्होंने ताबड़तोड़ हिटिंग जारी रखी। लेकिन दूसरे छोर पर रविंद्र जडेजा बड़े शॉट लगाने के लिए जूझते हुए दिखे। दुबे ने जहां 24 गेंदों पर 1 चौके और 3 छक्कों की मदद से 48 रन बनाए तो वहीं, जडेजा ने 24 गेंदों पर 20 रनों का योगदान दिया। धोनी ने अंत में आकर दो गेंदें खेलीं और स्कोर 144 तक पहुंचा दिया।

## टीम मूडी ने कहा, कोहली का जुनून टीम को करता है प्रेरित



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी का मानना है कि विराट कोहली का जुनून हर उस टीम को प्रेरित करता है जिसका वह हिस्सा हैं और इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ भी ऐसा ही है। कोहली ने आईपीएल 2023 के मौजूदा सत्र में अब तक 11 मैचों में 420 रन बनाए हैं और आरसीबी को उम्मीद है कि उनका स्टार बल्लेबाज एक बार फिर उन्हें जीत के लिए मार्ग पर ले जाएगा। उनका सामना जयपुर में राजस्थान रॉयल्स से होगा। दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबलों में हार के साथ आगे बढ़ रही है - राजस्थान रॉयल्स ने यशस्वी जायसवाल के अहम योगदान से केकेआर को 9 विकेट से हरा दिया, जबकि आरसीबी को मुंबई इंडियंस ने हराया। मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर कहा, विराट कोहली एक बहुत ही भावुक और प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी हैं। खेल के कई अन्य दिग्गजों के साथ भी ऐसा ही हुआ है। यह उनका जुनून है जो उन्हें आगे बढ़ाता है। विराट उन खिलाड़ियों में से हैं, और ऐसे खिलाड़ी टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ करने में भी मदद करते हैं। आरआर की आसान जीत ने उनके नेट रन रेट को बढ़ाया है, जिसका मतलब है कि यदि वे अपने शेष दोनों मैच जीतते हैं और 16 अंक पर किसी और टीम के साथ टाई करते हैं तो 0.633 का नेट रन रेट उनके बहुत काम आएगा। राजस्थान रॉयल्स 12 मैचों में छह जीत के साथ पांचवें स्थान पर है जबकि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 11 मैचों में पांच जीत के साथ सातवें स्थान पर है।

# रियाल मैड्रिड ने गेटाफे सीएफ को हराया

## करीम बेनजेमा को दिया विश्राम



**एजेंसी। बार्सिलोना**

रियाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के निर्णायक मुकाबले को देखते हुए अपने स्टार स्ट्राइकर करीम बेनजेमा सहित चोटी के खिलाड़ियों को विश्राम दिया लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम गेटाफे को 1-0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट ला लिगा में दूसरे स्थान पर पहुंचने में सफल रही। मैच का एकमात्र गोल मार्को असेंसियो ने 70वें मिनट में किया। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 34 मैचों में 71 अंक हो गए हैं और वह एटलेटिको मैड्रिड से दो अंक आगे हो गया है। एटलेटिको के 33 मैचों में 69 अंक हैं। बार्सिलोना 33 मैचों में 82 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है। बार्सिलोना रविवार को अगर एस्पेनयोल को पराजित कर देता है तो वह स्पेनिश लीग का खिताब अपने नाम कर लेगा और यही वजह है कि रियाल मैड्रिड चैंपियंस लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच चैंपियंस लीग सेमीफाइनल का पहला चरण1-1 से बराबर छूटा था और ऐसे में अगले सप्ताह होने वाला दूसरे चरण का मैच निर्णायक बन गया है।

# इटालियन ओपन में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी बने अल्कराज

**एजेंसी। रोम**

कार्लोस अल्कराज ने इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच में जीत दर्ज करके विश्व रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। अल्कराज ने अल्बर्ट रामोस विनोलास को 6-4, 6-1 से हराकर नोवाक जोकोविच की जगह शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि 28 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन में उन्हें पहली वरीयता मिलेगी। बार्सिलोना और मैड्रिड में खिताब जीतकर यहां पहुंचे अल्कराज ने अपने विजय अभियान को 12 मैच तक पहुंचा दिया है। इस साल क्ले कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 20-1 हो गया है। अल्कराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका या हंगरी के क्वालीफायर फैबियन मरोजसन से होगा। पुरुष वर्ग में दूसरे दौर के अन्य मैचों में छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एलेक्स मोल्केन को 6-3, 6-4 से, लोरेंजो सोनेगो ने योशीहितो निशिओका को 7-5, 6-3 से, जेजे वोल्फ ने 14वीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्कज को 6-3, 6-4 से और बोर्ना कॉरिच ने थियागो मोंटेइरो को 4-6, 7-6 (8), 7-6 (5) से हराया। महिला वर्ग के तीसरे दौर के मैचों में कोलंबिया की क्वालीफायर कैमिला ओसोरियो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन गार्सिया को 6-4, 6-4 से, एंहेलिना कलिनिना ने सोफिया केनिन को 6-4, 6-2 से और वांग ज़ियू ने टेलर टाउनसेंड को 6-2, 0-6, 7-5 से पराजित किया।



## आईपीएल 2023 | डेविड वॉर्नर ने बताई शर्मनाक हार की असली वजह

# अच्छी शुरुआत के बाद निराशाजनक प्रयास रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अहम मुकाबले में मात खा गया। इसी के साथ दिल्ली इस सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने से दूर हो गई है। दिल्ली पंजाब के खिलाफ मुकाबले में अच्छी पोजीशन पर थी लेकिन मध्यक्रम के लचर प्रदर्शन के कारण उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। मैच गंवाने के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में डेविड वॉर्नर ने अपन खराब बल्लेबाजी के अलावा प्रभसिमरन की बल्लेबाजी की तारीफ भी की। डेविड वॉर्नर ने कहा- हमारा काम उन्हें कम से कम स्कोर तक रोकना था। प्रभसिमरन ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। मौके गंवाने से हमें वहां नुकसान उठाना पड़ा। अगर आप पावरप्ले के बाद 30 रन के अंदर 6 विकेट गंवा लेते हैं तो ऐसे गेम नहीं जीते जाते। अगर आगामी खेलों में साथियों को गर्व के साथ खेलना होगा। आज हमारा संयोजन सही था लेकिन हमने तेजी से 3-4 विकेट गंवा दी जिसके चलते हमें नुकसान उठाना पड़ा। वॉर्नर ने कहा कि अच्छी शुरूआत के बाद बल्ले से हमारा एक और निराशाजनक प्रयास रहा। जब आप हारते हैं तो वे चीजें होती हैं जो इस प्रारूप में होती हैं। मैच की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स पंजाब से मिले 168 रन के लक्ष्य को मजबूत शुरूआत के बावजूद नहीं पा सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने डेविड वार्नर के 27 गेंदों पर 54 तो सॉल्ट के 17 गेंदों पर 21 रन की बदौलत तेज शुरूआत की थी। लेकिन मध्यक्रम के बुरी तरह से फेल हो जाने के कारण दिल्ली लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। इससे पहले पंजाब किंग्स की शुरूआत खराब रही थी। शिखर धवन, लिविंगस्टोन और जितेश शर्मा दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए। सैम कुरैन ने 20 तो सिकंदर ने 11 रन बनाकर प्रभसिमरन का साथ दिया। प्रभसिमरन ने 65 गेंदों पर 10 चौके और 6 छक्कों की मदद से 103 रन बनाए और अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था।



## प्लेऑफ में जगह सुरक्षित करने के लिए सनराइजर्स से भिड़ेगा गुजरात



**अहमदाबाद।** अमूमन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने वाली गुजरात टाइटंस की टीम पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को यहां ठोस प्रदर्शन करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगी। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस के लिए प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए एक और जीत पर्याप्त होगी जबकि सनराइजर्स के 11 मैचों में चार जीत से आठ अंक हैं और वह अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है। गुजरात को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था जिसमें राशिद खान ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन उसके अन्य खिलाड़ी नहीं चल पाए थे। उसके गेंदबाज सूर्यकुमार यादव पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे थे जबकि उसके प्रमुख बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। गुजरात 12 मैचों में 16 अंक लेकर अब भी अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है लेकिन उसे अगर मगर की परिस्थितियों से बचने के लिए अगले दोनों मैचों में गलतियों में सुधार करके बेहतर प्रदर्शन करना होगा।



# 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के पार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आज 14 मई को पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस तरह से करीब एक साल से इनके दाम जस के तस बने हुए हैं। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए लीटर है तो डीजल 89.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के ऊपर बना हुआ है। भारत में सबसे महंगा फ्यूल राजस्थान के श्रीगंगानगर में बिक रहा है। यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 113.30 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 98.07 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गई है। वहीं महाराष्ट्र के परभणी में पेट्रोल 109.26 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.66 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं पोर्ट ब्लेयर में सबसे सस्ता पेट्रोल-डीजल बिक रहा है। यहां पेट्रोल की कीमत 84.10 रुपए प्रति लीटर और डीजल का भाव 79.74 रुपए प्रति लीटर है। देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर के ऊपर है। मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मणिपुर, तेलंगाना, पंजाब, झारखंड, सिक्किम, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के सभी जिलों में पेट्रोल 100 रुपए के ऊपर बिक रहा है। वहीं डीजल भी ओडिशा, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 100 रुपए से ऊपर है। आखिरी बार 21 मई 2022 में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया गया था। तब पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क घटाया गया था। इससे पेट्रोल और डीजल के दाम 9.5 रुपए और 7 रुपए कम हो गए थे। जुलाई 2022 में, महाराष्ट्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर श्अळ में 5 रुपए और 3 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक बार फिर क्रूड ऑयल के दाम में गिरावट देखी जा रही है। शुक्रवार को डब्ल्यूटीआई क्रूड गिरकर 70.74 डॉलर प्रत? बैरल और ब्रेंट क्रूड 74.17 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गई है। कच्चे तेल की कीमतें जुलाई, 2008 के बाद इस साल मार्च में 140 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई थीं। इसके बाद भी देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट देखने को नहीं मिली है।

# एफपीआई ने मई में 18,617 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में 18,617 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। वी.के. जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार विजयकुमार ने कहा कि भारत के पक्ष में स्पष्ट झुकाव के साथ एफपीआई रणनीति में एक अलग बदलाव है। 2023 के पहले तीन महीनों में, एफपीआई भारत के प्रीमियम मूल्यांकन और चीन के फिर से खुलने के अवसरों व दक्षिण कोरिया, हांगकांग और ताइवान में अपेक्षाकृत कम मूल्यांकन के कारण भारत में निरंतर विक्रेता था। विजयकुमार ने कहा कि वह चरण अब समाप्त हो गया है और भारत एक बार फिर एफपीआई के लिए एक पसंदीदा उभरता बाजार गंतव्य बन गया है। पिछले 12 कारोबारी सत्रों के दौरान एफपीआई लगातार खरीदार बने हुए हैं। मई में 12वीं के जरिए उन्होंने 18,617 करोड़ रुपए की इक्विटी खरीदी। वित्तीय क्षेत्र एफपीआई का पसंदीदा क्षेत्र बना हुआ है। वे कैपिटल गुड्स और ऑटो के भी खरीदार थे। विजयकुमार ने कहा कि चूंकि रुपया मजबूत है और निकट भविष्य में डॉलर में गिरावट की उम्मीद है, इसलिए एफपीआई के भारत में खरीदारी जारी रखने की संभावना है। भारत के मैक्रोज में सुधार भी भारत में निरंतर प्रवाह का समर्थन करता है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अप्रैल के आखिरी दिनों में आक्रामक खरीदार बने। एफपीआई ने 29 अप्रैल तक 9,752 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी मार्च के लिए मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) के बढ़ते प्रवाह के साथ सीएडी के संकुचन के परिणामस्वरूप 2022-23 की तीसरी तिमाही के अंत तक विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। 2022-23 के अंत तक विदेशी मुद्रा भंडार में और वृद्धि के साथ, 2022-23 की चौथी तिमाही में सीएडी के और भी कम होने की संभावनाएं उज्?जवल हैं। बाहरी स्थिरता मजबूत होने के बावजूद आंतरिक स्थिरता में योगदान देने वाले कारकों में भी सुधार हुआ। दस्तावेज में कहा गया है कि 2022-23 में केंद्र और राज्यों के लिए राजकोषीय मानदंड मजबूत रहे हैं।

## रियलमी का सबसे पतला फोन 18 मई को होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** चायनीज टेक कंपनी रियलमी 18 मई को भारत में 'रियलमी नारजो ठ53' स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह रियलमी का अब तक का सबसे पतला फोन होगा। कंपनी ने कंफर्म किया है कि इस फोन की थिकनेस 7.49एमएम होगी। रियलमी ने ऑफिशियल वेबसाइट पर स्मार्टफोन को टीज किया है, जिसमें कुछ स्पेसिफिकेशन के साथ लॉन्च इवेंट के बारे में जानकारी दी है। टीजर के अनुसार, कंपनी इस स्मार्टफोन में 33वॉट की सुपरवूक चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5000एमएएच की बैटरी देगी। कंपनी ने दावा किया है कि इसकी बैटरी 34 मिनट में 50% चार्ज हो जाएगी। इसके अलावा अभी तक कंपनी ने प्रोसेसर, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और कैमरे के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशन के बारे में कई जानकारियां सामने आ गईं हैं। आइए इन्हीं रिपोर्ट्स के अनुसार स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशन के बारे में जानते हैं। रियलमी जल्द 200टढ कैमरे वाला भारत में पहला स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। कंपनी ने हाल ही में ट्विटर पर 'अनलीश द फुल पॉवर ऑफ 200एमपी' कैप्शन के साथ एक पोस्टर शेयर किया है।

# 17 मई को लॉन्च होगा संचार साथी पोर्टल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्ल्ड टेलीकॉम डे के मौके पर 17 मई को सरकार मोबाइल ब्लॉकिंग एंड ट्रैकिंग सिस्टम शुरू करेगी। न्यूज एजेंसी के अनुसार, केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव को ऑफिशियल तौर पर संचार साथी पोर्टल लॉन्च कर इसकी शुरूआत करेंगे। इसके जरिए लोग चोरी या गुम हुए फोन को ब्लॉक और ट्रैक कर पाएंगे। सेंटर फॉर डिपार्टमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स अभी दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और नॉर्थ ईस्ट रीजन के कुछ टेलीकॉम ऑफिस में इस सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट चला रहा है, जो अब पूरे भारत में रोल आउट होने के लिए तैयार है। सी-डॉट के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और चेयरमैन राजकुमार उपाध्याय ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मोबाइल ब्लाकिंग एंड ट्रैकिंग सिस्टम पूरे भारत में शुरू होने के लिए तैयार है। इसे इस तिमाही में पूरे भारत में शुरू किया जाएगा। इससे लोग अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक और ट्रैक कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 'सिस्टम में एक इन-बिल्ट मैकेनिज्म है जो मोबाइल की स्मगलिंग की जांच भी करेगा।' हालांकि, उन्होंने कंफर्म डेट नहीं बताई है कि यह कब शुरू होगा। अभी क्रिमिनल्स ज्यादातर मोबाइल चोरी करने के बाद डिवाइस का क्टएक नंबर बदल देते हैं, जिसके कारण मोबाइल ट्रैक या ब्लॉक नहीं हो पाता था। राजकुमार उपाध्याय ने बताया कि ये पोर्टल क्टएक नंबर बदलने के बाद भी डिवाइस को ट्रैक और ब्लॉक कर सकेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक इस पोर्टल की माध्यम से 4.70 लाख खोए या चोरी हुए मोबाइल को ब्लॉक किया जा चुका है।

# स्टैक ओवरफ्लो ने 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की

**नई दिल्ली।** प्रोग्रामरों के लिए एक वेबसाइट स्टैक ओवरफ्लो ने वैश्विक व्यापक आर्थिक दबावों के चलते और लाभप्रदता पर फोकस करने के बीच अपने 10 प्रतिशत कार्यबल यानी 58 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। स्टैक ओवरफ्लो के सीईओ प्रशांत चंद्रशेखर ने कहा कि छंटनी इस वित्तीय वर्ष के लिए हमारी रणनीतिक प्राथमिकताओं के साथ-साथ हमारे संगठनात्मक ढांचे पर कड़ी नजर रखने का परिणाम है। कंपनी टीमों के लिए स्टैक ओवरफ्लो के निरंतर विकास में निवेश कर रही है। हम आने वाले महीनों में एआई/एमएल केंद्रित ऑफर्स को लॉन्च करेंगे। सीईओ ने एक बयान में कहा, मैंने अपने कार्यबल को लगभग 10 प्रतिशत यानी 58 कर्मचारियों की छंटनी करने का बहुत कठिन निर्णय लिया है। हम छंटनी वाले कर्मचारियों को सेवरेंस पैकेज, हेल्थकेयर बेनिफिट्स और आउटप्लेसमेंट सर्विस दे रहे हैं। स्टैक ओवरफ्लो हर महीने 100 मिलियन लोगों को सेवा प्रदान करता है, जिससे यह दुनिया की सबसे लोकप्रिय वेबसाइटों में से एक है। इसका नॉलेज मैनेजमेंट और कोलैबोरेशन ऑफरिंग, स्टैक ओवरफ्लो फॉर टीम्स लोगों के काम करने के तरीके को बदल रही है। समीक्षा में वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में चंद्रशेखर कंपनी के कारोबार पर और अगले सप्ताह आगे का प्लान साझा करेंगे। प्लेटफॉर्म टीमों के लिए स्टैक ओवरफ्लो, स्टैक ओवरफ्लो एडवरटाइजिंग, स्टैक ओवरफ्लो पर कलेक्टिव और स्टैक ओवरफ्लो टैलेंट जैसे प्रोडक्ट्स की पेशकश करता है।

# मल्टीबैगर स्टॉक ने 3 साल में 31 गुना किया पैसा

**मुंबई।** फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर लिमिटेड के शेयर ने पिछले कुछ सालों में अपने निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है। इस मल्टीबैगर स्टॉक ने अपने निवेशकों को पिछले 3 साल में 3050% और 6 महीने में 112% का शानदार रिटर्न दिया है। मई 2020 में फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर के एक शेयर की कीमत महज 17.40 रुपए थी, जो अब बढ़कर 520 रुपए के भाव पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि तीन सालों में ही निवेशकों का पैसा करीब 31 गुना हो गया है। अगर आपने 3 साल पहले इस शेयर में 1 लाख रुपए निवेश किए होते तो आज आपकी रकम बढ़कर करीब 31 लाख रुपए हो जाती। वहीं पिछले 1 साल में इसके शेयर ने 530% से ज्यादा का रिटर्न दिया है। हालांकि, पिछले कुछ समय से फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर के शेयर में गिरावट देखने को मिल रही है। पिछले एक महीने में इसका शेयर 10% से ज्यादा टूट चुका है। हालांकि, लॉन्ग टर्म में इसने अपने निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है। शुक्रवार को फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर का शेयर 5% गिरकर 521.15 रुपए पर आ गया है। इसका मार्केट कैपिटलाइजेशन 680 करोड़ रुपए है। एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि इसके शेयर में आगे तेजी देखने को मिल सकती है। मार्च 2023 तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 53% बढ़कर 5.38 करोड़ रुपए हो गया है, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 3.51 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। मार्च तिमाही में सेल्स 16.63% बढ़कर 40.89 करोड़ रुपए हो गई, जो 2022 की मार्च तिमाही में 35.06 करोड़ रुपए थी। हालांकि, तिमाही आधार पर कंपनी का मुनाफा 48.47% घट गया है। वहीं बिक्री में भी 32.79% की गिरावट दर्ज की गई है। पूरे ऋ23 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 389.64% बढ़कर 23.16 करोड़ रुपए हो गया है। ऋ23 में कंपनी को 4.73 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर्स लिमिटेड लाइट एमिटिंग डायोड (छएऊ) लाइट्स और फिक्सचर्स बनाने और बेचने का काम करती है। कंपनी के सेगमेंट्स में ट्रेडिंग एक्टिविटी और मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी शामिल हैं। कंपनी रिटेल इंडस्ट्री, ऑफिस एंड होम लाइटिंग, हॉस्पिटैलिटी लाइटिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए लाइटिंग सर्विस भी प्रोवाइड करती है।

## विदेश

# नेपाली शेरपा ने 26वीं बार फतह किया एवरेस्ट



**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल के पासंग दावा शेरपा ने रविवार को 26वीं बार मांउट एवरेस्ट फतेह किया। इसके साथ ही उन्होंने एवरेस्ट पर चढ़ाई के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पासंग 1998 में पहली बार 8,849 मीटर ऊंचे एवरेस्ट पर चढ़े थे। इसके बाद से वे लगभग हर साल दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर को फतह कर रहे हैं। पर्वतारोही अभियान के आयोजक इमेजिन नेपाल ट्रैक्स के मुताबिक, पासंग हंगरी के एक पर्वतारोही के साथ रविवार सुबह शिखर पर पहुंचे। 46 साल के पासंग ने दूसरे नेपाली शेरपा कामी रीता के रिकॉर्ड की बराबरी की। कीमा राती पिछली साल 26वीं बार एवरेस्ट पर चढ़े थे। वे इस साल भी एवरेस्ट पर चढ़ने की कोशिश करेंगे। सफल होने पर उनके नाम नया रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। शेरपाओं को उनकी पर्वतों पर चढ़ने की स्किल्स के लिए जाना जाता है। वे विदेशी पर्वतारोहियों की एवरेस्ट पर चढ़ने में मदद करते हैं और इसी से उनकी कमाई होती है। हर पर्वतारोही के साथ एक शेरपा जरूर जाता है। इस साल पर्वतारोहियों का पहला समूह चोटी पर पहुंच चुका है।

# रूस के 4 मिलिट्री एयरक्राफ्ट्स पर अटैक

**एजेंसी। मॉस्को/कीव**

रूस के दो जेट्स और 2 हेलिकॉप्टर को यूक्रेन के बॉर्डर के पास मार गिराया गया है। इनमें र४-34 फाइटर बॉम्बर, र४-35 फाइटर जेट और 2 ट्ट-8 हेलिकॉप्टर शामिल हैं। ये अटैक यूक्रेनी बॉर्डर से सटे ब्रांस्क क्षेत्र में हुआ। चारों एयरक्राफ्ट्स को एक साथ निशाना बनाया गया। हालांकि, यूक्रेन ने इस अटैक की जिम्मेदारी नहीं ली है। चारों एयरक्राफ्ट्स एक रेडिंग पार्टी का हिस्सा थे और यूक्रेन के चेर्निहाइव क्षेत्र में मिसाइल और बॉम्ब अटैक के लिए जा रहे थे। कॉमरसैन्ट न्यूज साइट के मुताबिक, इस अटैक में 4 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। रूसी स्टेट मीडिया एजेंसी टास ने भी एक आपातकालीन सेवा के अधिकारी के हवाले से कहा- एक रूसी हेलिकॉप्टर के इंजन में आग लगने के कारण यह ब्रांस्क क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, इसमें अटैक या सुखोई फाइटर जेट का कोई जिक्र नहीं किया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के सीनियर एडवाइजर मिखाइलो पोडोलिक ने कहा- रूसी मिसाइल यूक्रेन पर अटैक के लिए आ रही थी। लेकिन तभी कुछ लोगों ने उसे मार गिराया। ये कर्मों का फल है। एक और अपराध होने से पहले हत्यारे एयरक्राफ्ट मार गिराए गए। रूस के एक टेलिग्राम चैनल पर एयरक्राफ्ट को मार गिराने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें आसमान में उड़ रहे एक एयरक्राफ्ट में पहले ब्लास्ट होता है और फिर आग लग जाती है। दूसरी तरफ, शनिवार को रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि यूक्रेनी एयरक्राफ्ट ने रूस के लुहांस्क में 2 इंडस्ट्रियल साइट्स को निशाना बनाया। यूक्रेन ने इस हमले में ब्रिटेन की लंबी दूरी वाली क्रूज मिसाइल का इस्तेमाल किया। अटैक में रूस के 2 लोग घायल हुए हैं। हालांकि, यूक्रेन ने इस हमले की पुष्टि नहीं की। कुछ दिन पहले भी यूक्रेन ने रूस की किंझल हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराने का दावा किया था। यूक्रेनी एयरफोर्स के मुताबिक, उन्होंने रूस की सबसे एडवांस हाइपरसोनिक मिसाइल 'किंजल' को अमेरिका के पैट्रियट डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया था।



## रवांडा में बाढ़ व भूस्खलन में 135 की मौत

**किगाली।** रवांडा में हाल में आई बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 135 लोगों की मौत हो गई और एक अन्य अब भी लापता है। सरकार ने यह जानकारी दी। आपातकालीन प्रबंधन के प्रभारी मंत्रालय ने शनिवार को अपने ताजा अपडेट में कहा, आपदा में करीब 110 लोग घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि 20 राष्ट्रीय सड़कें, 12 बिजली स्टेशन और आठ जल उपचार संयंत्र भी नष्ट हो गए। सरकार ने पहले कहा था कि 2 और 3 मई को रवांडा के पश्चिमी, उत्तरी और दक्षिणी प्रांतों में भारी बारिश से 131 लोग मारे गए, 94 अन्य घायल हो गए और लगभग 9 हजार विस्थापित हो गए। रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागमे ने शुक्रवार को रूबावु जिले में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई।

## केन्या में कब्र से 22 शव बरामद

**नैरोबी।** केन्या के तटीय शहर मालिंदी में एक संदिग्ध कब्र से 22 और शव बरामद किए गए हैं। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, तटीय क्षेत्रीय आयुक्त रोडा ओन्यान्चा ने शनिवार को कहा कि अप्रैल के अंत में शाखोला जंगल में सामूहिक कब्रों की खोज के बाद से अब तक 201 शवों को निकाला जा चुका है। ओन्याचा ने शाखोला स्थल पर पत्रकारों को बताया कि लापता लोगों की संख्या बढ़कर 610 हो गई है। उन्होंने कहा कि ममाले में एक संदिग्ध को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। इससे संदिग्धों की संख्या 26 हो गई। जांचकताओं ने कहा कि मृतकों में अधिकांश बच्चे हैं, जिन्हें स्वघोषित पादरी पॉल नथेंग ने यीशु से मिलने के लिए खुद को भूखा रखने के लिए कहा था। एक अदालत ने एनठेंगे और उसकी पत्नी को 30 दिनों के लिए पुलिस हिरासत में सौंप दिया है।

## जाम्बिया में सड़क हादसे में 24 की मौत, 12 घायल

**लुसाका।** दक्षिणी जाम्बिया में एक बस के ट्रक से टकरा जाने से उसमें सवार 24 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जाम्बिया पुलिस के उप जनसंपर्क अधिकारी डैनी मवाले ने शनिवार को कहा कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि 35 यात्रियों से भरी बस ट्रक के पीछे से टकराने के बाद सड़क के बाईं ओर खाई में गिरकर पलट गई। घायलों में बस चालक भी शामिल है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार मवाले ने कहा कि दुर्घटना में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रक का पिछला बम्पर क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार, जाम्बिया में 2023 की पहली तिमाही में कम से कम 7,639 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, इसमें 390 लोग मारे गए।

## शारजाह में 17वीं मंजिल से गिरकर नाबालिग भारतीय लड़की की मौत

**दुबई।** शारजाह के अल नाहदा इलाके में अपने आवासीय भवन की 17वीं मंजिल से गिरने के से केरल की रहने वाली 12 वर्षीय एक लड़की की मौत हो गई। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक घटना के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन लड़की को बचाने में नाकाम रही। घटना के कुछ समय पहले ही लड़की स्कूल से घर लौटी थी। उसकी मां उसी स्कूल में टीचर है और पिता भारत में हैं। शारजाह के अल कासिमिया अस्पताल द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि बच्चे की मौत सिर में चोट लगने से हुई। सामाजिक कार्यकर्ता अशरफ वदनप्पिल्ली ने खलीज टाइम्स को बताया कि बच्चे के शव को स्वदेश भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, हमें सभी आवश्यक दस्तावेज मिल गए और शव को शनिवार सुबह दफनाने के लिए भारत भेज दिया गया। पिछले साल, संयुक्त अरब अमीरात ने 10 दिसंबर को दुबई में अल बुस्टन केंद्र के पास परिवार के अपॉर्टमेंट की नौवीं मंजिल से खुलने वाली एक छोटी सी खिड़की से गिरकर पांच वर्षीय एक भारतीय लड़की की मौत हो गई थी।


**लोग परेशान**

## आईलैंड डूबने का खतरा, म्यांमार में भी तूफानी बारिश

# बांग्लादेश से टकराया मोका तूफान, एयरपोर्ट बंद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साइक्लोन मोका बांग्लादेश के तट पर पहुंच चुका है। इसके चलते म्यांमार के भी कई क्षेत्रों में तेज बारिश हो रही है। बीबीसी के मुताबिक, यहां 195 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। वहीं ये रफ्तार 250 किमी/घंटे तक पहुंच सकती है। बांग्लादेश के मौसम विभाग ने कहा- मोका पिछले 2 दशकों में देश में आया सबसे ताकतवर तूफान हो सकता है। इसकी वजह से देश का कोरल आइलैंड सेंट मार्टिन के डूबने का खतरा है। फिलहाल, एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं और मछुआरों से समुद्र में न जाने के लिए कहा गया है। मोका शनिवार रात मध्य और इससे सटे दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। इसका असर दुनिया के सबसे बड़े रिफ्यूजी कैंप पर भी पड़ सकता है। वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, साइक्लोन के चलते अगर बाढ़ या लैंडस्लाइड होता है तो ये बांग्लादेश-म्यांमार बॉर्डर पर स्थित रोहिंग्या रिफ्यूजी कैंप को तबाह कर सकता है। इस रिफ्यूजी कैंप में करीब 8 लाख 80 हजार रोहिंग्या रहते हैं। 5 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि चक्रवाती तूफान बीते 6 घंटों में 15 किमी प्रति घंटे की स्पीड से उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ा। 14 मई की शाम तक तूफान के बांग्लादेश के कॉक्स बाजार और म्यांमार के क्यौकप्यू को पार करने की आशंका है। इस दौरान हवा की स्पीड 150-160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 175 किमी प्रति घंटा हो सकती है। मोका तूफान के चलते मौसम खराब होने से कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर जाने वाली विस्तारा की फ्लाइट को यू-टर्न लेना पड़ा। इस फ्लाइट ने कोलकाता एयरपोर्ट से सुबह 9:05 बजे पोर्ट ब्लेयर के लिए उड़ान भरी। इसे 11:40 बजे पोर्ट ब्लेयर पर लैंड करना था, लेकिन मोका तूफान की वजह से यहां मौसम खराब हो गया।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# 928 वस्तुओं के आयात पर लगाया प्रतिबंध

## 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत चौथी स्वदेशीकरण सूची को मंजूरी



### इससे पहले 3 सूचियों में 1238 वस्तुओं का आयात किया जा चुका है बंद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत सैन्य महत्व के 928 सब-सिस्टम और पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध लगाते हुए चौथी स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को मंजूरी दे दी है। इन वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल पर उपलब्ध है, जिन्हें सूची में निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से ही खरीदा जा सकेगा। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) के आयात को न्यूनतम करने के लिए यह कदम उठाया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य महत्व के 928 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सब-सिस्टम्स, स्पेयर एंड कंपोनेंट्स की चौथी रचनात्मक स्वदेशीकरण सूची को मंजूरी दी है। इसमें हाई-ऐंड-मटीरियल्स और अतिरिक्त उत्पाद सहित 715 करोड़ मूल्य के आयात वाले सामान शामिल हैं। इन सभी वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल https:rijandefence.gov.in/ पर उपलब्ध है। सभी वस्तुओं को सूची में निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से खरीदा जा सकेगा।

इससे पहले तीन रचनात्मक स्वदेशीकरण सूचियां दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में जारी की जा चुकी हैं। इन सूचियों में 2500 आइटम हैं, जो पहले से ही स्वदेशी हैं। तीनों सूचियों में 1238 (351 107 780) आइटम हैं जो दी गई समय सीमा के भीतर स्वदेशी किए जाएंगे। अब तक देश में 1,238 में से 310 वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है। इसमें पहली सूची के 262, दूसरी सूची के 11 और तीसरी स्वदेशीकरण सूची के 37 आइटम शामिल हैं। अब चौथी सूची में 928 आइटम शामिल किये गए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में बताया कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम इस स्वदेशीकरण को विभिन्न साधनों के माध्यम से पूरा करेंगे। कुछ को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विकसित करेंगे और निजी भारतीय उद्योग बनाएंगे, इससे अर्थव्यवस्था में विकास, रक्षा-क्षेत्र में निवेश और रक्षा के सार्वजनिक उपक्रमों के आयात में कमी आएगी। इसके साथ ही घरेलू रक्षा उद्योग में अकादमिक और अनुसंधान संस्थानों के शामिल होने से रक्षा उपकरणों की डिजाइन क्षमता भी बढ़ेगी।

# कुर्मी आंदोलन बंगाल में पारंपरिक बेल्ट से आगे बढ़ने को तैयार

**एजेंसी। कोलकाता**

अनुसूचित जनजाति के दर्जे के लिए कुर्मी समुदाय का आंदोलन पश्चिम मिदनापुर, बांकुड़ा और पुरुलिया के तीन आदिवासी बहुल जिलों में फैले जंगलमहल क्षेत्र में अपने पारंपरिक गढ़ से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। सोमवार से, उत्तर बंगाल के मालदा जिले में बसे समुदाय के लोग जिले में एक अनूठा दीवार अभियान शुरू करेंगे, इसमें उनकी मांगें पूरी नहीं होने तक त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली के लिए आगामी चुनावों का बहिष्कार करने की धमकी दी गई है।



दीवार-अभियान की मुख्य टैगलाइन है - 'पहले अनुसूचित जनजाति, फिर वोट' जो दशार्ता है कि समुदाय के लोग तब तक चुनाव का बहिष्कार करेंगे, जब तक कि अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा नहीं किया जाता है।

मालदा जिले में यह अभियान ऐसे समय में सामने आया है, जब जंगलमहल क्षेत्र में कुमरी समुदाय के लोग चल रहे अभियान 'ऑल वॉल्स टू कुर्मी' को जारी रखते हुए यह सूचित कर रहे हैं कि आगामी ग्रामीण निकाय चुनावों के दौरान भित्तिचित्रों के लिए कुर्मियों के स्वामित्व वाली किसी भी संपत्ति की दीवारों को उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

मालदा जिले में 'पहले अनुसूचित जनजाति, फिर वोट' अभियान की नेता रेणुका महतो के मुताबिक जिले में यह आंदोलन की शुरूआत है और आने वाले दिनों में जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे और उग्र आंदोलन करेंगे, समुदाय के लोग शीघ्र ही रेल नाकाबंदी आंदोलन आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

कुर्मी समुदाय के लोगों की मुख्य शिकायत यह है कि स्वदेशी जनजातियों के लिए काम करने वाली राज्य सरकार की संस्था पश्चिम बंगाल कल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अभी तक कुर्मी को आदिम जनजातियों के प्रतिनिधि के रूप में मान्यता नहीं दी है। उनका यह भी आरोप है कि केंद्र सरकार को इस मामले में व्यापक रिपोर्ट भेजने में संस्थान या राज्य सरकार की अनिच्छा के कारण कुर्मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी के तहत मान्यता देने की प्रक्रिया बाधित हो रही है। 11 अप्रैल को, नबन्ना के राज्य सचिवालय में समुदाय के नेताओं और राज्य सरकार के बीच एक द्विदलीय बैठक हुई। हालांकि, बैठक का कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल सका। उस दिन ही कुर्मी नेताओं ने अपना आंदोलन आगे बढ़ाने की धमकी दी थी।

# तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 3 की मौत, 11 भर्ती

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के विलुप्पुरम में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से तीन लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना एक्कियारकूपम् के मछुआ बस्ती की है। लोगों के एक समूह ने शनिवार शाम एक कार्यक्रम के दौरान देसी शराब पी थी। पुलिस ने बताया कि जिन्होंने शराब पी थी देर रात तक उन्हें उल्टी होने लगी। जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (जेआईपीएमईआर) में रविवार तड़के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान शंकर (50), सुरेश (60) और दारानिवेल (50) के रूप में हुई है। अन्य 15 लोगों को



शनिवार रात और रविवार सुबह उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विलुप्पुरम् जिले के पुलिस अधीक्षक एन. श्रीनाथ ने आईएएनएस को बताय कि देसी शराब पीकर लोगों के उल्टी करने की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस एक्कियारकूपम के पास मरक्कनम इलाके में कुछ गांवों में छापेमारी कर रही है।

# एनसीबी ने 12,000 करोड़ की ड्रग्स जब्त की, संदिग्ध पाक नागरिक हिरासत में

**एजेंसी। नई दिल्ली/कोच्चि**

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को कहा है कि उसने भारतीय जल क्षेत्र से लगभग 2,500 किलोग्राम उच्च शुद्धता मेथम्फेटामाइन जब्त किया है, जिसकी कीमत 12,000 करोड़ रुपये है। साथ ही एनसीबी ने इस सिलसिले में एक संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक को हिरासत में लिया है। यह बरामदगी भारतीय नौसेना और एनसीबी अधिकारियों ने एक संयुक्त अभियान के दौरान की। एनसीबी के अनुसार, एक गुप्त सूचना मिलने के बाद भारतीय अधिकारी अलर्ट पर थे। इनपुट के आधार पर एक जहाज की पहचान



की गई और भारतीय नौसेना द्वारा उसे रोका गया। टीम ने 'ऑपरेशन समुद्रगुप्त' के तहत ड्रग्स का परिवहन करने वाले एक 'मदर शिप' को रोका। इसके बाद संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा। ऑपरेशन का उद्देश्य अफगानिस्तान से उत्पन्न होने वाली ड्रग्स की समुद्री तस्करी का मुकाबला करना है। दक्षिणी मार्ग से ड्रग्स की तस्करी के संबंध में पिछले 18 महीनों में एनसीबी द्वारा यह तीसरी महत्वपूर्ण जब्ती है। एनसीबी के अनुसार, हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री मार्ग पर हेरोइन और अन्य ड्र्ग्स की समुद्री तस्करी से राष्ट्रीय सुरक्षा को होने वाले खतरे के मद्देनजर, जनवरी 2022 में एनसीबी के डीजीपी (ओपीएस) संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ऑपरेशन समुद्रगुप्त लॉन्च किया था। एक अधिकारी ने कहा कि निरंतर खुफिया कलेक्शन और विश्लेषण के परिणामस्वरूप एक अत्यधिक संभावित मार्ग की पहचान की गई थी।


### शाह विधायी प्रारूपण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज राजधानी में विधायी प्रारूपण पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन संवैधानिक और संसदीय अध्ययन संस्थान (आईसीपीएस) की ओर से लोकतंत्र के लिए संसदीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों, वैधानिक निकायों और अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों के बीच विधायी प्रारूपण के सिद्धांतों और प्रथाओं की समझ पैदा करना है।

# 'मन की बात' के प्रदर्शनी देखने पहुंचे पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) में आयोजित एक दिलचस्प प्रदर्शनी 'जन शक्ति' को देखने पहुंचे, जहां 'मन की बात' में शामिल विषयों को भारत के शीर्ष कलाकारों की ओर से बनाई गई कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। 'मन की बात' में शामिल विषयों जैसे स्वच्छता, जल संरक्षण, कृषि, अंतरिक्ष, पूर्वोत्तर, नारी शक्ति, योग, आयुर्वेद आदि पर भारत के शीर्ष कलाकारों द्वारा बनाई कलाकृतियों को 'जन शक्ति' शीर्षक से आयोजित प्रदर्शनी में शामिल किया गया है। मनु और




माधवी पारेख, अतुल डोडिया, परेश मैती, इरन्ना जीआर, जगन्नाथ पंडा समेत देश के शीर्ष कलाकारों ने इसमें अपना योगदान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं उन सभी कलाकारों को बधाई देता हूं, जिन्होंने अपनी रचनात्मकता से प्रदर्शनी को समृद्ध किया है। प्रदर्शनी का आयोजन संस्कृति मंत्रालय ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 100वीं कड़ी के मौके पर किया है। इसमें 12 प्रमुख कलाकारों की ओर से निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी राजधानी स्थित राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में लगाई है। उल्लेखनीय है कि 'मन की बात' कार्यक्रम तीन अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया था और हर महीने के आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी (एआईआर) और दूरदर्शन (डीडी) नेटवर्क पर प्रसारित किया जाता है। 30 मिनट के कार्यक्रम की 100वीं कड़ी 30 अप्रैल को प्रसारित की गई थी।




## क्यों देशभक्ति वाली फिल्में हर जगह पसंद की जाती हैं : विद्युत जामवाल

**बॉलीवुड** के एक्शन स्टार और फिल्म निर्माता विद्युत जामवाल ने पूछा कि क्यों देशभक्ति फिल्में एक्शन, रोमांस और कॉमेडी जैसी शैलियों को कड़ी टक्कर देती हैं। जामवाल की फिल्म 'आईबी 71' हाल ही में सिनेमाघरों में पहुंची है। आर्मी बैकग्राउंड से आने वाले विद्युत ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, इसमें भावनाएं होती हैं। हर किसी की पसंद अलग होती है, लेकिन जब देश के लिए प्यार की बात आती है तो सभी के लिए यह समान होता है। उन्होंने कहाः मेरे अपने करीबी दोस्तों से बहस होती है कि क्या वे मुझसे अधिक देशभक्त हैं, या मैं उनसे अधिक देशभक्त हूं। यह तो एक भावना है जो सार्वभौमिक है। यही कारण है कि यह काम करता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता संकल्प रेड्डी द्वारा निर्देशित, 'आईबी 71' 1971 के गंगा हाईजैक की कहानी कहती है।



## 'नीरजा.. एक नई पहचान' में दिखेंगी आस्था शर्मा और राजवीर सिंह



**टीवी** शो 'नीरजा.. एक नई पहचान' में एक्टर आस्था शर्मा और राजवीर सिंह क्रमशः बड़ी हो चुकी नीरजा और अबीर की भूमिका निभाएंगे। यह फैमिली ड्रामा कोलकाता के बदनाम रेड-लाइट एरिया सोनागाछी में रहने वाली एक मां (स्नेहा वाघ द्वारा अभिनीत) और उनकी बेटी नीरजा के लिए उनके अटूट प्यार की कहानी है। शो में एक युवक अबीर की जीवन यात्रा भी है जो संभ्रांत पृष्ठभूमि से है। नीरजा की भूमिका में दिखने के लिए तैयार आस्था ने कहा, मैं एक युवा और मासूम बेटी नीरजा की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हूं, जिसे एक प्यार करने वाली और रक्षा करने वाली मां मिली है।

## कर्नाटक के नतीजों ने साबित किया, बोले ललन सिंह

# अब नहीं चलेगी धार्मिक गुंडागर्दी

**एजेंसी। पटना**

जनता दल-युनाइटेड (जद-यू) के अध्यक्ष ललन सिंह ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे, जिसमें कांग्रेस 224 सीटों में से 136 सीटें जीतकर विजयी हुई है, यह साबित करती है कि 'धार्मिक गुंडागर्दी' और नैरेटिव बनाने से चुनाव में कुछ नहीं होगा। उन्होंने कहा, कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम देश के कई मायने में निर्णायक है। यह उन लोगों को एक जोरदार और स्पष्ट संदेश दे रहा है, जो मुद्रास्फीति, मूल्यवृद्धि, बेरोजगारी जैसे वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए केवल नैरेटिव सेट करने, धार्मिक गुंडागर्दी करने और समाज



में विभाजन पैदा करने में विश्वास करते हैं।

सिंह ने शनिवार को दरभंगा में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा, देश के लोग उन लोगों पर भरोसा नहीं करेंगे जो वास्तविक मुद्दों को हल नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी को जनादेश देने के लिए हम कर्नाटक के लोगों को धन्यवाद देते हैं। कर्नाटक के लोगों ने जिस तरह से फैसला किया है, यह देश के बाकी हिस्सों के लिए एक अच्छा संदेश है। जद-यू नेता ने आगे कहा, मैं भी हिंदू हूं, लेकिन मैं राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धर्म का विज्ञापन करने में विश्वास नहीं करता हूं। धर्म में विश्वास करना कोई बुरी बात नहीं है, लेकिन राजनीतिक लाभ के लिए इसका इस्तेमाल करना सबसे बुरी बात है। इस तरह की चाल सिर्फ वही लोग चलते हैं, जिन्होंने देश की जनता के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा के नेता वोट लेने के लिए हर चुनाव में लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काते हैं।

दरभंगा में ललन सिंह ने 'आप का एमपी कैसा हो' कार्यक्रम को संबोधित किया।

### आंध्र प्रदेश में बस-ऑटो की टक्कर में 6 महिलाओं की मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में रविवार को एक निजी बस के ऑटोरिक्शॉ से टक्कर हो गई जिसमें छह महिलाओं की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 216 पर तल्लारेवु मंडल के सीतारामपुरम के पास हुआ। छह महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को काकीनाडा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वाली सभी यानम के नीलापल्ली की रहने वाली थी। ये सभी मछली के व्यापार में लगी एक ईकाई में कर्मचारी थी। पुलिस के मुताबिक वो काम खत्म कर घर लौट रही थी, तभी हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। एक अधिकारी ने कहा, वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि हादसा कैसे हुआ।

## जैद दरबार ने नवजात बेटे के साथ फोटो पोस्ट की



**जैद दरबार** ने अपने नवजात बेटे की तस्वीर साझा की, जिसका उन्होंने 10 मई को अभिनेत्री गौहर खान के साथ स्वागत किया। जैद ने इंस्टाग्राम पर नवजात शिशु की पहली तस्वीर साझा की। उन्होंने इसके साथ एक नोट भी लिखा जिसे उन्होंने खूबसूरत और मजबूत पत्नी को समर्पित किया। तस्वीर में बच्चा जैद की छोटी उंगली पकड़े नजर आ रहा है। मेरा सबसे बड़ा आशीर्वाद। मैं इसे संभव बनाने के लिए भगवान का बहुत आभारी हूं। मैं अपनी सुंदर और मजबूत पत्नी का बहुत ऋणी हूं, जिसने मुझे हमारी नन्ही परी का पिता होने का यह उपहार दिया। उन्होंने लिखा, उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने सभी माध्यमों से अपना प्यार और शुभकामनाएं भेजीं। हम की गई हर प्रार्थना की सराहना करते हैं। सभी को बहुत प्यार, कृपया हमें एक परिवार के रूप में आशीर्वाद देना जारी रखें। बच्चे के आगमन की घोषणा करते हुए, एक पोस्ट में उन्होंने लिखाः यह एक लड़का है। हमारी खुशियां कहती हैं, अस सलाम उ अलैकुम सुंदर दुनिया। यह 10 मई 2023 को हमें यह एहसास कराने के लिए आया कि वास्तव में खुशी का क्या मतलब है। हमारा बेटा सभी को उनके प्यार और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद देता है। आभारी और हंसते नए माता-पिता जैद और गौहर।